वर्ष-07 - अंक 307
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
गुरुवार ,13 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073
केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बीजेपी विधि प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर के संयोजक के के................ 3
बरेली में कौशल विकास मिशन से संवरता युवाओं का भविष्य............. 4
समेसी उपकेंद्र की अघोषित कटौती से 200 गांवों की ढाई ................ 12

## असली शिवसेना किसकी? सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- पार्टी में हुआ था विभाजन या नहीं

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि सबसे पहले यह तय करना जरूरी है कि शिवसेना में वास्तव में विभाजन हुआ था या नहीं। अदालत ने कहा कि विभाजन की शुरुआत विधायक दल से होकर पार्टी संगठन और प्राथमिक सदस्यों तक पहुंच सकती है। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि राजनीतिक दल में विभाजन की शुरुआत विधायक दल से हो सकती है, लेकिन उसका प्रभाव संगठन और प्राथमिक सदस्यता तक भी पहुंच सकता है। इस पर उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि केवल विधायक दल में बंटवारे को राजनीतिक दल का विभाजन नहीं माना जा सकता। उन्होंने इस संबंध में संविधान पीठ के फैसले का हवाला दिया। पीठ ने कहा कि शिंदे गुट को 11 राज्य प्रभारियों का समर्थन प्राप्त था और राज्य प्रभारी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का हिस्सा होते हैं। अदालत ने कहा कि किसी राजनीतिक दल की स्थिति का आकलन केवल



पदाधिकारियों के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि प्राथमिक सदस्यों को भी ध्यान में रखना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग द्वारा विवाद के निपटारे की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग ने यह तय करने में उचित प्रक्रिया नहीं अपनाई कि पार्टी के भीतर वास्तविक विवाद था या नहीं। उन्होंने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे और पार्टी प्रमुख की शक्तियों को लेकर आयोग के आकलन को भी चुनौती दी। सिब्बल ने आरोप लगाया कि आयोग ने संगठनात्मक ढांचे को पर्याप्त महत्व दिए बिना विधायक दल के बहुमत के आधार पर चुनाव चिह्न विवाद का फैसला किया। उन्होंने कहा कि आयोग को संविधान के संबंधित प्रावधान के तहत तभी अधिकार मिलता है, जब उसके समक्ष मामला आने के समय राजनीतिक दल में विभाजन मौजूद हो। उद्धव गुट ने यह भी तर्क दिया कि एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके साथ अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं का आना उनके गुट की पहले से मौजूद संगठनात्मक ताकत का प्रमाण नहीं माना जा सकता। सिब्बल ने कहा कि मुख्यमंत्री पद मिलने के बाद पार्टी के कई लोग स्वाभाविक रूप से पद पर बैठे व्यक्ति के साथ जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि चुनाव आयोग के पास प्रथम दृष्टया अधिकार था, लेकिन उसने उसका गलत इस्तेमाल किया या स्थापित सिद्धांतों के विपरीत प्रक्रिया अपनाई, तो यह अलग स्थिति होगी। वहीं, यदि आयोग के पास

**मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि राजनीतिक दल में विभाजन की शुरुआत विधायक दल से हो सकती है, लेकिन उसका प्रभाव संगठन और प्राथमिक सदस्यता तक भी पहुंच सकता है। इस पर उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवता कपिल सिबल ने कहा कि केवल विधायक दल में बंटवारे को राजनीतिक दल का विभाजन नहीं माना जा सकता। उन्होंने इस संबंध में संविधान पीठ के फैसले का हवाला दिया।**

अधिकार ही नहीं था, तो मामला अलग होगा। सुप्रीम कोर्ट उद्धव ठाकरे गुट की उन याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई कर रहा है, जिनमें चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें एकनाथ शिंदे गुट को मूल शिवसेना माना गया था और उसे 'धनुष-बाण' चुनाव चिह्न आवंटित किया गया था। अदालत की सुनवाई अब इस बात पर केंद्रित है कि पार्टी में वास्तविक विभाजन हुआ था या नहीं और चुनाव आयोग ने अपने अधिकार क्षेत्र का सही तरीके से इस्तेमाल किया था या नहीं।

## 60 परिवहन विमानों की खरीद के लिए 1 लाख करोड़ की निविदा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना के पुराने पड़ रहे परिवहन विमानों के बेड़े को आधुनिक बनाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने करीब एक लाख करोड़ रुपये की लागत से 60 बहुउद्देश्यीय परिवहन विमान खरीदने के लिए निविदा जारी की है। इस परियोजना में भारतीय कंपनियों को प्रमुख भूमिका दी गई है। इस दौड़ में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), टाटा और महिंद्रा प्रमुख भारतीय कंपनियां हैं, जिन्होंने अलग-अलग विदेशी विमान निर्माताओं के साथ साझेदारी की है। महिंद्रा डिफेंस ने ब्राजील की एम्ब्राएर के साथ साझेदारी की है। कंपनी इस परियोजना के तहत सी-390 परिवहन विमान की पेशकश करेगी। वहीं, टाटा ने अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के साथ साझेदारी की है और सी-130 विमान की पेशकश की जाएगी। सी-130 विमान पहले से ही भारतीय वायुसेना में विशेष अभियानों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। परियोजना के तहत करीब 20 प्रतिशत विमान सीधे तैयार स्थिति में भारतीय वायुसेना को उपलब्ध कराए जाने की योजना है। शेष विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा। इनमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के इस्तेमाल का लक्ष्य रखा गया है। विमानों का निर्माण भारतीय कंपनियों और मूल विमान निर्माता कंपनियों के बीच संयुक्त उपक्रम के माध्यम से किए जाने की योजना है। भारतीय वायुसेना के



बेड़े में फिलहाल 12 सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान शामिल हैं। इसके अलावा वायुसेना एयरबस के साथ सी-295 परिवहन विमान कार्यक्रम पर भी काम कर रही है। इसके तहत करीब 70 सी-295 विमानों को वायुसेना में शामिल किया जाना है, जिनमें अधिकांश का निर्माण भारत में किया जाएगा। 60 बहुउद्देश्यीय परिवहन विमानों की खरीद वायुसेना के व्यापक आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा है। वायुसेना ने 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए भी निविदा जारी की है। इसके अलावा पुराने हॉक प्रशिक्षण विमानों को बदलने और पायलट प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए 100 से अधिक प्रशिक्षण विमानों को शामिल करने पर भी विचार किया जा रहा है। बहुउद्देश्यीय परिवहन विमानों का इस्तेमाल केवल सैनिकों और सैन्य उपकरणों को तेजी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने तक सीमित नहीं रहेगा। इनका उपयोग हवाई ईंधन भरने वाले टैंकर के रूप में भी किया जा सकता है। इससे भारतीय वायुसेना की रणनीतिक परिवहन क्षमता और सैन्य अभियानों के दौरान तेजी से तैनाती की क्षमता मजबूत होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रक्षाबंधन पर 26 से 31 अगस्त तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने 26 से 31 अगस्त तक छह दिनों के लिए अतिरिक्त बसों के संचालन की तैयारी की है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने इस अवधि में निगम की शत-प्रतिशत बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रक्षाबंधन के दौरान यात्रियों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए सभी मार्गों पर बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ अतिरिक्त बसों का भी संचालन किया जाएगा। अतिरिक्त बस संचालन में चालक और परिचालकों की भूमिका को देखते हुए निगम कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है। निर्धारित अवधि में 1800 किलोमीटर या उससे अधिक बस संचालन करने वाले चालक-परिचालकों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इससे त्योहार के दौरान अधिक से अधिक बसों के संचालन में मदद मिलेगी। मंत्री ने बसों और बस स्टेशनों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### एनडीए सांसदों का विपक्ष के खिलाफ मार्च

**नई दिल्ली।** संसद के मौजूदा सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के बीच एनडीए सांसदों ने बुधवार को संसद परिसर में विपक्ष के खिलाफ पैदल मार्च किया। इस दौरान भाजपा सांसद अरुण गोविल ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया। मार्च के दौरान अरुण गोविल ने कहा कि सरकार संसद में विभिन्न मुद्दों पर बहस के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष अब चर्चा से पीछे हट रहा है। उन्होंने विपक्ष के रवैये को गैर-जिम्मेदाराना बताया। एनडीए सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकालकर विपक्ष के रवैये के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। सांसदों का कहना था कि संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए और विपक्ष को बहस में हिस्सा लेना चाहिए। अरुण गोविल ने कहा कि जब सरकार बहस के लिए तैयार है तो विपक्ष को भी चर्चा से भागने के बजाय सदन में अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए उचित नहीं बताया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच यह टकराव संसद के मौजूदा सत्र में विभिन्न मुद्दों पर जारी गतिरोध के बीच सामने आया है।

## दिल्ली मास्टर प्लान-2047 को एलजी की मंजूरी

### पुराने डीडीए आवासों के पुनर्विकास का रास्ता साफ

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली के आगामी विकास और शहरी नियोजन की दिशा तय करने वाले मास्टर प्लान-2047 को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंजूरी दे दी है। अब इसे अंतिम अनुमोदन के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। उपराज्यपाल की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली के बुनियादी ढांचे और आवास से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में पुराने डीडीए आवासों के पुनर्विकास की नीति को भी



मंजूरी दी गई। इससे पुरानी आवासीय कॉलोनियों में आधुनिक सुविधाओं, बेहतर सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास का रास्ता साफ होगा। इससे बड़ी संख्या में निवासियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। बैठक में नरेला में मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए भूमि उपयोग में बदलाव करने का निर्णय भी लिया गया। इससे क्षेत्र में मेट्रो संपर्क मजबूत होने और सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से दिल्ली के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन आसान होगा। मास्टर प्लान-2047 में दिल्ली को आधुनिक, टिकाऊ और सुविधायुक्त महानगर के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। योजना में हरित क्षेत्रों के विस्तार, प्रदूषण नियंत्रण, जल प्रबंधन और अपशिष्ट निस्तारण को विशेष महत्व दिया गया है। योजना के तहत आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के साथ सार्वजनिक परिवहन तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया जाएगा। मास्टर प्लान अगले दो दशकों में दिल्ली के व्यवस्थित विकास का खाका तैयार करेगा और बढ़ते शहरीकरण से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## आजम खां से जेल में मिले शिवपाल, बोले- 'बेहद तकलीफ में हैं, फर्श पर सुलाया जा रहा'

**रामपुर(एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने बुधवार को जिला जेल पहुंचकर सपा नेता आजम खां से मुलाकात की। करीब एक घंटे की मुलाकात के बाद शिवपाल यादव ने प्रदेश सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आजम खां इस समय जेल में बेहद तकलीफ में हैं और उन्हें फर्श पर सुलाया जा रहा है। जेल से निकलने के बाद शिवपाल यादव जौहर विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में आजम खां की स्थिति और उनके खिलाफ चल रही कार्रवाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष के चलते आजम खां को लगातार परेशान किया जा रहा है और उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजा गया। शिवपाल यादव ने मौजूदा मंडलायुक्त, तत्कालीन जिलाधिकारी समेत उन अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की, जिनके कार्यकाल में आजम खां के खिलाफ कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ऐसे अधिकारियों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## साईं बाबा पर 'आपत्तिजनक' वीडियो से हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** शिरडी साईं बाबा और श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट के खिलाफ कथित आपत्तिजनक वीडियो को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। अदालत ने केंद्र सरकार की शिकायत अपीलीय समिति को निर्देश दिया है कि वह वीडियो हटाने की मांग से संबंधित अपील पर सात दिनों के भीतर फैसला करे। अदालत ने केंद्र सरकार से 19 अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई तक अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 11 अगस्त को श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट, शिरडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। ट्रस्ट ने आरोप लगाया है कि कुछ वीडियो में साईं बाबा और ट्रस्ट के खिलाफ झूठे, मानहानिकारक, भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से उकसाने वाले दावे किए गए हैं। याचिका के अनुसार, ट्रस्ट ने कथित आपत्तिजनक वीडियो हटाने के लिए यूट्यूब से शिकायत की थी, लेकिन मंच ने वीडियो हटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद ट्रस्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत उपलब्ध शिकायत निवारण व्यवस्था और केंद्र सरकार की शिकायत अपीलीय समिति समेत संबंधित अधिकारियों का रुख किया। ट्रस्ट का दावा है कि शिकायतों के बावजूद वीडियो यूट्यूब पर उपलब्ध रहे। ट्रस्ट ने आरोप लगाया कि इन वीडियो से भक्तों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और उनके धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है।

## 'जल्द शुरू होगा जंतर-मंतर सीजन-2'

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि दिल्ली में प्रस्तावित स्वयंसेवकों की बैठक को रद्द कराने के लिए हॉल संचालकों पर दबाव बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि बैठक के लिए हॉल तय होने के बावजूद संचालकों को कथित तौर पर धमकियां दी गईं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। दीपके के अनुसार, दिल्ली में बुधवार को स्वयंसेवकों की बैठक प्रस्तावित थी। बैठक के लिए हॉल की तलाश के दौरान कई संचालकों ने जगह देने से इनकार कर दिया। उन्होंने दावा किया कि संचालकों ने इसके पीछे ऊपर से दबाव होने की बात कही। काफी प्रयास के बाद एक हॉल तय हुआ और उसकी रसीद भी उनके पास थी।

## कृष्ण जन्मभूमि विवाद में 'लीड केस' पर सुप्रीम टिप्पणी, मामला फिर हाईकोर्ट भेजे जाने के संकेत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े 20 से अधिक मुकदमों में से किसे मुख्य या प्रतिनिधि मामला माना जाए, इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम टिप्पणी की। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पीठ ने संकेत दिया कि 'लीड केस' तय करने के मामले को नए सिरे से विचार के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजा जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी। पीठ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अन्य मुकदमों से जुड़े वादियों को नोटिस दिए बिना एक हिंदू पक्ष को भगवान कृष्ण के सभी भक्तों का प्रतिनिधि मान लिया था। अदालत ने कहा कि संबंधित आवेदन का विषय कुछ और था और सभी वादियों को



सुनवाई का अवसर भी नहीं दिया गया। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर पुनर्विचार के संकेत दिए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 18 जुलाई 2025 को एक हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल आवेदन स्वीकार करते हुए उसके मुकदमे को अन्य मामलों से जुड़े पक्षों की ओर से प्रतिनिधि कार्रवाई के रूप में चलाने की अनुमति दी थी। साथ ही इसी मुकदमे की पहले सुनवाई कर फैसला करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट के इस आदेश को एक अन्य हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि अलग-अलग दीवानी मुकदमों को मथुरा की अदालत से हाईकोर्ट में स्थानांतरित किए जाने के बाद उसका मुकदमा प्रभावी रूप से मुख्य मामला बन गया था। इसके बावजूद हाईकोर्ट ने दूसरे वादी को प्रतिनिधि का दर्जा दे दिया। कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े 20 से अधिक दीवानी मुकदमे विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। हिंदू पक्ष का दावा है कि मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण मुगल शासक औरंगजेब ने भगवान कृष्ण के जन्मस्थान पर मौजूद मंदिर को गिराने के बाद कराया था। इन मुकदमों में विवादित परिसर के स्वामित्व, पूजा के अधिकार और अन्य कानूनी मुद्दों को लेकर दावे किए गए हैं।

## 15 अगस्त से भाजपा का 'एक रविवार-एक गांव' अभियान, हर सप्ताह गांवों में होगा सेवा कार्य

**लखनऊ(एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस से भारतीय जनता पार्टी के एनजीओ प्रकोष्ठ की ओर से प्रदेशभर में 'एक रविवार-एक गांव, एक घंटा-समाज के नाम' सामाजिक सेवा अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक रविवार एक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया जाएगा और एक घंटे का सामाजिक सेवा कार्य किया जाएगा। अभियान के प्रदेश संयोजक सुशील बहुगुणा ने बताया कि इसका उद्देश्य बड़े और खर्चीले आयोजन करना नहीं, बल्कि गांवों तक पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करना है। इसके माध्यम से स्थानीय जरूरतों को समझकर क्षमता के अनुसार छोटे लेकिन उपयोगी सामाजिक



कार्य किए जाएंगे। अभियान के सुचारु संचालन के लिए प्रदेश सह-संयोजक मधु जैन को 'एक रविवार-एक गांव' अभियान का संयोजक बनाया गया है। जिम्मेदारी मिलने पर मधु जैन ने प्रदेश संगठन और एनजीओ प्रकोष्ठ के नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह इसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान को अधिकाधिक गांवों तक पहुंचाने के लिए जिला संयोजकों, सह-संयोजकों, स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और ग्रामवासियों के साथ समन्वय किया जाएगा। अभियान के तहत पहले 10 मिनट संवाद एवं संकल्प, अगले 40 मिनट सामाजिक सेवा कार्य और अंतिम 10 मिनट समीक्षा तथा अगले रविवार की योजना के लिए निर्धारित होंगे। गांव की स्थानीय जरूरत के अनुसार स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जलस्रोतों की सफाई, बुजुर्गों से मुलाकात, दिव्यांगजनों की सहायता, नशामुक्ति जागरूकता और जरूरतमंद परिवारों की मदद जैसे कार्य किए जाएंगे।

## 125 साल पुराना 'बड़का मंदिर', एक अर्घे पर विराजमान चार शिवलिंग

**चतरा(एजेंसी)।** झारखंड की धरती पर कई प्राचीन मंदिर धार्मिक आस्था के साथ इतिहास और परंपरा की विरासत भी संजोए हुए हैं। चतरा शहर के रामनगर स्थित श्रीराम मंदिर को स्थानीय लोग प्रेम से 'बड़का मंदिर' कहते हैं। करीब 125 वर्ष पुराने इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां एक ही अर्घे पर स्थापित चार शिवलिंग हैं। भगवान श्रीराम के दरबार के साथ चतुर्मुखी शिवलिंग मंदिर को विशिष्ट पहचान देता है। चतरा-गया मुख्य मार्ग पर पुराने नगर भवन के समीप स्थित यह मंदिर अव्वल मोहल्ला और गुदरी बाजार के सीमांत क्षेत्र में है। स्थानीय मान्यता के अनुसार करीब सवा सौ वर्ष पहले साहूकार परिवार के डोमा साव ने मंदिर का निर्माण कराया था। मंदिर की प्राचीन स्थापत्य शैली और साज-सज्जा आज भी इसके गौरवशाली अतीत की झलक दिखाती है। मंदिर के मुख्य गर्भगृह में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और भगवान हनुमान का राम दरबार सजा है। इसी परिसर में भगवान शिव का अनोखा स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है। एक ही अर्घे पर चार मुख वाले शिवलिंग स्थापित हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह शिवलिंग भगवान शिव के आदि-अनादि स्वरूप का प्रतीक माना जाता है। स्थानीय व्यवसायी संतोष कुमार के अनुसार, मंदिर का निर्माण उनके पूर्वज डोमा साव ने कराया था। पीढ़ियों से यहां पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है और स्थानीय लोगों की मंदिर के प्रति गहरी आस्था है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हाथी दिवस पर भांभर रेंज में जागरूकता कार्यक्रम



**बलरामपुर** भांभर रेंज सेमरा में विश्व हाथी दिवस के अवसर पर बुधवार, 12 अगस्त 2026 को भांभर रेंज के रेंज कार्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेंजर श्री योगेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान वनकर्मियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विश्व हाथी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हाथियों के संरक्षण एवं उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के संबंध में जागरूक किया गया। रेंजर योगेश कुमार सिंह ने कहा कि हाथी वन पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनके संरक्षण के लिए वन विभाग के साथ-साथ ग्रामीणों की सहभागिता भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जंगल एवं उसके आसपास हाथियों की मौजूदगी की स्थिति में सावधानी बरतें तथा हाथियों को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचाएं। वन्यजीवों के संरक्षण के साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए आपसी सहयोग और जागरूकता को जरूरी बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद वनकर्मियों ने भी ग्रामीणों को हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर समस्त वनकर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### भैंसों से भरे दो डीसीएम पकड़े, 56 भैंसें बरामद



**ठूंस-ठूंसकर भैंसों को ले जा रहे थे डीसीएम, छह से अधिक संदिग्ध हिरासत में**

**लालगंज (रायबरेली):** उन्नाव हाईवे पर बाबा का पुरवा गांव के पास पुलिस ने बुधवार को भैंसों से लदे दो डीसीएम वाहनों को पकड़ा। दोनों वाहनों में ठूंस-ठूंसकर 56 भैंसें लदी मिलीं। पुलिस ने मौके से छह से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, दोनों डीसीएम फतेहपुर की ओर से आ रहे थे और उन्नाव की तरफ जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने बाबा का पुरवा के पास वाहनों को रोककर तलाशी ली, तो बड़ी संख्या में भैंसें लदी मिलीं।पुलिस ने सेमरपहा गांव के पास ओवरब्रिज के नीचे वाहनों से भैंसों को बाहर निकलवाया। इस दौरान कई भैंसों की हालत खराब पाई गई। दोनों डीसीएम को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े ग्राम प्रधान की बाइक चोरी, हरैया पुलिस ने शुरू की छानबीन

**ग्राम प्रधान राम निहाल ने बाइक चोरी करने वाले आरोपी के नाम से हरैया थाने में दिया है तहरीर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं कर पा रहा था ना अध्यक्ष आए दिन क्षेत्र में हो रही है चोरियां ताजा मामला थाना क्षेत्रके ग्राम परिवारपुर उर्फ अतरौड़ा में खेत के पास से दिनदहाड़े ग्राम प्रधान की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्राम प्रधान रामनिहाल ने हरैया थाने में तहरीर देकर बाइक बरामद करने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान के मुताबिक, 09 अगस्त 2026 को वह मोटरसाइकिल संख्या UP51BB7757 से खेत पर धान की सिंचाई करने गए थे। उन्होंने बाइक सड़क किनारे खड़ी की और खेत में सिंचाई करने चले गए। कुछ समय बाद वापस लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। ग्राम प्रधान ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास छानबीन की।

ग्राम प्रधान ने अपनी तहरीर में बाइक चोरी करने के एक संदिग्ध व्यक्ति का नाम भी पुलिस को बताया है। उनके अनुसार, संदिग्ध कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गढ़हा ओझा गांव का निवासी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच करते हुए संदिग्ध की तलाश और बाइक की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। पीड़ित ग्राम प्रधान ने पुलिस से मोटरसाइकिल बरामद करने तथा मामले में नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। उक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष हरैया संजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच पड़ताल की जा रही है।

## हरैया तहसील के जिम्मेदारों पर गृह मंत्रालय के आदेश की अनदेखी का आरोप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया तहसील में तहसील कर्मियों की कार्यविधि से सभी भलीभांति परिचित हैं। हरैया तहसील सहित लगभग सभी तहसीलों की कमोवेश यही स्थिति है जहाँ प्राइवेट मुंशियों का आतंक समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यक्रम में भी तहसील कर्मियों की लापरवाही खूब चर्चा का विषय बनी रही, मामला चाहे जनगणना कर्मियों के ड्युटी आवंटन से जुड़ा हो या फिर उनके मानदेय भुगतान का हर जगह छीछालेदर मचा हुआ है प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनगणना 2027 का प्रथम चरण जून 2026 की जानलेवा गर्मी में आयोजित हुआ जिसमें जनपद के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक सहित तमाम कर्मचारी लगे थे। जनगणना के प्रथम चरण में लगे कर्मचारियों के देयकों का भुगतान अभी तक तहसील प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है जबकि भारत सरकार के गृहमंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा पत्र जारी कर जनगणना कर्मियों के देयकों के भुगतान की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गयी थी। जब गृह मंत्रालय का पत्र जनगणना कर्मियों को अंतिम तिथि बीतने के बाद भी देयकों का भुगतान नहीं करा पाया तो आम जनता हरैया तहसील प्रशासन से कैसे अपने काम की उम्मीद करे, जाँच व कार्यवाही का विषय बना हुआ है।

**भुगतान की अंतिम तिथि बीती, नींद में तहसील प्रशासन 31 जुलाई तक ही जनगणना कर्मियों को मिल जाना था मानदेय मात्र कुछ कर्मियों को ही अभी तक मिल पाया है भुगतान**

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में युवा दिवस पर कार्यक्रम

**महराजगंज रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यालय में विभिन्न जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में युवा शक्ति, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र - छात्राओं के द्वारा एक्ट के माध्यम से स्वयं से संकल्प लेकर अपने उद्देश्य को पूरा करने तथा समाज और देश में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करने के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए युवा शक्ति के महत्व और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझा। कार्यक्रम के अंत में आस्था, संध्या, दीपांशी, माही, आनंद, सूर्यकांत, कृति, सक्षम आदि छात्र- छात्राओं ने एक्ट के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में सकारात्मक कार्य करने, सामाजिक सद्भाव एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होते हैं।

## थाना कप्तानगंज की पुलिस द्वारा अवैध गाजा की तस्करी करने वाले 1 अभियुक्त को किया गिरफ़्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में इस समय गाजा व्यवसाययों पर शिकंजा कसने के लिए शुरू किया थाना कप्तानगंज की पुलिस द्वारा अवैध गाजा की तस्करी करने वाले 1 अभियुक्त को 850 ग्राम गांजा व 4520 रुपया नकद के साथ किया गया गिरफ्तार- थानाध्यक्षआलोक कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व कप्तानगंज पुलिस द्वारा दिनांक 10.08.2026 समय 23.55 बजे आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय नकटीदेई बुजुर्ग के पास से अवैध रुप से गांजा बेच रहे अभियुक्त बलवन्त पाण्डेय पुत्र ओम प्रकाश पाण्डेय निवासी कटरूआ दलथम्मन सिंह थाना नगर बाजार जनपद बस्ती उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 850 ग्राम गांजा व रुपया 4520/- बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना कप्तानगंज पर मु0अ0सं0 215/2026 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नामबलवन्त पाण्डेय पुत्र ओम प्रकाश पाण्डेय निवासी कटरूआ दलथम्मन सिंह थाना नगर बाजार जनपद बस्ती उम्र करीब 22 वर्ष

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 198/2024 धारा 115(2), 351(3), 352 BNS थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।
2. मु0अ0सं0 68/2026 धारा 8/20 NDPS ACT थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।
3. मु0अ0सं0 215/2026 धारा 8/20 NDPS ACT थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती। गिरफ्तार करने वाली टीमथानाध्यक्ष श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती। -उ0 नि0 मु0 इस्लाम खान थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती। हे0 का0 प्रदीप कुमार सिंह थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती हे0 का0 गणेश सिंह थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती। का0 श्यामजीत यादव थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।

## मैनाहवा गौशाला में बदहाली का आलम, चारे-दाने के अभाव में गोवंश परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तुलसीपुर।** विकासखंड तुलसीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैनाहवा स्थित गौशाला में व्यवस्थाओं की कमी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। गौशाला में संरक्षित गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरे चारे की व्यवस्था नहीं होने तथा दाने का समुचित इंतजाम न होने की बात सामने आई है। ऐसे में गौशाला में रखे गए गोवंशों के भरण-पोषण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला में गोवंशों को संरक्षण देने के साथ-साथ उनके लिए नियमित रूप से हरा चारा, भूसा, दाना और स्वच्छ पानी की व्यवस्था किया जाना जरूरी है। लेकिन मैनाहवा गौशाला में वर्तमान समय में चारे-दाने की व्यवस्था संतोषजनक नहीं दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो गोवंशों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**गोवंशों के भरण-पोषण पर उठे सवाल**

गौशाला में गोवंशों की देखरेख और उनके खान-पान की व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं ग्राम पंचायत की होती है। इसके लिए शासन स्तर से भी विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते हैं। इसके बावजूद यदि गौशाला में हरा चारा और दाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है तो यह जिम्मेदार अधिकारियों के लिए गंभीर विषय है। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला में मौजूद गोवंशों की संख्या के अनुपात में चारे की व्यवस्था होनी चाहिए। केवल कागजों में व्यवस्थाएं पूरी होने के बजाय मौके पर भी गोवंशों को पर्याप्त भोजन मिलना चाहिए। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से गौशाला का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति देखने तथा आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

**सचिव बोले- अभी आए हैं, जल्द दुरुस्त होगी व्यवस्था**

मामले को लेकर जब गांव के सचिव से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि वह अभी-अभी गांव में आए हैं और उन्होंने कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा कि गौशाला की व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा तथा गोवंशों के लिए हरे चारे, दाने समेत आवश्यक सभी व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित की जाएंगी।

**व्यवस्थाएं दुरुस्त होने का ग्रामीणों को इंतजार**

सचिव के आश्वासन के बाद अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर है कि गौशाला में चारे-दाने की व्यवस्था कितनी जल्द सुचारु होती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी गौशाला का निरीक्षण कर वहां गोवंशों के लिए उपलब्ध चारा, दाना, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की जांच करें और कमी मिलने पर तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। गौशाला में गोवंशों के संरक्षण का उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है, जब वहां रहने वाले पशुओं को पर्याप्त भोजन, पानी और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। ऐसे में मैनाहवा गौशाला की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार होना जरूरी है।

**न हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था, न दाने का इंतजाम– ग्रामीणों ने उठाए गौशाला की व्यवस्थाओं पर सवाल**

## जर्जर नहर पटरी की सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली।** मऊ बड़ी नहर से निकली डीह रजबहा नहर की पटरी पर बनी पक्की सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। मुरैनी से पूरे रानी का पुरवा तक सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन राहगीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए गड्ढों से भरी सड़क किसी खतरे से कम नहीं है।

बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

सड़क की बदहाली को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि मुरैनी से पूरे रानी का पुरवा तक नहर पटरी की जर्जर सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मामले में उप जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें मामले की जानकारी हुई है। संबंधित विभाग को भेज कर मामले का निस्तारण कराया जाएगा।

### आज घोसिया में निकलेगी हर घर तिरंगा रैली

**औराई।** स्वतंत्रता दिवस एवं 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी की ओर से औराई के घोसिया स्थित राजेंद्र बरनवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर में 14 और 15 अगस्त को एकीकृत संचार आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के पूर्व प्रचार के तहत आज सुबह 9:30 बजे हर घर तिरंगा रैली निकाली जाएगी। उप जिलाधिकारी औराई शिवेंद्र कुमार वर्मा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करेंगे। रैली के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता दिवस और तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार




**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त बृजेश कुमार सरोज पुत्र स्व राम अवध निवासी ग्राम रामपुर मठा थाना बंधुआ कला जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सके। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल करीब 02 वर्ष पहले अलीगंज बाजार जनपद सुलतानपुर से चोरी की थी। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## तिरंगा यात्रा निकालकर दिया देश भक्ति का संदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मे बुधवार को विकासखंड बनकटी में ब्लॉक मुख्यालय से प्रारंभ होकर बीआरसी स्थित शहीद स्तंभ, तक भव्य तिरंगा यात्रा रामायण रघुनाथ सिंह के संयोजन में निकाली गई। शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामायण रघुनाथ सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान तथा क्रांतिकारियों और स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के सर्वोच्च त्याग की अमिट पहचान है। राष्ट्रध्वज के सम्मान के साथ वंदे मातरम, राष्ट्रगान और देश की विरासत के प्रति सम्मान का भाव हर भारतीय के मन में होना चाहिए।

पूर्व विधायक महादेवा रवि सोनकर, मंडल अध्यक्ष अंकित पाण्डेय 'पवन' ने कहा कि हर भारतीय को अपने घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की स्वतंत्रता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान इसी भाव को मजबूत कर रहा है। लोगों से इस वर्ष भी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आवाहन किया गया। भव्य तिरंगा यात्रा में5 राकेश शर्मा, अश्वनी उपाध्याय जी, चंद्रशेखर 'मुन्ना' जी, मुरली धर शुक्ल ,शंशाक त्रिपाठी अन्नू, वेदप्रकाश तिवारी, जगदंबा शुक्ल, अनिल मौर्य, जनार्दन शुक्ल, मनोज कुमार अतुल पाल के साथ ही जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ ही नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया।

## गुरु रविदास के आदर्शों को अपनाकर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करें- हरीश द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले मे संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प रथ यात्रा निरन्तर जारी है। बुधवार को साऊंघाट विकास खण्ड के ग्राम पंचायत दौलतपुर के मुड़बरा चिंता में संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं भाजपा के असम प्रभारी हरीश द्विवेदी ने कलश अपने माथे पर रखकर यात्रा किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह अभियान संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर से शुरू किया गया जो समूचे देश और उत्तर प्रदेश में निरन्तर चल रहा है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से गुरु रविदास के आदर्शों को अपनाने और विकसित भारत की परिकल्पना में योगदान देने का आग्रह किया। पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि संत रविदास (रैदास) भक्ति काल के महान संत और समाज सुधारक थे। उनके विचार मानवता, समानता, भाईचारे और कर्म की महानता पर आधारित हैं। उन्होंने समाज से ऊंच-नीच और भेदभाव मिटाने का संदेश दिया। रविदास जी का मानना था कि सभी मनुष्य एक समान हैं। जन्म से कोई ऊंचा या नीचा नहीं होता। इंसान अपने गुणों और कर्मों से महान बनता है। उनका प्रसिद्ध संदेश है 'मन चंगा तो कठौती में गंगा। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज सबके हैं और उनके संदेश से जीवन बदलता है।

संकल्प रथ यात्रा के जिला अभियान संयोजक भाजपा जिला महामंत्री एवं ब्लॉक प्रमुख साऊघाट अभिषेक कुमार ने बताया कि जनपद में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प रथ यात्रा गांव- गांव पहुंच रही है और लोगों को महान संत रविदास के विचारों से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक विनय यादव ने कहा कि लोगों में संकल्प रथ यात्रा को लेकर विशेष उत्साह है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मेंद्र चौहान, विद्यामणि सिंह, प्रमोद पाण्डेय, राकेश श्रीवास्तव राजेश पाल चौधरी विजय पाण्डेय, राजू, हरीश सिंह, दिलीप पाण्डेय, राजन कुमार, अनिल चौधरी, गौरी शंकर, तीजराम यादव, धनंजय सिंह, अमित यादव, शिवपूजन राजभर, विजय राजभर, वागीश सिंह, प्रदीप पल्लव, जगन्नाथ यादव बूथ अध्यक्ष के साथ ही अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

## 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**डीपीआरसी गौरीगंज में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन 14 अगस्त 2026 को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी), गौरीगंज में किया जाएगा। इस अवसर पर विभाजन की त्रासदी से जुड़ी स्मृतियों को संजोने तथा युवा पीढ़ी को इसके ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने विकास भवन में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का उद्देश्य देश के विभाजन के दौरान प्रभावित हुए लोगों के साहस, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा नई पीढ़ी को उस ऐतिहासिक त्रासदी के प्रति जागरूक करना है। बैठक में सीडीओ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को विभाजन विभीषिका से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विषय से संबंधित फिल्मों एवं डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन कराकर विद्यार्थियों को उस दौर की परिस्थितियों से अवगत कराया जाए। उन्होंने बताया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज में विभाजन पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त विषय से संबंधित विभिन्न जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जर्जर नहर पटरी की सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत, हादसों का बढ़ा खतरा


**महराजगंज/रायबरेली।** मऊ बड़ी नहर से निकली डीह रजबहा नहर की पटरी पर बनी पक्की सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। मुरैनी से पूरे रानी का पुरवा तक सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन राहगीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए गड्ढों से भरी सड़क किसी खतरे से कम नहीं है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क की बदहाली को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि मुरैनी से पूरे रानी का पुरवा तक नहर पटरी की जर्जर सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। मामले में उप जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें मामले की जानकारी हुई है। संबंधित विभाग को भेज कर मामले का निस्तारण कराया जाएगा।


## शिशु वाटिका में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** स्व. पन्नालाल सरावगी स्मृति में क्षेत्र के लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार, 12 अगस्त 2026 को सिसु वाटिका, चन्दनपुर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जरूरतमंद मरीजों की आंखों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाएगी तथा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंजीकरण एवं नेत्र जांच की जाएगी। जांच के दौरान मरीजों की आंखों की स्थिति का परीक्षण कर मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान की जाएगी। जिन मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की आवश्यकता होगी, उन्हें चिकित्सकीय परीक्षण के बाद ऑपरेशन के लिए चयनित किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन निर्धारित प्रक्रिया के तहत निःशुल्क कराया जाएगा। जरूरतमंद मरीजों को इस सुविधा का लाभ दिलाने के लिए शिविर स्थल पर आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। मरीजों से अपील की गई है कि वे अपनी जांच कराने के लिए निर्धारित समय पर शिविर स्थल पर पहुंचें और यदि संभव हो तो पहचान संबंधी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए आंखों का इलाज एवं मोतियाबिंद का ऑपरेशन कई बार खर्चीला साबित होता है। ऐसे में इस प्रकार के निःशुल्क चिकित्सा शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। शिविर के माध्यम से समय पर जांच होने से आंखों की समस्या का पता लगाने और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।

आयोजक प्रबंधक रमेश कुमार तिवारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि जिन लोगों को आंखों से संबंधित परेशानी है अथवा जिन्हें मोतियाबिंद की शिकायत है, वे शिविर में पहुंचकर अपनी आंखों की जांच अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास के बुजुर्गों, जरूरतमंदों और आंखों की समस्या से पीड़ित लोगों को भी शिविर की जानकारी दें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस निःशुल्क चिकित्सा सुविधा से वंचित न रह जाए।

**ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को मिलेगा नि:शुल्क उपचार का लाभ, 12 अगस्त को हुई पंजीकरण एवं नेत्र परीक्षण**

# बीजेपी विधि प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर के संयोजक के के मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का संदेश देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के विधि प्रकोष्ठ द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा स्वास्थ्य भवन चौराहे से दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा को भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं महामंत्री सत्येंद्र सिंह ने रवाना किया। यात्रा प्रारंभ होने से पहले अधिवक्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए अधिवक्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन विधि प्रकोष्ठ



लखनऊ महानगर के संयोजक के.के. मिश्रा एडवोकेट के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधि प्रकोष्ठ के सह-संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह एवं सुरेश पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके साथ अभय प्रताप सिंह, सत्येंद्र मिश्रा, मुकेश द्विवेदी, अनिल मिश्रा, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता बंधुओं ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। यात्रा के दौरान अधिवक्ताओं के हाथों में लहराता तिरंगा आकर्षण का केंद्र रहा। देशभक्ति के नारों के साथ निकली तिरंगा यात्रा ने लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। मार्ग में लोगों ने भी यात्रा का स्वागत किया और तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्र का प्रतीक नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग में राष्ट्र के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया। आयोजकों ने कहा कि अधिवक्ता समाज हमेशा राष्ट्रहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। तिरंगा यात्रा में अधिवक्ताओं की बड़ी संख्या में भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति समर्पण की भावना समाज के प्रत्येक वर्ग में मजबूती से मौजूद है। तिरंगा यात्रा में अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पूरे आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सभी अधिवक्ता बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## कल्लापुर से निकली पांचवीं कांवड़ यात्रा, बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

### सैकड़ों शिवभक्त छोटी काशी गोला के लिए रवाना, जगह-जगह हुआ जलपान और स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हरगांव-सीतापुर।** श्रावण माह के अवसर पर हरगांव क्षेत्र के ग्राम कल्लापुर से बुधवार को पांचवीं विशाल कांवड़ यात्रा धूमधाम के साथ छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुई। यात्रा में सैकड़ों शिवभक्त शामिल हुए। कांवड़ियों का जत्था सोमवार को छोटी काशी पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेगा। यात्रा शुरू होते ही पूरा क्षेत्र भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। कांवड़िये हाथों में कांवड़ लेकर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। डीजे पर बज रहे शिव भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए यात्रा में शामिल रहे। यात्रा में सजाई गई भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी को देखने के लिए रास्ते में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई। प्रधान प्रतिनिधि राम प्रकाश यादव ने गदनापुर चौराहे पर शिवभक्तों के लिए जलपान कराया। वहीं एजाज खान ने परसेरमाल चौराहे पर कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था की। ग्रामीणों ने भी श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाते हुए उनका स्वागत किया। कांवड़ यात्रा को लेकर गांव से ही पुलिस सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रही। पुलिसकर्मियों ने यात्रा के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। यात्रा में कृष्णा राम शर्मा, यज्ञेश शर्मा, कृष्ण विजय शर्मा, शिव प्रसाद सिंह, सोनू, शैलेंद्र शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, शोभित शर्मा, मुकेश शर्मा, घनश्याम शर्मा सहित सैकड़ों शिवभक्त शामिल रहे।

# अस्पताल में गुंडगर्दी! सीएचसी के लेबर रूम में जबरन घुसे नशेड़ी

### मना करने पर महिला स्टाफ नर्स और स्वीपर को घसीट-घसीटकर पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद का महिला अस्पताल सोमवार शाम जंग का मैदान बन गया। जहाँ एक तरफ प्रसूति कक्ष में महिला स्वास्थ्यकर्मी मरीजों के इलाज में जुटी थीं, वहीं दूसरी तरफ नशे में धुत मनबढ़ युवकों ने सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए भारी उत्पात मचाया। मना करने पर आरोपियों ने महिला स्टाफ नर्स और स्वीपर को जबरन गलियारे में घसीटकर बेदर्दी से पीट दिया। घटना से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मरीजों में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, लेबर रूम में जहाँ पुरुषों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित है, वहाँ धर्मपुर-मझगंवा निवासी राजकुमार और रामू नशे की हालत में जबरन अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। जब ऑन-ड्यूटी स्वीपर खुशबू ने उन्हें रोकते हुए बाहर




जाने को कहा, तो दबंग आग बबूला हो गए। आरोपियों ने खुशबू को घसीटकर लेबर रूम से बाहर निकाला और गलियारे में पटककर मारना-पीटना शुरू कर दिया।

**बचाने आई नर्स पर भी टूट पड़े दबंग**

चीख-पुकार सुनकर जब लेबर रूम में तैनात महिला स्टाफ नर्स प्रीति सिंह सहकर्मी को बचाने दौड़ीं, तो बेखौफ दबंगों ने उन पर भी हमला कर दिया। दोनों महिला कर्मियों के साथ जमकर बदसलूकी और मारपीट की गई। चीख-पुकार सुनकर जब तक अन्य लोग और मरीज के तीमारदार एकत्र हुए, तब तक आरोपी अस्पताल परिसर में हंगामा करते रहे। पीड़ित स्टाफ नर्स प्रीति सिंह ने दर्द बयां करते हुए कहा, 'हम अंदर डिलीवरी करा रहे थे। मना करने पर भी वे अंदर घुस रहे थे और जब रोका तो मारपीट करने लगे। अगर अस्पताल में ही हम सुरक्षित नहीं रहेंगे और नशेड़ी आकर इस तरह बदसलूकी करेंगे, तो महिला कर्मचारी काम कैसे करेंगी? ' घटना के तुरंत बाद पीड़ित महिला कर्मचारियों ने कोतवाली महमूदाबाद पुलिस को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर, घटना के बाद से ही सीएचसी कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों का कहना है कि अगर सुरक्षा के कड़े इंतजाम नहीं किए गए और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे उग्र कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# दम्पति पर लाठियां बरसाने का वीडियो वायरल, सड़क पर उतरे मायके वाले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** थाना सदरपुर क्षेत्र के सेमरी गांव में पारिवारिक विवाद के बाद दम्पति के साथ हुई लाठी-डंडों से मारपीट का मामला अब तूल पकड़ चुका है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया, जिसके बाद मायके पक्ष के लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्य सड़क पर चक्का जाम कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेमरी गांव निवासी राकेश गुप्ता और उनकी पत्नी निशा का परिजनों के साथ पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह के कारण दम्पति को घर से बाहर निकाल दिया गया था और वे कई दिनों से अपने मासूम बच्चे के साथ बेघर होकर रह रहे थे। मंगलवार को जब राकेश अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर वापस घर पहुंचे, तो पारिवारिक कहासुनी ने



अचानक उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि बहस बढ़ने पर राकेश के पिता, मां, भाई और भाभी ने मिलकर दम्पति पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दम्पति सड़क पर गिर पड़े और बेसुध हो गए। इस पूरी खौफनाक वारदात को मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने अपने कैमरे में कैद कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद बुधवार दोपहर निशा के मायके पक्ष के दर्जनों लोग सेमरी गांव पहुंच गए। गुस्साए परिजनों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सड़क जाम होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाया। निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई के आश्वासन के बाद ही परिजनों ने जाम खोला। सदरपुर थाना पुलिस के अनुसार, पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों को कब्जे में लेकर आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। वहीं मामला गरमाने के बाद स्थानीय राजनीति भी सक्रिय हो गई है। ग्राम पंचायत महासभा संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ अभय सिंह ने घटना की पूरी जानकारी को सीओ महमूदाबाद और उपजिलाधिकारी को अवगत कराते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की है साथ ही महमूदाबाद की भाजपा विधायक ने घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए इसे बेहद गंभीर बताया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ बिना किसी दबाव के सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।

## विधायक निर्मल वर्मा के नेतृत्व में नरसिंह धाम मंदिर से निकाली गई तिरंगा नाम यात्रा

**बिसवां, सीतापुर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिसवां विधायक निर्मल वर्मा के नेतृत्व मे नरसिंह धाम मंदिर



से तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए पुनः नरसिंह धाम मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। पूरे मार्ग में देशभक्ति का माहौल बना रहा।

## विश्व हाथी दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, अधिकारियों ने दिया बच्चों को पुरस्कार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद, सीतापुर।** विश्व हाथी दिवस के अवसर पर महमूदाबाद ग्रामीण क्षेत्र स्थित श्री गुरुदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भेथरा माधव में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए हाथियों के संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 के छात्र आदित्य कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 की छात्रा शिवानी द्वितीय तथा कक्षा 9 की छात्रा मोनी शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को हाथियों समेत अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन्यजीव और पर्यावरण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और इनके संरक्षण के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है।

इस अवसर पर वन विभाग क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी नावेद सिद्दीकी, क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष कुमार वर्मा, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अरविंद कुमार यादव, वन दरोगा नरेंद्र पाल, नीरज कुमार, पंकज सिंह सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनने, पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने तथा हाथियों के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया।

## महमूदाबाद: सीता इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए विशेष कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** जिला सेवा योजना कार्यालय सीतापुर के तत्वावधान में बुधवार को सीता इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विशेष कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सेवा योजना अधिकारी, कैरियर काउंसलर उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर उपयोगी जानकारी साझा की। सीता इंटर कालेज के शास्त्री सभागार में बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला सेवा योजना अधिकारी गिरिजेश कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि सफल और सुनियोजित जीवन के लिए समय प्रबंधन, सकारात्मक संवाद, आपसी सहयोग और अच्छे संस्कार बहुत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कैरियर काउंसलर झंकार नाथ और राकेश मिश्र ने विद्यार्थियों को विभिन्न सेवा क्षेत्रों में कैरियर बनाने के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि सरकारी नौकरी, बैंकिंग, शिक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं और स्वरोजगार के लिए किस प्रकार की तैयारी आवश्यक है। साथ ही किसी प्रतियोगी परीक्षा की सफल तैयारी के लिए कार्य योजना बनाकर पढ़ाई करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम, समय सारणी और संसाधनों के सही उपयोग की जानकारी भी दी गई। संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने अतिथियों का स्वागत करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने भविष्य में भी छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए जिला सेवा योजना टीम को पुन: आने का अनुरोध किया। विद्यार्थियों ने अपने कैरियर से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अवैध डेयरियों के खिलाफ नगर निगम का अभियान, 31 पशु पकड़े

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा अवैध डेयरियों और निराश्रित पशुओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में जोन-8 क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से संचालित डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 31 पशुओं को पकड़कर राधा उपवन गौशाला में निरुद्ध कराया गया। पशु कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में नगर निगम के प्रवर्तन दल एवं कैटिल कैचिंग दस्ते ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान रॉयल सिटी कॉलोनी, बिजनौर तथा शारदा नगर विस्तार योजना, शहीद पथ के निकट अवैध रूप से संचालित दूध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने कुल 31 पशुओं को पकड़ा। इनमें 17 गाय, 12 भैंस, 01 पड़वा और 01 भैंस का बच्चा शामिल है। सभी पशुओं को पकड़कर राधा उपवन गौशाला में निरुद्ध कराया गया। नगर निगम की टीम ने शहीद पथ के निकट शारदा नगर विस्तार योजना सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से संचालित डेयरियों को हटाने की कार्रवाई की।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी. ने बुधवार को आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से पूरी कराई जाएं। जिलाधिकारी ने विधान भवन के समक्ष आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों का जायजा लेते हुए मंच, दर्शक दीर्घा, सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि



समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर जवानों एवं शहीदों के आश्रितों का सम्मान किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की भी समीक्षा की। देश के विभिन्न राज्यों से आने वाली सांस्कृतिक टीमों और उत्तर प्रदेश के कलाकारों की प्रस्तुतियों से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को सुबह 8:15 बजे स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण को प्रमुख सड़कों, सरकारी भवनों और महत्वपूर्ण स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था, फसाड लाइटिंग एवं सजावट को पूरी तरह कार्यशील रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा शिविर, अग्निशमन, पेयजल और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को भी कहा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निकाली जाने वाली प्रभात फेरियों में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। ऐतिहासिक इमारतों, चौराहों, पार्कों और महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं सजावट का कार्य समय से पूरा कराने को कहा। विद्यालयों में निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और राष्ट्रप्रेम पर आधारित गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि शहीद स्मारक स्थित गांधी भवन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाम 5 से 6:30 बजे तक सर्वधर्म प्रार्थना सभा तथा शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार पूरी कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, नगर मजिस्ट्रेट सहित नगर निगम, एलडीए, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**जलकल विभाग, नगर निगम जोन-4, गोमती नगर, लखनऊ**

प0 सं0:-83/निविदा /ई ई-4/2026-27 दिनांक:-12/08/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु जल कल विभाग नगर निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक- पृथक निविदाएं दिनांक 20/08/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश (नान रिफंडेबल) कैश काउंटर जोन -4 में जमा करके दिनाँक 20/8/26 अपराह्न 2:00 तक प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारण से अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर प्राप्त व खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है । निविदा के साथ धरोहर राशि एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० / बैंक गारंटी जो अधिशासी अभियंता जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के नाम बंधक को जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि की निविदा मान्य नहीं होगी। शेष नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

| क्रं0 सं0 | कार्य विवरण | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जोन -4 के अंतर्गत काल्विन कालेज निशातगंज में 3 स्थानों पर 1- काल्विन कॉलेज आई0टी0 चौराहे पर 600 एम0एम0 डाया 2 -भवन सं0-512/251 पुराना बादशाहनगर नदीम के घर के पास कल्विन कालेज 160 एमएएस डाया 3-कल्विन कालेज डालीगंज सेतु से आई0टी0 चौराहा होते हुए निशातगंज चौराहे मार्ग पर 140 एम0एम0 डाया की लीकेज मरम्मत कार्य हेतु। | Rs. 350+18% G.S.T= 354.00- | Rs 5000.00 |
| 2 | जोन-4 के अन्तर्गत काल्विन निशातगंज वार्ड में 2 स्थानों पर (1) नाला न0-7 के पास (2) शनी देव मंदिर में लगे समस्सेबुल पम्प को रीबोर कराने हेतु। | Rs. 350+18% G.S.T= 413.00- | Rs 7000.00 |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-4**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ।**

# संपादकीय

## आजादी के 79 साल: और आम आदमी का सपना

15 अगस्त 1947 केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं थी। वह भारत के इतिहास का वह क्षण था, जब सदियों की गुलामी, संघर्ष, बलिदान और अनगिनत सपनों के बाद देश ने स्वतंत्रता की सांस ली थी। आजादी के आंदोलन में शामिल लोगों ने केवल विदेशी शासन से मुक्ति का सपना नहीं देखा था। उनके सपने में ऐसा भारत था जहां नागरिक सम्मान के साथ जी सके, जहां भूख और गरीबी मजबूरी न हो, जहां शिक्षा हर बच्चे तक पहुंचे, जहां न्याय पैसे और प्रभाव का मोहताज न हो और जहां लोकतंत्र में आम आदमी की आवाज सबसे महत्वपूर्ण हो। आज हम स्वतंत्रता के 79वें वर्ष में हैं। भारत ने इन दशकों में लंबी यात्रा तय की है। देश ने विज्ञान, तकनीक, कृषि, उद्योग, अंतरिक्ष, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत आज दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक स्तर पर उसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। लेकिन इस उपलब्धि के बीच एक बुनियादी सवाल आज भी खड़ा है—क्या वह आम आदमी, जिसके नाम पर लोकतंत्र की पूरी व्यवस्था खड़ी है, वास्तव में उतना स्वतंत्र, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी पा रहा है, जिसका सपना स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था? 1947 में भारत को राजनीतिक स्वतंत्रता मिली। संविधान ने नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय के अधिकार दिए। हर वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार मिला। यह अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि थी। लेकिन राजनीतिक स्वतंत्रता के बाद सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता की चुनौती सामने आई। किसी गरीब परिवार का बच्चा अगर अच्छी शिक्षा नहीं पा सकता, किसी युवा को अपनी योग्यता के बावजूद रोजगार के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है, किसी किसान को अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, किसी गरीब व्यक्ति को इलाज के लिए अपनी जमीन और संपत्ति तक बेचनी पड़ती है, तो सवाल उठता है कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ उसके जीवन में कितना उतर पाया है। आजादी का मतलब केवल यह नहीं कि देश पर विदेशी शासन न हो। वास्तविक आजादी का अर्थ यह भी है कि नागरिक भय, भूख, अशिक्षा, बेरोजगारी और अन्याय से मुक्त होकर अपना जीवन चुन सके। यह स्वीकार करना होगा कि भारत ने 79 वर्षों में अभूतपूर्व विकास किया है। गांवों तक सड़कें पहुंची हैं, बिजली और संचार का विस्तार हुआ है, डिजिटल तकनीक ने आम नागरिक के जीवन को बदला है और करोड़ों लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। लेकिन विकास का दूसरा चेहरा भी है। एक तरफ आधुनिक शहर, ऊंची इमारतें, एक्सप्रेसवे और डिजिटल अर्थव्यवस्था है तो दूसरी तरफ ऐसे परिवार भी हैं जिनके लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना आज भी चुनौती है। विकास का मूल्यांकन केवल बड़े प्रोजेक्टों से नहीं होना चाहिए। असली कसौटी यह होनी चाहिए कि देश का सबसे कमजोर नागरिक कितना बेहतर जीवन जी रहा है। अगर आर्थिक विकास बढ़ता है लेकिन अवसर कुछ वर्गों तक सीमित रह जाते हैं, तो विकास की गति के साथ सामाजिक असमानता भी बढ़ सकती है। इसलिए आने वाले वर्षों की सबसे बड़ी चुनौती विकास को अधिक समावेशी बनाना है। भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। युवा आबादी देश की सबसे बड़ी ताकत हो सकती है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार जरूरी है। आज लाखों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में वर्षों लगा देते हैं। कई नौकरियों के लिए लाखों आवेदन आते हैं जबकि पदों की संख्या सीमित होती है। दूसरी ओर निजी क्षेत्र में भी रोजगार के स्वरूप तेजी से बदल रहे हैं। तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विस्तार ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं, लेकिन कुछ पारंपरिक कामों के भविष्य को लेकर चिंता भी बढ़ी है। इसलिए, केवल रोजगार की संख्या नहीं, बल्कि रोजगार की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण है। ऐसा रोजगार चाहिए जिससे युवा सम्मानपूर्वक अपना भविष्य बना सके, परिवार चला सके और अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सके। स्वतंत्र भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में लंबी दूरी तय की है। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और तकनीकी संस्थानों का विस्तार हुआ है। लेकिन शिक्षा में गुणवत्ता और अवसर की समानता आज भी बड़ी चुनौती है। एक संपन्न परिवार का बच्चा महंगे स्कूल, कोचिंग और डिजिटल संसाधनों का लाभ उठा सकता है, जबकि गरीब परिवार का बच्चा कई बार मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करता है। आजादी का सपना तभी पूरा होगा जब किसी बच्चे का भविष्य उसके माता-पिता की आर्थिक स्थिति से तय न हो। शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है। यह नागरिक को अपने अधिकार समझने, सवाल पूछने और सही-गलत में अंतर करने की क्षमता देती है। इसलिए शिक्षा में निवेश वास्तव में लोकतंत्र में निवेश है। भारत की अर्थव्यवस्था और समाज में किसान की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। कृषि में तकनीक, सिंचाई, बाजार और सरकारी सहायता के विस्तार से किसानों के जीवन में कई बदलाव आए हैं। फिर भी खेती आज भी जोखिम से भरा व्यवसाय है। मौसम की अनिश्चितता, लागत, बाजार मूल्य, कर्ज और भंडारण जैसी समस्याएं किसान के सामने बनी रहती हैं। किसान की वास्तविक स्वतंत्रता तभी होगी जब उसे अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिले, प्राकृतिक आपदा में प्रभावी सुरक्षा मिले और खेती आर्थिक रूप से टिकाऊ व्यवसाय बन सके।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**

# बरेली में कौशल विकास मिशन से संवरता युवाओं का भविष्य

**राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों की पृथक योजनाओं को समाहित कर एक पारदर्शी, एकीकृत और प्रभावी ढांचा तैयार किया गया है। इस तंत्र का उद्देश्य शिक्षा बीच में छोड़ने वाले अथवा औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण से वंचित युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल, बुनियादी कंप्यूटर साक्षरता और सॉट स्किल्स से लैस करना है, ताकि वे प्रदेश को देश का प्रमुख औद्योगिक और कौशल हब बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज करा सकें। इस राज्यस्तरीय दूरदर्शी नीति का अत्यंत व्यावहारिक, सकारात्मक और व्यापक प्रभाव बरेली जनपद में देखने को मिल रहा है। बरेली में जहां कभी आर्थिक मजबूरियां और प्रतिकूल सामाजिक परिस्थितियां बेटियों तथा युवाओं के सपनों की राह में बाधा बन जाती थीं, वहीं आज ये युवा कौशल और आत्मविश्वास के बल पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।**

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं को स्वावलंबी, दक्ष और वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रतिस्पर्धी बनाने के प्रति पूर्णतः कटिबद्ध है। इसी दूरदर्शी सोच के तहत स्थापित 'उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन' ने प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को एक नई दिशा प्रदान की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के 14 से 35 वर्ष के युवाओं-विशेष रूप से समाज के वंचित, ग्रामीण, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, महिलाओं तथा दिव्यांगजनों को निशुल्क, उद्योग-संबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्थायी रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों की पृथक योजनाओं को समाहित कर एक पारदर्शी, एकीकृत और प्रभावी ढांचा तैयार किया गया है। इस तंत्र का उद्देश्य शिक्षा बीच में छोड़ने वाले अथवा औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण से वंचित युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल, बुनियादी कंप्यूटर साक्षरता और सॉफ्ट स्किल्स से लैस करना है, ताकि वे प्रदेश को देश का प्रमुख औद्योगिक और कौशल हब बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज करा सकें। इस राज्यस्तरीय दूरदर्शी नीति का अत्यंत व्यावहारिक, सकारात्मक और व्यापक प्रभाव बरेली जनपद में देखने को मिल रहा है। बरेली में जहां कभी आर्थिक मजबूरियां और प्रतिकूल सामाजिक परिस्थितियां बेटियों तथा युवाओं के सपनों की राह में बाधा बन जाती थीं, वहीं आज ये युवा कौशल और आत्मविश्वास के बल पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। जिला प्रशासन की देखरेख में संचालित कौशल विकास मिशन ने जनपद की हजारों युवतियों और युवाओं को न केवल रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का गरिमापूर्ण अवसर भी प्रदान किया है। बरेली जनपद की अनेक बेटियां इस पहल का लाभ उठाकर आज सम्मानजनक जीवन जी रही हैं और समाज के अन्य वर्गों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। बरेली जनपद में संचालित कौशल विकास केंद्रों पर हेल्थ केयर, ब्यूटी एंड वेलनेस, फैशन डिजाइनिंग, रिटेल, फूड प्रोसेसिंग, ग्रीन जॉब्स एवं अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रम निशुल्क संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों ने विशेष रूप से युवतियों को अपने पैरों पर खड़ा होने का मजबूत आधार दिया है। हेल्थ केयर और ब्यूटी एंड वेलनेस जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षणार्थियों की विशेष रुचि यह दर्शाती है कि राज्य की बेटियां अब गैर-पारंपरिक और नए रोजगार क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। जनपद की अनेक ऐसी कहानियां हैं जो इस नीति की सफलता को प्रमाणित करती हैं। सुभाषनगर निवासी स्वाति वैश्य बचपन से ही आत्मनिर्भर बनना चाहती थीं। विवाह के उपरांत पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच भी उन्होंने अपने सपनों को जीवित रखा और वर्ष 2025 में ब्यूटी एंड वेलनेस का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत स्वाति ने स्वयं का ब्यूटी पार्लर शुरू किया। आज वह न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं, बल्कि अन्य जरूरतमंद युवतियों और महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें भी स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसी क्रम में रीना की कहानी संघर्ष और सफलता का एक अत्यंत प्रेरक उदाहरण है। 'जनरल ड्यूटी असिस्टेंट' का प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत उन्हें बरेली के एक अस्पताल में रोजगार मिला। पिता के निधन के बाद रीना पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अपने कौशल और मेहनत के दम पर आज वह एक प्रतिष्ठित अस्पताल में कार्यरत हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार का मुख्य सहारा बनी हुई हैं। इसी प्रकार, नवाबगंज की नीलम कुमारी ने वर्ष 2023 में फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विवाह के पश्चात भी उन्होंने अपने सपनों को रुकने नहीं दिया और प्रशिक्षण से प्राप्त कौशल के बल पर आज वह एक प्रतिष्ठित कंपनी में फैशन डिजाइनर के रूप में सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। नीलम कुमारी का मानना है कि कौशल विकास मिशन ने उन्हें न केवल प्रशिक्षण प्रदान किया, बल्कि अपने सपनों को साकार करने का अटूट साहस और आत्मविश्वास भी दिया। ये सभी उदाहरण सिद्ध करते हैं कि सही दिशा, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। कौशल विकास मिशन की सफलता इसके अभूतपूर्व आंकड़ों, पारदर्शी नीतियों और जमीनी स्तर पर दिखे व्यापक परिवर्तनों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप अब तक राज्यभर में 14 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न उभरते एवं पारंपरिक क्षेत्रों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है। कौशल संवर्धन के इस व्यापक अभियान के माध्यम से 5.65 लाख से अधिक युवाओं ने प्रत्यक्ष रोजगार तथा स्वरोजगार प्राप्त कर अपनी आजीविका को सशक्त बनाया है। युवाओं को सीधे बाजार और उद्योगों से जोड़ने के लिए प्रदेश भर में लगातार रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन रोजगार मेलों के माध्यम से हजारों प्रतिष्ठित निजी एवं औद्योगिक संस्थाओं ने राज्य के कुशल युवाओं को आकर्षक वेतन पैकेज पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। इसके अतिरिक्त, उद्योग जगत की वास्तविक मांगों को ध्यान में रखते हुए 'फ्लेक्सी ट्रेनिंग पार्टनरशिप' (थ्समगप ज्तंपदपदह च्तंजदमतेीपच) और प्रमुख औद्योगिक घरानों व प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों के साथ ऐसे व्यावहारिक समझौते किए गए हैं, जिससे कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षार्थियों को पाठ्यक्रम पूरा होते ही उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यस्थल पर तत्काल रोजगार मिल सके। महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में भी इस योजना ने अनुकरणीय मानदंड स्थापित किए हैं। विभिन्न जनपदों में महिलाओं के लिए विशेष रूप से परिधान, हस्तशिल्प, सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। इसी प्रकार, दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रशिक्षण केंद्रों और दिव्यांगजन रोजगार अभियानों के माध्यम से उन्हें हुनरमंद बनाकर स्वावलंबी बनाया जा रहा है। प्रक्रियात्मक पारदर्शिता, दक्षता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे प्रशासनिक तंत्र का पूर्ण रूप से डिजिटलीकरण किया गया है। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण, बायोमेट्रिक उपस्थिति, प्रशिक्षण केंद्रों का ग्रेडिंग मूल्यांकन, डिजिटल लक्ष्य आवंटन तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (क्ठज्) जैसी व्यवस्थाओं ने गुणवत्ता नियंत्रण को अभूतपूर्व रूप से सुदृढ़ किया है। इन्हीं नवाचारों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर इस व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पुरस्कारों एवं सम्मानों से भी नवाज़ा जा चुका है। बरेली जनपद में वर्तमान में भी बड़ी संख्या में युवतियां और युवा विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दरअसल, हुनर से सिर्फ बरेली के युवा और बेटियां ही आत्मनिर्भर नहीं हुए हैं, अपितु उत्तर प्रदेश सरकार की यह नीति आज प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य का सबसे मजबूत माध्यम बन चुकी है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मात्र एक प्रशिक्षण कार्यक्रम न होकर राज्य के जनसांख्यिकीय लाभांश (क्मउवहतंचीपब क्पअपकमदक) को एक सशक्त आर्थिक शक्ति में बदलने का राष्ट्र-निर्माणी अभियान सिद्ध हो रहा है। युवाओं को न केवल रोजगार-योग्य बनाकर, बल्कि उनमें उद्यमिता की भावना को जागृत कर यह योजना 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के सपने को साकार करने में केंद्रीय भूमिका निभा रही है। आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से संबंधित पाठ्यक्रमों का समावेश कर यह तंत्र राज्य की युवा शक्ति को भविष्य की वैश्विक चुनौतियों और अवसरों के लिए पूर्णतः तैयार करने हेतु कटिबद्ध है।

**सूचनाधिकारी जनपद बरेली/ डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**

# प्रदेश के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शी व्यवस्था, डिजिटल गवर्नेंस और लाखों शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा का प्रावधान

**प्रदेश के मुयमंत्री जी ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रदेश में 71 नए राजकीय महाविद्यालयों का गठन एवं पद सृजन किया है। प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुँचाने के लिए 71 नए राजकीय महाविद्यालयों में 1,207 शैक्षणिक (प्राचार्य, सहायक आचार्य, प्रवता पुस्तकालय) तथा 142 तृतीय श्रेणी पदों का सृजन किया गया है। इनमें से 46 महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 से शैक्षणिक कार्य एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ भी कर दी गई है। उच्च शिक्षा की गुणवाा और सुशासन को सुदृढ़ करने हेतु शासन के आदेश (06 अगस्त, 2025) के अनुक्रम में प्रदेश के अवशेष 10 मण्डलों में नए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित कर अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। उच्च शिक्षण संस्थानों में पठन-पाठन की गुणवाा सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संस्थानों का विकास करने के लिए ैस्फ।ब् का गठन किया गया है, जो पूर्ण रूप से क्रियाशील है।**

उत्तर प्रदेश में सुशासन, तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था और जन-कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उच्च शिक्षा विभाग ने अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। जहाँ पूर्व में उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रशासनिक प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण और कर्मचारियों की सुविधाओं को लेकर जटिलता और विलंब की स्थिति बनी रहती थी, वहीं आज वही व्यवस्था पूरी तरह आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक-संचालित हो चुकी है। राज्य का उच्च शिक्षा विभाग न केवल विद्यार्थियों को रोजगारपरक व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रहा है, बल्कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कल्याण हेतु भी ऐतिहासिक निर्णय ले रहा है। मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट विजन रहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाया जाए। इसी सोच को साकार करते हुए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किए गए 7 मुख्य सुधार प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैंरूउत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने हेतु राज्य में 24 राज्य विश्वविद्यालय, 56 निजी विश्वविद्यालय, 1 डीम्ड विश्वविद्यालय, 1 मुक्त विश्वविद्यालय, 216 राजकीय महाविद्यालय, 330 अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय एवं 7,526 स्ववित्तपोषित महाविद्यालय सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रदेश में 71 नए राजकीय महाविद्यालयों का गठन एवं पद सृजन किया है। प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुँचाने के लिए 71 नए राजकीय महाविद्यालयों में 1,207 शैक्षणिक (प्राचार्य, सहायक आचार्य, प्रवक्ता पुस्तकालय) तथा 142 तृतीय श्रेणी पदों का सृजन किया गया है। इनमें से 46 महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 से शैक्षणिक कार्य एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ भी कर दी गई है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और सुशासन को सुदृढ़ करने हेतु शासन के आदेश (06 अगस्त, 2025) के अनुक्रम में प्रदेश के अवशेष 10 मण्डलों में नए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित कर अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। उच्च शिक्षण संस्थानों में पठन-पाठन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संस्थानों का विकास करने के लिए ैस्फ।ब् का गठन किया गया है, जो पूर्ण रूप से क्रियाशील है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का प्रभावी क्रियान्वयन उच्च शिक्षण संस्थानों में किया जा रहा है। छम्च्-2020 के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 'चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम', 'मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम' तथा रोजगारपरक वोकेशनल एवं वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने हेतु उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज सहित समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों एवं राजकीय महाविद्यालयों में पत्रावलियों का संचालन ई-ऑफिस माध्यम से अनिवार्य कर दिया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 26 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत राज्य/निजी विश्वविद्यालयों, एडेड एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के 1.28 लाख शिक्षकों तथा उनके आश्रितों (कुल 7.5 लाख लोगों) को निःशुल्क इलाज की सुविधा दी गई है, जिसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में रु0 20.00 करोड़ का प्राविधान किया गया है। साथ ही 2.5 लाख शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व उनके आश्रितों को भी योजना में जोड़ने की प्रक्रिया तीव्र गति से जारी है। उच्च शिक्षा में आए इन व्यापक परिवर्तनों ने न केवल शैक्षणिक माहौल को समृद्ध किया है, बल्कि शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का सरकारी व्यवस्था पर भरोसा और अधिक मजबूत किया है। डिजिटल तकनीक और सुशासन के समन्वय से उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है।

**धर्मवीर खरे**

# भारतीय डिजिटल क्षमता की चौथी पंक्ति

काबिलियत, जब इसे बोलने को मौका मिले, तो अभी भी जन्मजात कुलीनों को धूल चटाने में सक्षम है। 1911 में, कलकत्ता के मैदान पर, नंगे पैर खेलने वाली मोहन बागान टीम ने बूट पहने हुए अंग्रेज़ रेजिमेंट को हराकर आईएफए शील्ड जीती थी। इससे परतंत्र देश को अहसास हुआ कि बराबरी के मैदान पर शासकों का मुकाबला किया जा सकता है और उन्हें हराया जा सकता है। यह कोई संयोगवश एकल घटना नहीं थी। 1956 में मेलबर्न में, भारत ओलंपिक फ़ुटबॉल के सेमीफ़ाइनल तक पहुंचा; ऐसा करने वाली वह तब तक की इकलौती एशियाई टीम थी। यह सीख पुरानी नहीं पड़ी। कुछ हफ़्ते पहले ग्लासगो में, दक्षिण त्रिपुरा के बेलोनिया वासी और साइकिल मैकेनिक की बेटी अस्मिता डे ने भारत के लिए पहला कॉमनवेल्थ जूडो गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फ़ाइनल में एक कनाडाई खिलाड़ी को 'सडन डेथ' (अतिरिक्त समय) में हराया। पैदाइश उन्हें साइकिल मिस्त्री के घर मिली, लेकिन काबिलियत के दम पर वह ग्लासगो तक पहुंची। खेल की भाषा में विवेकानंद का तर्क भी यही है, जो साम्राज्य के विरुद्ध सही साबित हुआ और फिर आज़ादी बाद भी। पूर्णता इंसान के भीतर होती है, और उसे किसी कुलीन या उच्च घराने में जन्म लेने की इजाजत नहीं चाहिए। इस लेख के पहले भाग में कीमत और समाधान की बात थी। कोई हल्की-फुल्की जांच नहीं, बल्कि एक अन्य उपकरण या सिस्टम। हम उसे ही बना रहे हैं। कमरे का निर्माण एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी समूह : पहला अंदेशा कि भारत बहुत बड़ा और बहुत गरीब देश होने के कारण ऐसी चीज़ नहीं बना सकता; लेकिन भारत पहले ही इसका जवाब दे चुका है। आधार कार्ड प्रणाली ने आबादी के बड़े स्तर पर वह समस्या हल की जिस पर काबिलियत का रिकॉर्ड टिका है, व्यक्ति कौन है, इसकी पक्की पहचान। फिर यूपीआई ने उस पहचान के ज़रिए वित्तीय लेन-देन संभव बनाया। आज कुल वैश्विक रियल टाइम वित्तीय लेन-देन का करीब आधा हिस्सा यूपीआई के ज़रिए हो रहा। यह व्यवस्था पुरानी इकोनॉमीज द्वारा निर्मित किसी भी प्रणाली के मुकाबले सस्ती व तेज़ है। डिजीलॉकर ने तीसरा सिद्धांत स्थापित किया। नागरिक अपने प्रमाण-पत्र डिजिटल प्रारूप में अपने साथ कहीं भी ले जा पाए, जो भरोसेमंद, सत्यापन योग्य, हर जगह उपलब्ध और मान्य हो। जिस देश ने ये तीन चीज़ें बना ली हों, उससे अब कुछ नया प्रयास करने को नहीं कहा जा सकता। पहचान से यह तय होता है कि आप कौन हैं। पेमेंट से यह कि क्या ट्रांसफर कर सकते हैं। वहीं डॉक्यूमेंट से यह कि क्या साबित कर सकते हैं। कैपेबिलिटी स्मार्ट कार्ड स्थापित करेगा कि आप क्या कर सकते हैं। ढांचा वही, एक और मंजिल के साथ, भारत की डिजिटल क्षमता की चौथी परत।यह साधन एक राष्ट्रीय क्षमता संरचना है, एक भरोसेमंद और गतीशील रिकॉर्ड, इस बारे में कि कोई व्यक्ति असल में क्या कर सकता है, जीवनपर्यंत साथ चलने वाला, नागरिक के पास वह कार्ड जो आज के दिन पक्के पहचान पत्र जैसा है। वक्त-वक्त पर सत्यापित करके इसमें नई जानकारी जुड़ सकती है, केवाईसी की तरह। इसमें डिग्री केवल आखिरी पन्ना न होकर एक अध्याय है। कारखाने में सिद्ध किया कौशल हो या रेजिमेंट, या अस्पताल या फिर कार्यक्षेत्र का अनुभव, सब उसी रिकॉर्ड में हो, उसी तरह अंकों अथवा ग्रेडिंग में, जैसे पढ़ाई में होता था। भरोसे का गोल्ड स्टैंडर्ड : भारत प्रमाणपत्र जारी करने में नाकाम नहीं रहा। बस उनका कोई मोल डलवाने में विफल रहा। बीस में से बमुश्किल एक कारीगर के पास औपचारिक कौशल प्रमाणपत्र होता है, जबकि जर्मनी में चार में से लगभग तीन के पास और दक्षिण कोरिया में हर किसी कामगार के पास ऐसा प्रमाणपत्र होता है, और हमारा वह कागज़ अक्सर न तो भरोसा दिला पाता है, न रुतबा और न ही बेहतर वेतन। प्रमाणपत्र तब तक मूल्यविहीन है जब तक वह भरोसेमंद न हो, और भरोसे की एक खास शर्त होती है। जो सिखा रहा है, वह प्रमाणपत्र जारी नहीं करेगा। ब्रिटेन में 'सिटी एंड गिल्ड्स' जैसी संस्थाएं स्वतंत्र रूप से मानकीकरण व मूल्यांकन स्थापित करती हैं, यह उस नियोक्ता या कारखाने से इतर हैं, जहां काबिलियत हासिल की गई। यह अलहदगी योग्यता को कहीं भी मान्य व भरोसेमंद बनाती है। भारत की मुश्किल प्रमाणकर्ता की कमी नहीं है। पर इसके प्रमाणकर्ताओं का भरोसा नहीं है। कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों को मान्यता देने के लिए बनाई गई संस्थाएं अक्सर उसी संरक्षण-तंत्र का हिस्सा बन जाती हैं, जिनकी निगरानी करने लिए उन्हें बनाया गया है; इनमें नियुक्तियां योग्यता की बजाय सिफारिशों से होती हैं, जब मान्यता देने वाली संस्था न तो स्वतंत्र हो और न ही निष्पक्ष, तो उसकी मुहर का क्या मोल। जो प्रमाणकर्ता खुद उसी व्यवस्था का हिस्सा बन जाए, जिसकी जांच करनी है, तो यह रबर स्टैम्प भर है। भारत को ऐसा प्रमाणकर्ता बनाने होंगे जो खुद प्रशिक्षित न करते हों लेकिन जिनके दिए प्रमाणपत्र पर हर कोई भरोसा करे। उसकी स्वतंत्रता ढांचागत हो : एक कानूनी संहिता, निश्चित पेशेवर कार्यकाल, प्रकाशित मानक, अनाम आकलनकर्ता, पड़ताल करने को मौजूद खुले परिणाम और जिन संस्थाओं को वह प्रमाणित करे, उनका किसीतरह प्रतिनिधित्व न करने वाले। वह प्रमाणपत्र को जीवंत रखे, असल कार्य प्रवाह के जरिए पुनर्वैधता होती रहे बजाय इसके कि स्नातक स्तर पर फिक्स हो जाए। प्रामाणिकता से श्रेय तक : एक प्रमाणपत्र जो अपटुडेट एवं भरोसेमंद हो न कि महज यादगार। वह जिससे कर्ज़ दाता की नज़र में व्यक्ति की ऋण अदायगी योग्यता बदल जाए। वेल्डर का सत्यापित कौशल स्तर या नर्स की स्थापित पेशेवर क्षमता उसे कर्ज़ देने का जोखिम कम कर देता है और घटा जोखिम उधार की शुरुआत है।




**मेष**-आज का दिन आपके लिए बेहद शानदार रहने वाला है। कारोबार में भरपूर आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं और कमाई के नए साधन भी सामने आ सकते हैं। आजीविका और रोजगार के क्षेत्र में प्रगति के अच्छे अवसर मिलेंगे, जिनका सही उपयोग करके आप सफलता की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

**वृष**-आज का दिन आपके लिए सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख और समृद्धि का माहौल बना रहेगा। आपके साहस और धैर्य में बढ़ोतरी होगी, जिससे आसपास के लोग आपसे प्रभावित होंगे। संतान की किसी सफलता से घर में प्रसन्नता छा जाएगी।

**मिथुन** -आज का दिन उत्साह और ऊर्जा से भरा रहेगा। आपकी दैनिक दिनचर्या सुचारू रूप से चलेगी। आध्यात्मिक कार्यों की तरफ झुकाव बढ़ेगा, जिससे मन को शांति मिलेगी। परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाने का विचार बन सकता है।

**कर्क** -आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आपके सोचे हुए कार्य योजना के अनुसार पूरे होंगे। मित्रों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर विचार-विमर्श होगा, जो आगे चलकर फायदेमंद साबित हो सकता है।

**सिंह**-आज का दिन खुशियों की नई सौगात लेकर आया है। आप खुद को ऊर्जावान और तरोताजा महसूस करेंगे। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोग अपने ज्ञान और अनुभव का सही दिशा में इस्तेमाल करेंगे।

**कन्या** -आज का दिन आपके लिए सुखद रहेगा। व्यर्थ की गतिविधियों में अपना कीमती समय नष्ट न करें। कार्यालय के रुके हुए कार्यों को पूरा करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला**-आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायी है। कार्यस्थल पर किसी जटिल कार्य को पूरा करने में सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों की मदद मिलेगी।

**वृश्चिक**-आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आया है। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति की खुशखबरी मिल सकती है।

**धनु**-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। निर्णय लेने की क्षमता में तेजी आएगी और आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। ससुराल पक्ष से किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का निमंत्रण मिल सकता है।

**मकर**-आज आपका दिन प्रसन्नता से भरा रहेगा। उच्च शिक्षा की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। बच्चों की तरफ से कोई शुभ समाचार मिल सकता है, जिससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कुंभ**-आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। कानूनी मामलों के निर्णय आपके हक में आ सकते हैं। घरेलू आवश्यकताओं की वस्तुओं की खरीदारी हो सकती है। अचानक घर पर अतिथियों का आगमन संभव है। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, उसमें सकारात्मक दृष्टिकोण रखने से सफलता मिलेगी।

**मीन**-आज का दिन आपके लिए बेहद शानदार रहेगा। रोजगार के नए और बेहतर अवसर मिलेंगे, जो आपकी उन्नति में मददगार साबित होंगे। किसी खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। नौकरी तलाश रहे लोगों के लिए अच्छे प्रस्ताव आने के योग हैं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कोर्ट के आदेश पर 17 अगस्त को होगी संपत्ति की नीलामी

**गोलाबाजार गोरखपुरः** गोला तहसील प्रशासन ने न्यायालय के आदेश पर क्षेत्र के मझवलिया गांव निवासी रमाकान्त पुत्र लौरिक की संपत्ति की नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। बकाया भुगतान में असफल रहने पर न्यायालय ने संबंधित भूमि व अचल संपत्ति की नीलामी के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार संपत्ति की सार्वजनिक बोली 17 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे से तहसील सभागार गोला में कराई जाएगी। न्यायालय से जारी आदेश में बताया गया है कि नीलामी निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। नीलामी में इच्छुक बोलीदाता निर्धारित प्रक्रिया के तहत भाग ले सकेंगे। तहसील प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित बकायेदार को नीलामी की सूचना जारी करते हुए आवश्यक कार्रवाई की है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में तहसील प्रशासन द्वारा संपत्ति की नीलामी कर बकाया धनराशि की वसूली की जाएगी।

### नवजात को बेचे जाने की अफवाह निकली भ्रामक, बच्चा परिवार के साथ सुरक्षित

**देवरिया।** मेडिकल कॉलेज में जन्मे नवजात को बेचे जाने की अफवाह पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए इसे पूरी तरह भ्रामक और असत्य बताया है। उन्होंने कहा कि संबंधित बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और अपने परिवार के साथ है। डीएम ने लोगों से अपील की कि बिना तथ्यात्मक पुष्टि किसी भी सूचना पर विश्वास न करें और न ही उसे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर प्रसारित करें। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहों से संबंधित परिवार को अनावश्यक परेशानी होती है और जिले की छवि भी प्रभावित होती है। जिलाधिकारी ने बच्चे और उसके परिवार की निजता का सम्मान करते हुए उनकी पहचान या नाम सार्वजनिक नहीं करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास ऐसी किसी घटना या शिकायत से जुड़ी वास्तविक जानकारी है तो वह तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराए। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायत या सूचना की तथ्यात्मक जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने आमजन से अपील की कि अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध सूचना को सत्यापित किए बिना साझा न करें। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक के रूप में सभी का दायित्व है कि अपुष्ट सूचनाओं के प्रसार से बचें और प्रशासन को सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

### टीएचआर इकाइयों में रोज पांच मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य, जेडीसी ने दिए निर्देश

**देवरिया।** जेडीसी गोरखपुर प्रेम प्रकाश त्रिपाठी ने बुधवार को जिले में संचालित टेक होम राशन उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने देवरिया सदर स्थित नारी एकता महिला लघु उद्योग और गौरी बाजार स्थित स्वगत प्रेरणा महिला लघु उद्योग पहुंचकर उत्पादन, स्वच्छता और आंगनबाड़ी केंद्रों को राशन की आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जेडीसी ने एओपी सदस्यों को टीएचआर इकाइयों में प्रतिदिन न्यूनतम पांच मीट्रिक टन उत्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता और साफ-सफाई के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सभी आईसीडीएस केंद्रों तक टीएचआर की समयबद्ध आपूर्ति हो। जेडीसी ने कहा कि टीएचआर इकाइयां बच्चों और महिलाओं तक पोषण पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन इकाइयों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और आजीविका के अवसर भी मिल रहे हैं। उन्होंने इकाइयों के सुचारु संचालन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और समयबद्ध आपूर्ति पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और एओपी के सदस्य मौजूद रहे।

# ग़ोला में मारपीट में युवक घायल, घर पर भी ईंट-पत्थर बरसाने का आरोप

## मिर्च पाउडर आंखों में डालकर पीटने और जान से मारने की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला बाजार/गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के चक महेशपुर गांव में मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी इमरान पुत्र शमसाद ने पड़ोस के लोगों पर लाठी-डंडों से मारपीट करने, आंखों में लाल मिर्च पाउडर डालने, पोखरी में छोड़कर चले जाने तथा बाद में उसके घर पर ईंट-पत्थर चलाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर गोला पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित इमरान के अनुसार, वह 10 अगस्त की शाम करीब सात बजे गांव गया था। आरोप है कि इसी दौरान मेराज अंसारी पुत्र इसराइल, शहंशाह पत्नी मेराज, सलमान खान पुत्र जुबराइल अंसारी, परवेज पुत्र इसराइल तथा दो अन्य लोगों ने उसे अकेला पाकर घेर लिया। आरोप है कि सभी ने लात-मुक्कों और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान हमलावरों ने उसकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर डाल दिया, जिससे वह बुरी तरह परेशान हो गया।

इमरान का आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी उसे पोखरी में छोड़कर चले गए। किसी तरह घटना के बाद वह अपने घर पहुंचा। पीड़ित के मुताबिक, मामला यहीं नहीं थमा। 11 अगस्त की सुबह करीब छह बजे आरोपियों ने उसके घर पर भी ईंट-पत्थर चलाना शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पुलिस के आपातकालीन नंबर 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मारपीट में इमरान के सीने समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। पीड़ित ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोपियों से अपनी और परिवार की सुरक्षा को खतरा बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गोला थाना प्रभारी सीपी पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 191(2) और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपों की जांच कर रही है।

### कटसहरा चौराहे पर लाइब्रेरी में पढ़ने गई युवती लापता, अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज

**सहजनवां/गोरखपुरः** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती कोचिंग पढ़ने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। उसके भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती के भाई ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमारी छोटी बहन जिसकी उम्र करीब 23 वर्ष है , बीते 11 अगस्त को वह कटसहरा चौराहे पर स्थित एक लाइब्रेरी में सुबह 11 बजे पढ़ने गई थी लेकिन शाम छः बजे तक वह घर वापस नहीं आई। देर शाम हमने उसके मोबाइल पर फोन किया तो उसका मोबाइल नंबर बन्द बता रहा है, और वह लापता हो गई, लग रहा है कि कोई उसे बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

# डीएम ने चार स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को जिले के विभिन्न विकासखंडों के बेसिक विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भटनी के प्राथमिक विद्यालय गांगी, भलुअनी के प्राथमिक विद्यालय पड़ौली, देवरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुजहना भटपुरवां तथा गौरी बाजार के आंगनबाड़ी केंद्र पोखरभिंडा का जायजा लिया। विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति संतोषजनक मिलने पर डीएम ने प्रसन्नता जताई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी स्वयं शिक्षक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने श्यामपट्ट पर बच्चों से गणित के सवाल हल कराए और सही उत्तर मिलने पर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एक कक्षा में बच्चों के बीच नीचे बैठकर उनसे पुस्तक का पाठ भी पढ़वाया। उन्होंने शिक्षकों



को निपुण लक्ष्य, निपुण तालिका और संदर्शिका के अनुरूप शिक्षण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र पोखरभिंडा में बच्चों की कम उपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कार्यकत्री को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। 'पहल' पुस्तक के माध्यम से बच्चों को उम्र और क्षमता के अनुरूप गतिविधियों से जोड़कर बुनियादी दक्षताएं विकसित की जाएं, ताकि कक्षा एक में प्रवेश के समय वे निपुण बनने की दिशा में मजबूत आधार के साथ आगे बढ़ सकें।

# महराजगंज में गूंजा राष्ट्रभक्ति का जयघोष, भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** आजादी के जश्न और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत महराजगंज कस्बे में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे सैकड़ों लोग पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा कस्बा देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और जगह-जगह भारत माता की जय तथा राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा। तिरंगा यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू एवं उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। यात्रा में युवाओं, जनप्रतिनिधियों और कस्बे के लोगों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी देखने को मिली। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ निकली इस यात्रा ने लोगों में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत किया। यात्रा के दौरान तिरंगे की शान में लोग पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ते नजर आए। मार्ग में लोगों ने तिरंगा लहराकर राष्ट्र के प्रति अपने सम्मान और समर्पण का संदेश दिया। कस्बे में जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर रहा।

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम, एकता, भाईचारे और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना रहा। यात्रा में शामिल लोगों ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेते हुए आपसी सौहार्द का संदेश दिया। सैकड़ों लोगों की भागीदारी और उत्साह के चलते तिरंगा यात्रा महराजगंज कस्बे में आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रही। यात्रा ने न केवल आजादी के पर्व की खुशी को साझा किया, बल्कि लोगों को राष्ट्रहित और एकजुटता का संदेश भी दिया।

### आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही पर बीडीओ लार को डीएम की कड़ी चेतावनी

**देवरिया।** आईजीआरएस प्रकरण के गुणवत्ताहीन और तथ्यों के विपरीत निस्तारण पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने खंड विकास अधिकारी, लार को कड़ी चेतावनी दी है। डीएम ने निर्देश दिया कि शिकायत का मौके पर सत्यापन कर वास्तविक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और तीन दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। लापरवाही दोहराए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बरडीहा परशुराम निवासी शिकायतकर्ता ने चकरोड काटकर संकरा किए जाने और उसे दोबारा बनवाने को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। बीडीओ ने मामले को सीमांकन कराने के अनुरोध के साथ उप जिलाधिकारी को भेज दिया। डीएम ने इस निस्तारण को तथ्यों के अनुरूप नहीं माना। उन्होंने कहा कि लेखपाल के माध्यम से मौके पर पैमाइश कराकर चकरोड की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जा सकती थी। इसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई भी संभव थी। मामले में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ को नोटिस जारी किया गया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि आईजीआरएस शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण स्वीकार नहीं होगा।

# बढ़हलगंज के मंगलपुर में प्रेम प्रसंग को लेकर युवक पर चाकू से हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला/गोरखपुर** जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के झुमिला बाजार के समीप मंगलपुर गांव में बुधवार को प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद के बाद एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में मंगलपुर निवासी शिवम पुत्र गंगाधर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार, शिवम किसी बात को लेकर कुछ युवकों के संपर्क में था। इसी दौरान प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर एक युवक ने कथित तौर पर शिवम पर चाकू से वार कर दिया। हमले में शिवम घायल होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर




मौके पर पहुंचकर घायल युवक को संभाला और हमलावर को पकड़ लिया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़हलगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल शिवम को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी तथा उसके परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में किसी प्रकार का तनाव न बढ़े, इसके लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है। मौके पर मौजूद पुलिस टीम स्थिति पर नजर रख रही है।

बड़हलगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। इसी विवाद को लेकर चाकूबाजी की घटना हुई है। उन्होंने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है और फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य है। पुलिस का कहना है कि घायल युवक के उपचार और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही घटना के वास्तविक कारण, हमले में शामिल लोगों और विवाद की पूरी पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। गांव में पुलिस की मौजूदगी के कारण फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

# मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले के अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित मानव दिवस सृजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/गोरखपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मानव दिवस सृजन, ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने, कार्यों की प्रभावी निगरानी और श्रमिकों को समयबद्ध मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मनरेगा के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत से लेकर विकास खंड और जिला स्तर तक कार्यरत पूरी टीम के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। समय से भुगतान, पारदर्शिता और कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखना मनरेगा की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।



इसी क्रम में विकास खंड खजनी के खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला एवं उनकी टीम के कार्यों की भी सराहना की गई। मनरेगा के कार्यों के प्रभावी संचालन, मानव दिवस सृजन, ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा योजनाओं की नियमित निगरानी में उल्लेखनीय योगदान के लिए बीडीओ रमेश शुक्ला को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर विकास खंड के कर्मचारियों में उत्साह का माहौल रहा। मनरेगा के कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जियो-टैगिंग, मोबाइल आधारित निगरानी तथा विभिन्न स्तरों पर सत्यापन की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर कराए जा रहे विकास कार्यों की निगरानी और सत्यापन में रोजगार सेवकों, तकनीकी सहायकों, एपीओ तथा कार्यक्रम अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

समारोह में जिले के विभिन्न विकास खंडों से जुड़े अधिकारियों, तकनीकी सहायकों, एपीओ, कार्यक्रम अधिकारियों और रोजगार सेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि मनरेगा केवल ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का भी कार्य किया जा रहा है। जिला विकास अधिकारी ने सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि मनरेगा के बेहतर क्रियान्वयन के लिए टीम भावना, पारदर्शिता और आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने आगे भी मानव दिवस सृजन, समयबद्ध भुगतान और गुणवत्तापूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। समारोह में जिले के विभिन्न विकास खंडों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा का पीडीए कार्यकर्त्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन



**मनकापुर गोण्डाः** पीडीए कार्यकर्त्ता सम्मेलन का सपा नेता हफीज मलिक क़े आवास राघव बस्ती पर मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष अरसद हुसैन एवं सपा उपाध्यक्ष सरफराज हुसैन द्वारा अपने प्रतिनिधि क़े रूप मे भेजे गए सपा वरिष्ठ नेता विनदेशवरी पाल एवं सपा नेता मंटू जी की उपस्थिति मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम क़े शुरुआत मे आये हूए अतिथियों का हफीज मलिक एवं उनके समर्थको द्वारा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम मे बोलते हूए मुख्य अतिथि ने समाज वादी पार्टी क़े नीतियों की चर्चा करते हूए आगामी विधानसभा चुनाव मे सपा पार्टी को अधिक से अधिक समर्थन देकर सपा मुखिया को उत्तर प्रदेश को मुख्यमंत्री बनाने क़े लिए अपील किया। कार्यक्रम मेसपा प्रदेश सचिव रईस अहमद उर्फ़ बब्बू प्रधान ने अपने शायराना अन्दाज मे शेर को पढ़कर अपने विचार प्रस्तुत करते हूए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार से किसान, व्यापारी मजदूर, छात्र सभी वर्ग परेशान है छात्र आंदोलन को वर्तमान सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियो क़े द्वारा दबाने का प्रयास किया गया और उनपर पुलिस द्वारा दिल्ली मे लाठी भी बरसाई गई इतने ही नहीं छात्र आंदोलन मे हमारे बहनो को भी परेशान किया गया अब समय आगया है बदलाव की आगामी विधानसभा चुनाव मे समाजवादी पार्टी को अपना अमूल्य समर्थन देकर सरकार बनाने और सपा मुखिया अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने क़े लिए अपील किया। कार्यक्रम क़े आयोजक सपा नेता हफीज मलिक ने कार्यकर्त्ता सम्मेलन मे आए हूए सभी सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता को तहे दिल से आभार व्यक्त करते हूए सपा क़े नीतियों की चर्चा करते हूए आने वाले विधानसभा चुनाव मे अपना अपना समर्थन देकर सपा सरकार बनाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने क़े लिए अपील किया। इस अवसर पर राहुल यादव, केडी पटेल, सपा नेता मोहन लाल यादव, नरेन्द्र यादव, संतोष यादव बसंत यादव, गुरु बक्स राजभर, बुद्धू नेता सहित सपा पदाधिकारियों हजारों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।


### सेतु निर्माण में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं, समय पर पूरी हों परियोजनाएं : डीएम

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को सेतु निगम की दो निर्माणाधीन परियोजनाओं का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को दोनों परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने महुआपाटन-करौंदी मार्ग पर छोटी गंडक नदी पर बन रहे सेतु का निरीक्षण किया। 17.47 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना दिसंबर 2024 में शुरू हुई थी और दिसंबर 2026 तक पूरी होनी है। मौके पर कार्य प्रगति पर और संतोषजनक मिला। जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक को तय समय में निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने 15.03 करोड़ रुपये की लागत से महुआपाटन घाट पर निर्माणाधीन सेतु का निरीक्षण किया। यहां नदी में पिलर निर्माण का काम चल रहा था। अप्रैल 2026 में शुरू हुई इस परियोजना को सितंबर 2027 तक पूरा किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का हर हाल में पालन हो। किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता मिलने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

# नगर निकायों की योजनाओं में गुणवत्ता व पारदर्शिता पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनपद के समस्त स्थानीय नगर निकायों से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, नगरीय झील, तालाब एवं पोखरा, अन्त्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय, वन्दन योजना, आकांक्षी योजना, अवस्थापना निधि, 15वें वित्त आयोग, नगरीय गौशाला सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं एवं विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के नगर निकायों में संचालित विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ-साथ कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।




समीक्षा के दौरान बिना किसी सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत परसपुर अनुराग शुक्ला के विरुद्ध जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को शोकाज नोटिस जारी करने तथा वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकों में अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है और बिना सूचना अनुपस्थित रहने को गंभीरता से लिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विकास कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व की फोटोग्राफ तथा कार्य पूर्ण होने के बाद की फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखी जाए। दोनों चरणों की फोटोग्राफ को पीपीटी एवं मीटिंग बुकलेट में प्रस्तुत किया जाए, जिससे कार्य की वास्तविक प्रगति एवं गुणवत्ता का स्पष्ट सत्यापन किया जा सके।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट अद्यतन रखते हुए प्रत्येक कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा करें। नगर निकायों में संचालित जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने तथा स्वीकृत परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर उपजिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, अपर उपजिलाधिकारी सविता शुक्ला, अपर उपजिलाधिकारी विनीत कुमार, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका गोण्डा सन्तराम, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका करनैलगंज, अधिशासी अधिकारी खरगूपुर, तरबगंज, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मुजेहना सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 15 अगस्त तक करा लें गैस कनेक्शन की e-KYC, वरना महंगी पड़ेगी रसोई गैस

**देवरिया।** अगर आपने अभी तक अपने घरेलू गैस कनेक्शन की e-KYC नहीं कराई है, तो तुरंत सतर्क हो जाइए। आशा गैस सर्विस के प्रोपराइटर अरुण कुमार ने बताया कि इंडियन ऑयल ने घरेलू गैस कनेक्शन की e-KYC की अंतिम तिथि 15 अगस्त निर्धारित की है। समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है और गैस कमर्शियल दर पर मिलने की संभावना है। अरुण कुमार ने बताया कि वर्तमान में करीब 6,500 गैस कनेक्शनों की e-KYC लंबित है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि आधार कार्ड के साथ जल्द से जल्द गैस एजेंसी पहुंचकर e-KYC कराएं। उन्होंने कहा कि जिन गैस कनेक्शन धारकों का निधन हो चुका है, जो विदेश में रह रहे हैं, या बुजुर्ग एवं असहाय हैं और स्वयं कार्यालय नहीं आ सकते, उनके परिजन एजेंसी पहुंचकर वरासत (नामांतरण) की प्रक्रिया पूरी करा लें। इसके अलावा सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सरकारी सेवाओं में तैनात उपभोक्ताओं से भी समय रहते e-KYC कराने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि एजेंसी में युद्ध स्तर पर e-KYC अभियान चलाया जा रहा है ताकि कोई भी उपभोक्ता इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से वंचित न रह जाए।

# आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही पर तय होगी जिम्मेदारी, 80% शिकायतों में संतुष्ट फीडबैक अनिवार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया, 12 अगस्त।** आईजीआरएस की रैंकिंग में सुधार और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही, औपचारिकता या नियमविरुद्ध कार्रवाई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रैंकिंग प्रभावित हुई तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और ऑपरेटरों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस का लॉगिन और पासवर्ड अधिकारी स्वयं अपने पास रखें। अधिकारी प्रतिदिन पोर्टल पर लॉगिन कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करें और प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समयसीमा में वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से संपर्क कर उसकी समस्या और पक्ष को समझना जरूरी है।




समाधान के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी प्राप्त की जाए। निस्तारण आख्या में शिकायत की श्रेणी, वास्तविक स्थिति, जांच में सामने आए तथ्य और की गई कार्रवाई का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

**80 प्रतिशत मामलों में संतुष्ट फीडबैक का लक्ष्य**

डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि कम से कम 80 प्रतिशत प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं से संतुष्ट फीडबैक प्राप्त होना चाहिए। संतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों को आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करना भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मानकों के अनुरूप निस्तारण नहीं होने पर संबंधित विभाग की रैंकिंग प्रभावित होगी और इसकी जवाबदेही संबंधित अधिकारी की होगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि केवल पोर्टल पर शिकायत को निस्तारित दिखा देना पर्याप्त नहीं है। निस्तारण ऐसा हो, जो तथ्यों पर आधारित, पारदर्शी और शिकायतकर्ता की वास्तविक समस्या के समाधान पर केंद्रित हो। तथ्यहीन अथवा महज औपचारिक निस्तारण पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने भी अधिकारियों को आईजीआरएस, शासन संदर्भ, मुख्यमंत्री कार्यालय समेत विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों का पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यालयाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और संबंधित ऑपरेटर मौजूद रहे।

# भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा में लगे भारत माता की जय के गगनभेदी नारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** 'वंदे मातरम' और भारत माता की जय के गगनभेदी उद्घोष के बीच बुधवार को भाजपा कोंच नगर मंडल के तत्वाधान में नगर में भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। 110 मीटर लंबा तिरंगा ध्वज तिरंगा यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा। तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं कार्यकर्ता सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोग एवं नागरिक शामिल रहे। राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव दिवस का संदेश जन जन तक पहुंचाकर लोगों को राष्ट्रीय पर्व के उल्लास में सहभागी बनाने के उद्देश्य से भाजपा संगठन के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंडल स्तर पर निकाली जा रही तिरंगा यात्रा गल्ला मंडी परिसर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से आरंभ हुई। माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष/ तिरंगा यात्रा प्रभारी उदयन पालीवाल एवं नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से तिरंगा ध्वज लहराकर यात्रा की शुरुआत की। मारकंडेश्वर तिराहा, रेलवे क्रासिंग, सागर चौकी, चंदकुआं, स्टेट बैंक, छावला की पुलिया से होकर यात्रा भारत माता मंदिर पहुंची जहां स्वतंत्रता की लड़ाई में सर्वस्व न्यौछावर करने वाले माँ भारती के वीर अमर सपूतों को नमन किया गया। तिरंगा यात्रा में शामिल लोग हाँथों में तिरंगा ध्वज थामकर डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों पर झूमते नाचते और नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। भारत माता एवं महारानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में सजकर बग्घी पर सवार बालिकाएँ आकर्षण का केंद्र बिंदु रहीं। एमपीडीसी महाविद्यालय एवं एसआरपी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स निर्धारित गणवेश धारण कर कतार में साथ चल रहे थे। सूरजज्ञान और विद्या मंदिर कॉलेज के छात्र घोष वादन करते हुए यात्रा में शामिल रहे। रास्ते में जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा की गई, साथ ही एसआरपी कॉलेज, बजाज एजेंसी, गहोई भवन आदि स्थानों पर स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। भारत माता मंदिर पर नगर पालिका परिषद द्वारा स्वल्पाहार की उत्तम व्यवस्था रही। चंदकुआँ चौराहा स्थित महारानी लक्ष्मीबाई स्मारक पर विधायक सहित अन्य लोगों ने महारानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर बोलते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्र प्रेम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें सभी की सहभागिता और सहयोग निश्चित रूप से सराहनीय रहा है। संचालन राजेंद्र दुबे ने किया। इस मौके पर अमित निरंजन, रामलखन औदिच्य, सोनू पटेल बोहरा, सत्येंद्र निरंजन शीलू, सुनील शर्मा, सुनील लोहिया, मुनिया बसोव, बाबूराम पाल, विपिन पटेल एड, गौरी चबोर, विकास पटेल धनौरा, अवधेश पटेल पचीपुरी, नरेंद्र द्विवेदी, मो वसीम सिद्दीकी, शीतल कुशवाहा, शीतल सिंह सेंगर, वंदना पांचाल, कढोरे बाबूजी, शिवप्रसाद निरंजन, सुशील दूरवार, गौरव तिवारी, रामबाबू निरंजन नरी, दीपक गर्ग, सौरभ पुरवार, अनिल अग्रवाल, नरेश वर्मा, अमरेंद्र दुबे आदि सहित कमला नेहरू बालिका विद्यालय, नाथूराम बालिका विद्यालय, एसटीके बालिका विद्यालय, बालिका विद्या मंदिर, अमरचंद माहेश्वरी विद्यालय, एसआरपी विद्यालय, विवेकानंद द ग्लोबल स्कूल, रामस्वरूप रावत इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर, सूरजज्ञान स्कूल के विद्यार्थी, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षकाएं और स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल रहे।

## बरीपाल मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रामीण के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**कानपुर ग्रामीण।** सजेती,बरीपाल हर घर तिरंगा अभियान के तहत् बुधवार को भाजपा बरीपाल मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारों के साथ निकली यात्रा ने पूरे क्षेत्र में देश भक्ति का माहौल बना दिया,इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कानपुर ग्रामीण उपेंद्र पासवान, मंडल अध्यक्ष बरीपाल आशीष पाठक,, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन प्रजापति,, मंडल मीडिया प्रमुख कमलेश कुमार शुक्ला, मंडल महामंत्री डॉ रणवीर सचान, मंडल मंत्री संतोष प्रजापति, भाजपा कानपुर ग्रामीण ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य आम जनमानस में राष्ट्र की भावना को और मजबूत करना हैं प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करना हैं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं स्कूली बच्चे शामिल रहे, वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा केवल देश का ध्वज नहीं बल्कि भारत की आन-बान शान का प्रतीक है, तिरंगा यात्रा लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला ,जगह जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया,इस मौके पर मंडल की सभी उपाध्यक्ष गण सभी महामंत्री गण, मंडल मंत्री गण जिला उपाध्यक्ष गण जिला कार्यसमिति गण एवं मंडल के सभी कार्य समिति गण बूथ अध्यक्ष गण सेक्टर संयोजक गण एवं सभी कार्य कर्ता गणों ने तिरंगा यात्रा उत्साह पूर्वक निकाली गई।

# बहन की शादी के लिए चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जाजमऊ थाना पुलिस को एक बंद घर में की गई चोरी के अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त ज़फ़र ने पूछताछ में बताया कि उसने यह चोरी अपनी बहिन की शादी में गहने आदि देने के लिए की है। अभियुक्त की बहिन की शादी अभी हाल ही में है। यह जानकारी देते हुए अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी शिवा सिंह ने बताया कि जाजमऊ थाना क्षेत्र की निवासी वादिनी सूफिया पत्नी अनीस ने जाजमऊ थाना पर एफआईआर दर्ज कराई थी कि दिनांक 10.8.26 को जब वो लोग घर में ताला डालकर लखनऊ गये थे तो किसीने उनकी छत से खिड़की तोड़कर अंदर आकर अलमारी में रखे गहने और रुपए चोरी कर लिए हैं। अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें बनाई गई, और खुफिया तंत्र भी मजबूत किया गया तथा सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गये। विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त सम्बन्धित प्रकाश में आया अभियुक्त जफर पुत्र स्व0 मो0 सलीम निवासी किराये का मकान/ आराजी नंबर 690 तकुआ मस्जिद के पास ताडबगिया थाना जाजमऊ कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष को उ0नि0 श्री अमित कुमार मय पुलिस बल द्वारा माल मुल्जिमान के गिरफ्तार किया गया है माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 317 (2) बीएनएस की बढौत्तरी की गयी तथा गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त के पास से 4 अदद अंगूठी सोने की, 1 जोड़ी कान के बूंदे सोने के,1 अदद जोड़ी कान के झुमके सोने के,1 टूटी हुई चेन सोने की, 4 अदद चूड़ियाँ चांदी की,1 20/- का आयताकार सफेद धातु का सिक्का 1 1/- का सफेद धातु का गोल सिक्का,1 अदद सफेद धातु का घुंघरू बरामद हुए हैं।

## महिला कांवड़िये के दो वर्षीय बेटे की हालत बिगड़ी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** धौरहरा थाना क्षेत्र के गांव महादेव कफारा से गोला शिवमंदिर में कांवड़ लेकर आरहे कांवड़ियों के जत्थे में आयी महिला कावड़िया गेंदा देवी के दो वर्षीय बेटे हिमांशु की अचानक तबियत बिगड़ गई, कांवड़ियों का जत्था केशवापुर में रुका हुआ था, जिसकी भनक पुलिस चौकी केशवापुर मे तैनात आरक्षी अरविंद कुमार फौजी को लगी, मां गेंदा देवी बिलखने लगी,अरविंद फौजी ने बिना समय गंवाए अपनी निजी गाड़ी से मां-बेटे को गोला सीएचसी पहुंचाया, जहां बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया, गया था, कुछ समय पश्चात उसके स्वास्थ्य मे सुधार होने पर उसकी अस्पताल से छुट्टी भी हो गई, आरक्षी के इस नेक कार्य की सराहना व उनकी भूरि भूरि प्रहंसा कांवड़िये के साथ कस्बेवासी भी कर रहे हैं।

# कावड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का ब्लॉक प्रमुख ने किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** श्रवण मास तीसरे सोमवार पर जल अभिषेक करने के लिए आज विकासखंड भदपुरा के अनेक ऑन ग्रामों से कावड़ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के जत्थे रवाना हुए इसके लिए श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली आज की व्यवस्था करके अपने-अपने स्थान के शिव मंदिरों से एकत्रित होकर कछला घाट को जल लेने के लिए प्रस्थान किया। इसी क्रम में बबूरी से कावड़ियों के दल को भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने शिव भक्तों को अंग वस्त्र भेंट कर विदा किया नवादा इमामाबाद में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य विजय पटेल ने भी शिव भक्तों को गमछे देकर उनको विदा किया यहां से भारी संख्या में शिव भक्त कछला घाट को जल लेने के लिए रवाना हुए हैं इसी क्रम में अमीर नगर को गुलड़ाई से विमलेश कुमार। करुआ साहिबगंज राजेंद्र कुमार पनवाडिया इलाका जलालपुर कृष्णपाल ढकिया बर्कली से संतोष तिगरी से बाबूराम किशनपुर कुइया से योगेश कुमार महमूदपुर से पूरनलाल पेहना से राजेंद्र कुमार गुप्ता बिहारीपुर अब्दुल रहमान से कमलेश नवादा इमामाबाद से भूमेंद्र राठौर मेथी नवदिया से प्रमोद कुमार आदि स्थानों से श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जल अभिषेक करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु कछला घाट को रवाना हुए हैं।

# धूमधाम के साथ निकली सुंदरी मंडल की तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/**विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत भाजपा के सुंदरी मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया इस यात्रा में भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार भूमि विकास बैंक के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर रविंद्र सिंह राठौड़ विधायक डॉक्टर एमपी आर्य जिला मंत्री महिला मोर्चा डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार मीना गंगवार के साथ ही बड़े गौरव के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन। जवेदा के पंचायत भवन से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया यहां से गांव में भ्रमण करते हुए माधौपुर जाने वाली सड़क के तिराहे पर बने शिव मंदिर पर जाकर समाप्त हुई इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित वीरेंद्र सिंह मेमोरियल कन्या इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया भारी भीड़ के साथ इस तिरंगा यात्रा में लोग सम्मिलित हुए। इसमें ग्राम प्रधान गंगाराम एवं अन्य भाजपा के कार्य करता भी सम्मिलित हुए इसमें विशेष रूप से सुंदरी मंडल के अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह के इस क्षेत्र में निकाली गई तिरंगा यात्रा में जुटी भीड़ से जनप्रतिनिधि हुए गदगद इसके बाद शिव मंदिर पर पहुंचने के बाद भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त किया। और कहा यह तिरंगा यात्रा अभी तक केवल 15 अगस्त 26 जनवरी के पर्वों पर केवल सरकारी कार्यालय पर ही सीमित थी परंतु देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आजादी का गौरव बढ़ाते हुए इस तिरंगा यात्रा को प्रत्येक जगह पर संचालित करने का कार्य किया यह हम सबके लिए गौरव का विषय है साथ ही यह तिरंगा यात्रा उन अमर शहीदों के लिए भी यादगार है। जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना परिवार के साथ अपना जीवन इस देश को समर्पित किया यह उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि और श्रद्धांजलि भी है आज हम सब उनके ऋणी हैं यदि उन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी कुर्बानी ना दी होती तो हम आज भी गुलाम होते और इस तिरंगे को सलाम नहीं कर पाते यहीं पर घूम विकास बैंक के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर रविंदर सिंह राठौर ने अपने संबोधन में कहा यह तिरंगा यात्रा हम सबके लिए गौरव का विषय है। परंतु जब तक देश की 140 करोड़ आबादी के हाथ में यह तिरंगा ध्वज नहीं आएगा तब तक इस आजादी का पूर्ण आनंद प्राप्त नहीं हो पाएगा इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम को संचालित किया है जिसके तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया यहां पर उपस्थित भाजपा के सुंदरी मंडल अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष जमुना प्रसाद कश्यप डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार विधायक डॉक्टर आर्य पूर्वब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र कुमार गंगवार उर्फ पिंटू नदकिशोर श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

# नगला बीच मंडल में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, भारत माता के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद के नगला बीच मंडल में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में क्षेत्र की जनता ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में तिरंगा झंडा लेकर पहुंचे लोगों ने 'भारत माता की जय' और राष्ट्रभक्ति के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह रहे। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में देशभक्ति का जोश और उत्साह देखने को मिला। तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन भाजपा नगला बीच मंडल अध्यक्ष अजीत कुशवाहा एवं मंडल प्रभारी दिनेश गुप्ता सहित मंडल के समस्त पदाधिकारीगण के नेतृत्व में किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में क्षेत्र की जनता का उत्साह देखते ही बन रहा था। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर लोगों ने देश के प्रति अपना सम्मान और प्रेम प्रकट किया।

भारत माता की जय और राष्ट्रभक्ति के जयकारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत भी किया। कार्यक्रम में भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। पूर्व विधायक शिव सिंह चक, हनुमंत बघेल, नीलम दिवाकर, विनोद कुमार सिंह बिन्नू, महेश माहौर, संदीप जैन, के. गुप्ता, विक्रम सिंह, सत्यम सिंह, अतुल गुप्ता एवं अमरपाल राजपूत सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**राष्ट्रप्रेम और एकता का दिया संदेश**

तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अपना योगदान दे। भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# टूण्डला में आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगेगा नगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर टूण्डला में 13 अगस्त, दिन गुरुवार को भव्य एवं दिव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा के दौरान पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा।

**शाम 4 बजे दीपा चौराहे से होगी शुरुआत**

भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ शाम 4 बजे दीपा चौराहे से होगा। यहां से यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील टूण्डला तक पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश देते हुए शामिल होंगे।

**सामाजिक संगठनों से लेकर युवा और मातृशक्ति तक की सहभागिता**

तिरंगा यात्रा में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन, संस्थाएं, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, युवा, मातृशक्ति एवं नगरवासी बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। यात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। तिरंगे के साथ निकलने वाली इस यात्रा में देशभक्ति के नारों से नगर का वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत नजर आएगा।

**देश की आन-बान-शान का प्रतीक बनेगा तिरंगा**

तिरंगा केवल देश का राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों में राष्ट्रीय गौरव, एकता, भाईचारे और देश के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। यात्रा में शामिल होने वाले लोग हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करेंगे।

**नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील**

आयोजकों ने टूण्डला नगरवासियों से अपील की है कि इस गौरवपूर्ण तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करें। आयोजकों का कहना है कि यात्रा पूरे उत्साह, उमंग और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ निकाली जाएगी।

**दीपा चौराहे से तहसील तक गूंजेगा देशभक्ति का संदेश**

दीपा चौराहे से तहसील टूण्डला तक निकलने वाली यह तिरंगा यात्रा नगरवासियों के लिए राष्ट्रभक्ति, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाली विशेष यात्रा होगी। 13 अगस्त की शाम टूण्डला की सड़कों पर लहराता तिरंगा और देशभक्ति के नारों से गूंजता वातावरण नगर की एकजुटता और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रदर्शित करेगा।

# विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने मुख्य बाजार में किया तिरंगा वितरण, दुकानदारों में दिखा उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूंडला, फिरोजाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से टूंडला विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने बुधवार को टूंडला के मुख्य बाजार में दुकानदारों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया। विधायक ने बाजार में पहुंचकर दुकानदारों से मुलाकात की और उन्हें तिरंगा भेंट कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

**दुकानदारों से किया आत्मीय संवाद**

विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने मुख्य बाजार की विभिन्न दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों को तिरंगा झंडा प्रदान किया। इस दौरान उनका सरल और शालीन व्यवहार लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। उन्होंने दुकानदारों से आत्मीयता के साथ बातचीत की और स्वतंत्रता दिवस को उत्साह एवं सम्मान के साथ मनाने का आह्वान किया। तिरंगा वितरण के दौरान बाजार में मौजूद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। दुकानदारों ने विधायक के इस पहल की सराहना करते हुए तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

**राष्ट्रप्रेम और एकता का दिया संदेश**

विधायक ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाने और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने की अपील की। तिरंगा वितरण कार्यक्रम के दौरान विधायक के साथ भाजपा नगर अध्यक्ष आजाद जैन, दीपक चौधरी सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता, सभासद एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने भी दुकानदारों और बाजार में मौजूद लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

**मुख्य बाजार में दिखा देशभक्ति का माहौल**

विधायक द्वारा दुकानदारों को तिरंगा वितरित किए जाने के बाद मुख्य बाजार में देशभक्ति का माहौल नजर आया। दुकानदारों ने तिरंगे को सम्मानपूर्वक स्वीकार किया।

इस दौरान लोगों ने राष्ट्र के प्रति अपने सम्मान और प्रेम का प्रदर्शन करते हुए स्वतंत्रता दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान देने वाले वीरों को याद करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का भी दिन है।

## सड़क किनारे खड़े 209 वाहनों पर कार्यवाही

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 209 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई । यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली विशाल तिरंगा यात्रा, तिरंगे के रंग में रंगा शहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को सरसैया घाट से ग्रीन पार्क स्टेडियम तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में आन-बान-शान से लहराता तिरंगा और चेहरों पर देश के प्रति गर्व का भाव लिए हजारों कदम एक साथ आगे बढ़े तो पूरा यात्रा मार्ग राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग गया। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, युवाओं, सुरक्षाबलों के जवानों, विभिन्न विभागों के कार्मिकों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। यात्रा के साथ चल रहे विद्यार्थियों और स्काउट के बैंड ने देशभक्ति की धुनें बजाकर समा बांध दिया। बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अमर शहीदों को नमन करते नारे लगातार गूंजते रहे। हाथों में लहराते राष्ट्रध्वज, बैंड की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों और नारों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। तिरंगा यात्रा में विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक सरोज कुरील, विधायक नीलिमा कटियार, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन और प्रशिक्षु आईएएस संदीप कुमार शामिल हुए। स्कूली छात्र-छात्राओं, आईटीबीपी एवं अन्य सुरक्षा बलों के जवानों, एनसीसी कैडेटों, स्काउट, विभिन्न विभागों के कार्मिकों और बड़ी संख्या में शहरवासियों की भागीदारी ने यात्रा को जनोत्सव का स्वरूप प्रदान किया। तिरंगा यात्रा का विशेष आकर्षण भारत माता की झांकी रही। इसमें छात्राओं ने भारत माता के साथ वैज्ञानिक, अधिवक्ता, पुलिसकर्मी और प्रशासक की भूमिका निभाई। झांकी के माध्यम से वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से वर्ष 1950 में देश का संविधान लागू होने तक की उपलब्धि तथा इसके बाद निरंतर प्रगति करते हुए विकसित भारत की ओर बदलती तस्वीर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत की गई। झांकी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से लेकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते आधुनिक भारत की गौरवगाथा को जीवंत कर दिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तिरंगा देश के गौरव, स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। उन्होंने जनपदवासियों से अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराने और हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप देने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला मंत्री आलोक सिंह के नेतृत्व में निकली भाजपा की तिरंगा यात्रा



**चुनार, मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई मंत्री आलोक सिंह के नेतृत्व मे वुधवारको तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा ऐतिहासिक किला के मैदान से शुरु होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुह्यराज निषाद पार्क पहुच कर निषाद राज के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, पन्द्रह अगस्त अमर रहे जैसे गगन भेदी जयघोषो से नगर गुंजायमान हो उठा, ऐसा प्रतित हो रहा था कि मानो समूचा नगर राष्ट्रभक्ति के रंग मे रंग गया हो। इस दौरान मण्डल प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष मंगरु साहनी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह, बिजय बहादुर सिंह, गौतम जायसवाल, विजय बहादुर बिंद, संजय साहू, रामबृक्ष पाल, संजय सोनकर, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरिय विश्वविद्यालय शाखा चुनार की ब्रह्माकुमारिया आदि सहित बडी संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शराब के नशे में युवकों ने किया होटल में हंगामा

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के चेचरी मोड़ स्थित सूरज होटल में कुछ युवकों द्वारा कथित तौर पर हंगामा और तोड़फोड़ किए जाने के मामले में होटल मालिक ने चुनार कोतवाली में मंगलवार को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया है। तहरीर के अनुसार शराब के नशे में धुत्त कुछ युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए तोड़फोड़ की जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया था। बताया जा रहा है कि है कि आरोपी सरैया सिकंदरपुर के मड़ई गांव के निवासी हैं। घटना का सीसी कैमरे में कैद विडियो चुनार कोतवाली में दे दिया गया है। जिसमें होटल के अन्दर हंगामे और तोड़फोड़ जैसे दृश्य दिखाई दे रहे हैं। होटल मालिक सूरज देव पंडित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में पुलिस की ओर से अभी तक कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत हुआ कि नहीं।

### भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**सीखड़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल के नेतृत्व में यात्रा ब्लॉक मुख्यालय से बगहा गेट होते हुए खैरा आजाद चौक पहुंची, जहां महापुरुषों को पुष्प अर्पित कर यात्रा का समापन हुआ। करीब एक किलोमीटर की यात्रा में श्री शिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज हासीपुर, व उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरा के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों, क्षेत्रीय जनता तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारत माता की जय के उद्घोष से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगा यात्रा प्रभारी उपाध्यक्ष रणवीर प्रताप सिंह रहे मुख्य अतिथि विजय वर्मा, विशिष्ट अतिथि, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह रहे मंडल प्रभारी राजबहादुर सिंहआनंद शर्मा, फूल गेन सिंह विजय नारायण सिंह संजय मिश्रा, बृजमोहन जायसवाल, डॉ संजय कुमार भूपेंद्र सिंह अनंगपाल सिंह जय प्रकाश त्रिपाठी सुरेंद्र पांडेय सुनील कुमार बिंद सत्य प्रकाश सिंह नागेंद्र सिंह कृष्णदेव सिंह रिना शर्मा पुष्पा सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में खैरा चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव मै पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे।

### संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष चयन प्रक्रिया शुरू

**भदोही।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत भदोही में नए जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ज्ञानपुर स्थित निजी लॉन में बुधवार को पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से राय-सुझाव लिए। एआईसीसी पर्यवेक्षक कमलकांत शर्मा तथा पीसीसी पर्यवेक्षक मनीष मिश्रा और राजीव त्रिपाठी ने बताया कि करीब 250 कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन संवाद किया गया। पर्यवेक्षक करीब 10 दिनों तक जिले में रहकर कार्यकर्ताओं की राय लेंगे। इसके आधार पर छह नामों का पैनल तैयार कर एआईसीसी को भेजा जाएगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के विचार-विमर्श के बाद नए जिला अध्यक्ष की घोषणा होगी। इस अभियान में शामिल कांग्रेसजनों का आभार जताते हुए कहा कि संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत से मजबूत होता है। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, ब्लॉक व मंडल अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण में अनियमितता पर ग्रामीणों में आक्रोश

## कचनरवा बाजार में पीसीसी निर्माण कार्य में जगह जगह दरार, विभाग मौन, उठी जाँच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोन/सोनभद्र-** रॉबर्ट्सगंज विधान सभा के अंतर्गत करोड़ों रुपये की लागत से पीडब्लूडी बन रही सड़क कोन विंढमगंज मार्ग में मानक की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कचनरवा मुख्य बाजार में पीडब्लूडी के ठेकेदार द्वारा पीसीसी लगभग 700 मीटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा जिसमें जमकर मानक की अनदेखी की जा है जो कि साफ तौर पर देखा जा सकता है। निर्माण के तुरंत बाद ही पीसीसी फट जाना स्वयं ही सबसे बड़ा सवाल खड़े करता है और जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मौन है। सबसे बड़ा सवाल है कि प्रदेश के मुखिया व प्रदेश सरकार जहाँ भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस के लिए कटिवद्ध हैं पर वहीं जमीनी हकीकत है कि सम्बंधित ठेकेदार द्वारा उनके आदेशों को दरकिनार कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।जिसके क्रम में बीपैक्स अध्यक्ष संतोष जायसवाल व जिला पंचायत सदस्य छविंद्रनाथ चेरो सहित वरिष्ठ समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि पीसीसी निर्माण में मानक की व्यापक पैमाने पर अनदेखी की जा रही है। जिसके फलस्वरूप जगह जगह पीसीसी में दरार आ जा रही है जो गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करता है। जिसके क्रम में सम्बंधित विभाग के एकशियन, जे ई व सदर विधायक को अवगत कराया जा चुका है फिर भी मामला जस का तस है। इसी तरह सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है जहां टर्निंग पॉइंट पर बिना चौडीकरण किये ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो हादसों को दावत दे रहा है। बतातें चलें कि ठेकेदार की मनमानी से लोगों में भारी आक्रोश ब्याप्त है और स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मानक के अनुरूप गुणवत्तापरक कार्य कराने की मांग किया है। इस बावत पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता (ई ई) मनोज कुमार नायक ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है जिसके क्रम में सम्बंधित जे ई को अवगत कराकर प्रकरण की जाँच कराते हैं अगर निर्माण कार्य में लापरवाही बरती पायी गई तो सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही कराते हुए पुनः निर्माण कार्य कराया जायेगा।

### रेनुकूट-पिपरी-मुर्धवा मार्केट क्षेत्र में बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान संचालित




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/** उत्तर प्रदेश -जिलाधिकारी सोनभद्र एवं उप श्रमायुक्त, मिर्जापुर क्षेत्र के निर्देशानुसार रेनुकूट-पिपरी-मुर्धवा मार्केट क्षेत्र में श्रम विभाग एवं Association for Voluntary Action के समन्वय से बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान एवं रेस्क्यू ड्राइव संचालित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं दुकानों का निरीक्षण करते हुए बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें एक किशोर श्रमिक की पहचान की गई। टीम द्वारा किशोर श्रमिक का रेस्क्यू कर उसे श्रम से मुक्त कराया गया तथा नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई एवं पुनर्वासन की प्रक्रिया शुरू की गई। अभियान के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को बाल एवं किशोर श्रम से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बच्चों से श्रम न कराने के लिए जागरूक किया गया।अभियान के दौरान व्यापार मंडल की बैठक में भी प्रतिभाग किया गया। अधिकारियों द्वारा व्यापारियों से बाल श्रम मुक्त अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। बाल श्रमिकों के चिन्हांकन, रेस्क्यू एवं पुनर्वासन की प्रक्रिया में प्रशासन एवं श्रम विभाग को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया।


अभियान का उद्देश्य रेनुकूट-पिपरी-मुर्धवा मार्केट क्षेत्र को बाल श्रम मुक्त बनाना तथा बच्चों के सुरक्षित, शिक्षित एवं बेहतर भविष्य के लिए सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता के साथ-साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई भी लगातार जारी रखी जाएगी, ताकि बच्चों को शिक्षा एवं विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।

### गड्ढे में गिरने से महिला की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बिलरा पटेहरा गांव में बुधवार भोर लगभग 3 बजे एक दर्दनाक हादसे में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान निशा पत्नी सुरेश के रूप में हुई है। बताया गया कि निशा रोज की तरह तड़के उठकर घर के पशुओं को चारा-पानी देने के लिए निकली थीं। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में वह एक गड्ढे में गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने बताया कि महिला पशुओं की देखभाल के लिए घर से बाहर निकली थीं, तभी अंधेरे में गड्ढे में गिर जाने से यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही ड्रमंडगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

### सम्पूर्ण साधनो में सर्वोपरी साधन राम नाम का किर्तन



**सीखड़ संवाद,** प्रचीन हनुमान मंदिर बिठ्ठलपुर, सीखड़ के प्रांगण में प्रवाहित हो रही संगीतमय श्रीराम कथा के मंच से कथावाचक पं विश्वकान्ताचार्य जी महाराज (आचार्यद्वय 8 ने कथा के तीसरे दिवस के प्रसंग में श्री रामचरितमानस के अनुसार कथा श्रवण कराते हुए कहा कि कलियुग के दोशों से दुखित होकर गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने एक ऐसे ग्रंथ की रचना किए जिसके एक एक सुत्रों से मनुष्य अपने आप को राघव चरणानुरागी बना लेता है, उसी ग्रंथ का नाम रामचरित मानस रखा गया। कथा के तीसरे दिवस के प्रसंग में शिव विवाह और राम जन्मोत्सव पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला उपस्थित श्रोताओं ने कथा का श्रवण कर मन मुग्ध होकर श्रद्धा पूण? नाचने लगे। उक्त अवसर पर कथा के यजमान सुनील सिंह मंदिर के पुजारी कपिल देव पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु श्रोत्ता जन उपस्थित रहे।

# श्रावण शिवरात्रि पर रिहंदेश्वर महादेव का भव्य रुद्राभिषेक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

## सुंदरकांड पाठ से लेकर रुद्राभिषेक तक भक्तिमय रहा मंदिर परिसर

**बीजपुर/सोनभद्र-** श्रावण शिवरात्रि के पावन अवसर पर रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आधुनिक वाद्ययंत्रों के साथ सस्वर सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके पश्चात मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं अपर महाप्रबंधक योगेश त्रिपाठी ने विधि-विधानपूर्वक रिहंदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया। मुख्य पुजारी राधेश्याम दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया।


**सावन भर गूंज रहा हर-हर महादेव,**

**जलाभिषेक में उमड़ रहे श्रद्धालु**

रिहंदेश्वर धाम मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी अनन्त मोहन ने बताया कि सावन मास के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। तीन अगस्त से श्रद्धालु प्रातःकाल डीएवी स्कूल के निकट टीटीएस स्थित शिव मंदिर तथा एनएच-3 स्थित शिव मंदिर से जल लेकर रिहंदेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर रहे हैं। महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में इस अभियान में शामिल हो रहे हैं। सायंकाल महिला मंडली द्वारा भजन-कीर्तन एवं ' नमः शिवाय' महामंत्र का 11 माला सामूहिक जाप किया जा रहा है। इसके बाद महादेव का आकर्षक श्रृंगार, शयन आरती एवं प्रसाद वितरण होता है। पूरे सावन मास में मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से आगामी धार्मिक आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया है।

# 300 वर्षों से अधिक पुरानी भूमि के मामले में न्याय की उम्मीद, एसडीएम ओबरा को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ओबरा/सोनभद्र-** ग्राम पंचायत पड़रछ के गरीब किसानों की लगभग 300 वर्षों से अधिक पुरानी भूमि एवं निवास संबंधी समस्या को लेकर अपना दल (एस) युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उप जिलाधिकारी ओबरा श रवि कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ग्राम पंचायत पड़रछ में कई गरीब किसान परिवार पीढ़ियों से उक्त भूमि पर निवास करते आ रहे हैं। उनकी कई पीढ़ियां इसी भूमि पर अपना जीवन व्यतीत कर चुकी हैं और वर्तमान में भी उनके मकान बने हुए हैं। ग्रामीणों के पास लंबे समय से निवास एवं भूमि से संबंधित विभिन्न दस्तावेज भी उपलब्ध हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि वर्तमान में असंक्रमणीय प्रकृति की भूमि को नियमानुसार संक्रमणीय किए जाने की कार्रवाई की जाए, जिससे वर्षों से भूमि पर निवास एवं खेती कर रहे गरीब किसानों को न्याय मिल सके और भविष्य में यदि किसी विकास परियोजना अथवा प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के कारण उनकी भूमि प्रभावित होती है तो उन्हें नियमानुसार उचित एवं न्यायसंगत मुआवजा प्राप्त हो सके। इस दौरान आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि विकास कार्यों का विरोध नहीं है, लेकिन विकास की प्रक्रिया में गरीब किसानों के अधिकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की कई पीढ़ियां एक ही भूमि पर रह चुकी हैं, उनके साथ न्याय होना आवश्यक है। भूमि को नियमानुसार संक्रमणीय किए जाने से गरीब किसानों के अधिकार सुरक्षित होंगे और उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से जनाब महताब आलम, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच, सोनी खान, जिला कार्यकारिणी सदस्य; राजकुमार यादव, युवा मंच जिला उपाध्यक्ष; दिनेश केसरी, पूर्व जिला सचिव; विकास कुमार गौड़, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ओबरा शामिल रहे। इसके अलावा ग्राम पंचायत पड़रछ से शम्भू पटेल, मानिक पटेल, संतोष राय, विवेक राय, नरेश पटेल, राधेश्याम विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, सुदर्शन पटेल एवं दीपक राय सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद उप जिलाधिकारी ओबरा रवि कुमार ने आश्वस्त किया कि गरीब किसानों के साथ हर हाल में न्याय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रकरण की नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई की जाएगी तथा पात्र किसानों की भूमि को संक्रमणीय किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि लंबे समय से चली आ रही उनकी भूमि संबंधी समस्या का अब समाधान होगा और उन्हें न्याय मिलेगा।

# आकाशीय बिजली गिरने से दुधारू भैंस की मौत, पशुपालक को हुआ भारी नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र की बरौधा चौकी अंतर्गत कठारी गांव में सोमवार 11 अगस्त की रात लगभग 9 बजे तेज गरज-चमक के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक दुधारू भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पशुपालक परिवार को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। बताया गया कि भैंस घर के पास बंधी हुई थी, तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और उसकी चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। भैंस के बगल में खड़ा चिलबिल का पेड़ भी बिजली की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों के अनुसार बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि पूरे गांव में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पशुपालक ने बताया कि मृत भैंस ने लगभग छह दिन पहले ही बच्चे को जन्म दिया था, जिससे परिवार को दूध उत्पादन और पशुपालन से अच्छी आय की उम्मीद थी। अचानक हुई इस घटना से परिवार की आर्थिक स्थिति पर बड़ा असर पड़ा है।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान देव कुमार कुशवाहा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद राजस्व विभाग को सूचना देते हुए क्षेत्रीय लेखपाल को अवगत कराया गया। सूचना पाकर लेखपाल मौके पर पहुंचे और नुकसान का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। वहीं पशुपालन विभाग को भी घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद पशुचिकित्सक को सूचित किया गया। अधिकारियों द्वारा घटना से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित पशुपालक को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। गांव में इस घटना को लेकर शोक का माहौल है तथा लोग प्राकृतिक आपदा से हुई इस क्षति पर दुख व्यक्त कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दुधारू भैंस की मौत से परिवार को बड़ा आर्थिक झटका लगा है, जिसकी भरपाई बिना सरकारी सहायता के संभव नहीं है।


### हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत जनपद के विद्यालयों में निकली तिरंगा रैली



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' को जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की और देशभक्ति के नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्तिमय बना दिया। विद्यालयों में आयोजित तिरंगा रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' सहित देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। रैली में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने भी सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं गौरव की सामूहिक अभिव्यक्ति है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं देश के प्रति अपने दायित्वों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सहभागिता से अभियान को नई ऊर्जा मिली है तथा बच्चों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर को उत्साह एवं राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ मनाएं। विद्यालयों में आयोजित रैलियों के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम के गौरवपूर्ण इतिहास तथा देश के अमर शहीदों के बलिदान से परिचित कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी 'हर घर तिरंगा अभियान' में सहभागी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के साथ समाज के सभी वर्गों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रप्रेम, एकता एवं भाईचारे की भावना को और मजबूत किया जाए। विद्यालयों की तिरंगा रैलियों ने जनपद में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव का उत्साह और बढ़ा दिया। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना दिखाई दी।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक




**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत भदोही पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने गांवों, कस्बों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान, महिला अधिकारों और महिला अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। छेड़खानी या उत्पीड़न की स्थिति में भयभीत न होकर तत्काल पुलिस से शिकायत करने की अपील की गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन सहित अन्य उपयोगी नंबरों की जानकारी दी। साथ ही सोशल मीडिया के सावधानीपूर्वक इस्तेमाल और यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया गया।

### अश्लील व धमकी भरे वीडियो संदेश भेजने का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल, कॉल तथा कथित रूप से अश्लील, अभद्र और धमकी भरे ऑडियो-वीडियो संदेश भेजे जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने भदोही कोतवाली में शिकायती पत्र देकर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, शिकायतकर्ता के व्हाट्सऐप नंबर पर दोपहर करीब 1:24 बजे एक व्यक्ति की ओर से वीडियो कॉल की गई। आरोप है कि भदोही निवासी सत्ता पक्ष के एक युवा नेता ने बातचीत के दौरान अभद्र एवं गाली-गलौज वाली भाषा का प्रयोग किया गया, जिसके बाद कॉल काट दी गई। इसके कुछ समय बाद दोबारा वीडियो कॉल किए जाने तथा कथित तौर पर अश्लील, अभद्र एवं धमकीपूर्ण ऑडियो-वीडियो संदेश भेजे जाने का आरोप लगाया गया है।


शिकायतकर्ता के अनुसार, संबंधित नंबर को ब्लॉक किए जाने के बाद दूसरे नंबर से भी कॉल और कथित आपत्तिजनक ऑडियो-वीडियो संदेश भेजे गए। शिकायती पत्र में कहा गया है कि संबंधित कॉल, संदेश और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सुरक्षित रखे गए हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को उपलब्ध कराए जाएंगे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस प्रकार के कृत्यों से उन्हें जानबूझकर अपमानित, भयभीत एवं मानसिक रूप से उत्पीड़ित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने मामले में भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम समेत लागू अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर बीमार मिली बुजुर्ग महिला

**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर बुधवार 12 अगस्त को प्लेटफार्म नंबर 02 पर यात्रियों से सूचना मिली कि एक बुजुर्ग महिला काफी समय से बीमार अवस्था में लेटी हुई है। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी ज्ञानपुर रोड महिला कांस्टेबल स्वाति केसरवानी व आरपीएफ के ब्रजेश सिंह के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान महिला को तेज बुखार था और वह बेहद कमजोर दिख रही थी। महिला के सामान की तलाशी में एक झोले से आधार कार्ड मिला। आधार के अनुसार महिला की पहचान गिरजा देवी पत्नी लक्ष्मण चौधरी, निवासी रामजियावन गंज, जिला बक्सर,बिहार के रूप में हुई।मानवीयता दिखाते हुए एम्बुलेंस बुलाकर महिला को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया।महिला को आगे के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि महिला की स्थिति अब स्थिर है।

# ऑनलाइन निवेश के नाम पर होने वाली ठगी से बचाव के बताए उपाय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** दयावंती पुंज मॉडल स्कूल, सीतामढ़ी में बुधवार को साइबर थाना/साइबर सेल भदोही की टीम ने साइबर जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। साइबर थाना टीम ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवाईसी, बैंक खाता बंद होने, बिजली बिल बकाया होने, संदिग्ध लिंक, ओटीपी, यूपीआई पिन और ऑनलाइन ट्रेडिंग-इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। टीम ने बताया कि साइबर अपराधी पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डराते हैं और धनराशि जमा कराने का दबाव बनाते हैं। ऐसे किसी भी कॉल पर विश्वास न करने और तत्काल परिजनों व पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। छात्र-छात्राओं को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी, यूपीआई पिन व पासवर्ड किसी से साझा न करने तथा सोशल मीडिया खातों में मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का प्रयोग करने की सलाह दी गई। फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल से परिचित बनकर पैसे मांगने पर पहले संबंधित व्यक्ति से फोन पर पुष्टि करने को कहा गया। टीम ने बताया कि साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें। ठगी की सूचना जितनी जल्दी दी जाती है, धनराशि को रोकने की संभावना उतनी ही अधिक रहती है। पीड़ितों को लेन-देन की जानकारी, स्क्रीनशॉट, मोबाइल नंबर और अन्य साक्ष्य सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एस. जयवीर शर्मा, शिक्षक श्रवण बिंद, इंद्राणी शर्मा, हिया हजरा एवं पवनकांत पाण्डेय सहित करीब 150 से 200 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद रहे। अभियान में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय गुप्ता, हेड कांस्टेबल देवानंद और कांस्टेबल कन्हैया सिंह शामिल रहे।

### सोनभद्र को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर जन अधिकार पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**राबर्ट्सगंज/सोनभद्र-** जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य की अगुआई में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी कार्यालय सोनभद्र पहुंच जनपद सोनभद्र को सूखाग्रस्त जिला घोषित किए जाने कि मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। वार्ता के दौरान प्रदेश प्रमुख महासचिव डॉ भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा कि सोनभद्र में सामान्य से काफी कम बारिश होने के कारण अभी भी बड़े पैमाने पर धान की रोपाई बाकी है वही पानी के अभाव में धान की नर्सरी सूखकर खराब हो रही है । बारिश पर आधारित बांध व बंधियो की नहरें जहां लगती है, वहां स्टॉक पानी रहने की वजह से कुछ हद तक धान की खेती हुई है वो भी अब सूख रही है ऐसी दशा में जनपद सोनभद्र को तत्काल सूखाग्रस्त जिला घोषित किया जाए।

# शोहरतगढ़ में विधायक विनय वर्मा के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ कस्बा के शिवपति इण्टर इण्टर कॉलेज में बुधवार को सुबह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा के साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर लहराते हुये भारत माता, वंदेमातरम, शहीद बुधई का जय घोष किया। तिरंगा यात्रा विद्यालय से शुरू होकर, तिरंगा तिराहा गड़ाकुल, नगर पंचायत के सीएचसी, श्रीराम जानकी मंदिर, गोलघर, हनुमान मंदिर, भारत माता चौक, सोनारी मोहल्ला का भ्रमण करते हुये शहीद बुधई स्मारक स्थल पर यात्रा का समापन हुआ।



मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान व शान है। देश के अमर शहीदों को कभी देश भुला नहीं सकता। उन्होंने शहीद बुधई स्मारक पर माथा टेककर व श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता, अखंडता, एकता, बंधुत्व और देश के सम्मान की रक्षा के लिए देशवासियों को तिरंगा झंडा के नीचे एक साथ खड़े होने का संकल्प लेना होगा, ताकि देश सभी को साथ लेकर उन्नति की तरफ आगे बढ़ सके। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में हर घर तिरंगा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभा रहा है। इस दौरान तिरंगा यात्रा आयोजक विद्यालय शिवपति इंटर कालेज प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव, राम विलास यादव, हेमंत कुमार उपाध्याय, ब्रिजेन्द्र मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र कौशल, मनोज कुमार गुप्ता, रत्नेश सोनी, अनूप कसौधन, रामसेवक गुप्ता सहित भारी संख्या में छात्र - छात्राएं शामिल रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिनव प्रताप ने टीजीटी परीक्षा में 7वीं रैंक हासिल कर ज़िले का सम्मान बढ़ाया

**प्रतापगढ़।** जनपद के मान्धाता ब्लाक अन्तर्गत खरवई ग्राम के रहने वाले अभिनव प्रताप सिंह ने टीजीटी परीक्षा (पुरूष वर्ग आर्ट)में 500 में 488अंक प्राप्त कर प्रदेश में 7वीं रैंक हासिल कर जिले का सम्मान बढ़ाया। अभिनव ने इस सफलता का श्रेय अपनी माता तथा पिता को दिया है।उनकी माता गृहणी हैं जबकि पिता विजय कुमार सिंह सीआरपीएफ में निरीक्षक के पद पर जम्मू कश्मीर में कार्यरत हैं। अभिनव के बड़े भाई अभिजीत प्रताप सिंह प्रतापगढ़ में ही ग्राम्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। अभिनव सिंह की पत्नी भी बीएड तथा टेट परीक्षा पास हैं। अभिनव प्रताप सिंह इससे पूर्व एचडीएफसी बैंक में कार्यरत रहे। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला संरक्षक पूर्व प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह तथा नगर अध्यक्ष पूर्व सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह व नगर के निवासियों ने अभिनव सिंह के प्रतापगढ़ नगर स्थित श्रीकृष्ण जी पुरम निवास जाकर अंगवस्त्र, श्रीमद्भगवद्गीता भेंटकर सम्मानित किया तथा हौसला बढ़ाया।

### तुलसीसदन से कम्पनी बाग तक आज निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा

**प्रतापगढ़।** परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने बताया है कि हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत आज गुरुवार को अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक तुलसी सदन (हादीहाल) से कम्पनी गार्डेन तक चौक, श्रीराम तिराहा, राजापाल चौराहा, अम्बेडकर चौराहा होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियो, छात्र-छात्राओं आदि द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

### मार्ग दुर्घटना में मौत हुई, व्यक्ति के शव की नहीं हो पाई शिनाख्त




**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के करही पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की रात एक अज्ञात व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पहचान के लिए मोर्चरी हाउस, सिद्धार्थनगर में रखा गया है। शिवनगर पुलिस के अनुसार, आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होता था और पेट्रोल पंप के आसपास घूमता दिखाई देता था। कुछ लोगों ने उसके बांसी कस्बे में घूमने की भी जानकारी दी है। मृतक की पहचान के संकेत बाएं हाथ में लोहे का कड़ा एवं छल्ला, दाहिने पैर में लोहे का कड़ा तथा दाहिने हाथ पर तीर के आकार का टेढ़ा गोदना बना हुआ है।

# जनपदवासी 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा झण्डा फहरायें-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया है कि हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक सभी आवासित घरों, सरकारी, गैर सरकारी संस्थानो, व्यापारिक प्रतिष्ठानो, शहीद स्मारको, अमृत सरोवरो आदि पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित किये जायेगे और कार्यालयों को तिरंगा प्रकाश से सुसज्जित किया जायेगा। डीएम ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड करे तथा अपने-अपने घरों पर तिरंगा झण्डा फहरायें। उन्होने झण्डा फहराने के नियम के सम्बन्ध में बताया है कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना/लगाना है।

झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए, झण्डे को यदि सरकारी अवसर पर फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिये तथा सूर्यास्त के साथ सम्मान के साथ उतारना चाहिए। निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने वाले झण्डों को उक्त समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर रखा जायेगा। झण्डा उतारने के बाद किसी के भी द्वारा फेंका नहीं जायेगा उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए। विशेष परिस्थितियों में झण्डा रात्रि में फहराया जा सकता है तथा हर घर पर झण्डा विधिवत तरीके से लगाया जाना चाहिए, आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा।

### उसका बाजार में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उसका बाजार में भाजपाइयों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर मंगलवार को स्टेट बैंक के सामने स्थित गांधी चबूतरा मैदान से थाना रोड होते हुए तिरंगा चौक तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ मार्च किया। सड़क पर तिरंगा लेकर निकले लोगों से माहौल देशभक्ति से सराबोर नजर आया। यात्रा के दौरान लोगों ने देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में भाजपा के पदाधिकारी हेमन्त कुमार जायसवाल, कन्हैया पासवान, सत्य प्रकाश राही, राकेश आर्या, अंगद सहानी, सूरज मोदनवाल, समीर, अमन आदि रहे।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जनपद में आगमन आज

**जिला कारागार में निःशुल्क चश्मा वितरण के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगी सहभागिता**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा आज गुरुवार को जनपद प्रतापगढ़ के भ्रमण पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह 10 बजे कौशाम्बी के भरवारी स्थित कैंप कार्यालय से वाहन द्वारा प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगी। पूर्वान्ह 11 बजे वह ग्राम छेदी का पुरवा ग्राम सभा जेठवारा पहुंचकर पूर्व जिला महामंत्री भाजपा अशोक मिश्र के यहां शोक संवेदना कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। इसके बाद वह 11.10 बजे वहां से प्रस्थान कर 11.30 बजे प्रतापगढ़ स्थित निरीक्षण भवन पहुंचेंगी। महिला आयोग की सदस्य दोपहर 12.30 बजे जिला कारागार प्रतापगढ़ पहुंचेंगी, यहां उनके द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। इसके बाद अपरान्ह 1.45 बजे मेडिकल कालेज रोड गायघाट स्थित अधिवक्ता संजय सिंह के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगी। उसके उपरान्त अपरान्ह 2.30 बजे तुलसी सदन निर्मल तिराहा प्रतापगढ़ पहुंचेंगी, यहां आयोजित तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग करेंगी।

# साहित्योपलब्धि अलंकरण से डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' व अनीस देहाती नवाजे




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' व शेख मुंशी रजा अनीस देहाती को बहुभाषा और बहुविधा संबंधी प्रदेयों हेतु काव्यमय साहित्योपलब्धि अलंकरण से समलंकृत किया। दोनों के व्यक्तित्व कृतित्व को छांदस पद्यों में अभिव्यक्त किया गया है। सभी प्रबुद्ध साहित्यकारों ने साहित्य के बदलते परिदृश्य पर गहन मंथन किया। मुख्य अतिथि मंडल के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को संजोते हुए परिवर्तन को स्वीकार करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहा कि नई पीढ़ी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रोचक साहित्य रचना चाहिए। प्रमुख शिक्षाविद व साहित्यकार कृष्ण नारायण लाल श्रीवास्तव ने डॉ. रत्न को आज गुरुवार को अपनी तीन पुस्तकों के लोकार्पण के लिए थाना उदयपुर स्थित आवास पर आमंत्रित किया।ग़ज़लकार अरविंद त्रिपाठी सत्यार्थी ने ग़ज़लें सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। डॉ. रत्न ने मानवीय बोध की कलम व पत्रिका विशेषांक सबको भेंट किया। साहित्योपलब्धि अलंकरण से नवाजे जाने पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल के निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, राधेश्याम दीवाना समेत अन्य प्रबुद्धजनों ने दोनों साहित्यकारों को बधाई दी है।

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त किया जाएगा- प्रमोद सहवाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत, सक्रिय और जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर प्रमोद सहवाग प्रतापगढ़ पहुंचे हैं। उन्होंने प्रतापगढ़ के लीला पैलेस,मीरा भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए संगठन सृजन अभियान की विस्तृत रूपरेखा साझा की। प्रमोद सहवाग ने जिला अध्यक्ष चयन हेतु आवेदन पत्र इच्छुक लोगों को वितरित किया।प्रमोद सहवाग ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सांसद प्रमोद तिवारी, प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं सीएलपी लीडर आराधना मिश्र मोना सहित पार्टी नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन को सशक्त और समृद्ध बनाने का निर्णय लिया है। इसी उद्देश्य से वे जिलों में प्रवास कर संगठन सृजन का कार्य कर रहे हैं। संगठन सृजन केवल पदों का गठन करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जमीनी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं और सभी संगठन और चुनावी अनुभव रखने वाले साथियों के विचार एवं अनुभव के आधार पर मजबूत संगठन तैयार करने का अभियान है।

संगठन सृजन का कार्य जिला, नगर, ब्लॉक, मंडल और वार्ड स्तर तक किया जाएगा।इसके लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ मंथन किया जाएगा। साथ ही फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों, वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी, जिला एवं नगर के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों से भी संवाद किया जाएगा। प्रमोद सहवाग ने बताया कि 12 से 19 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके बाद 20 अगस्त तक इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस दौरान जिले के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों, ब्लॉकों और वार्डों की संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा की जाएगी तथा आवश्यक सुझाव और जिम्मेदारियां तय की जाएगी।पत्रकार वार्ता का संचालन जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने किया। पत्रकार वार्ता में ऑब्जर्वर प्रमोद सहवाग, पीसीसी कोऑर्डिनेटर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पीसीसी कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी पीसीसी कोऑर्डिनेटर प्रमोद मिश्रा नगर अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक शामिल रहे।

# छात्रहित में स्नातक अंतिम वर्ष की विशेष परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कुलपति प्रोफेसर कविता शाह की अध्यक्षता में आयोजित परीक्षा समिति की बैठक में सत्र 2025-26 के स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। को-करिकुलर परीक्षा के संबंध में परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव ने बताया कि सत्र 2025-26 के स्नातक अंतिम वर्ष के ऐसे विद्यार्थी, जो सभी विषयों में उत्तीर्ण हैं, परंतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम अथवा षष्ठम सेमेस्टर में से किसी एक सेमेस्टर के को-करिकुलर विषय/प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हैं, उन्हें उक्त को-करिकुलर विषय/प्रश्नपत्र की विशेष परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अनुमति प्रदान की जा रही है। पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर के विषय के संबंध में परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव ने बताया कि सत्र 2025-26 के स्नातक अंतिम वर्ष के ऐसे विद्यार्थी, जो पंचम अथवा षष्ठम सेमेस्टर के किसी एक विषय/प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हैं तथा अन्य सभी विषयों में उत्तीर्ण हैं, उन्हें भी उक्त विषय/प्रश्नपत्र की विशेष परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अनुमति प्रदान की जा रही है। विशेष परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पोर्टल के माध्यम से दिनांक 12 अगस्त 2026 से 20 अगस्त 2026 के मध्य निर्धारित शुल्क जमा करते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे। यह विशेष अवसर केवल उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा, जो निर्धारित पात्रता के अनुसार केवल एक ही प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हैं। को-करिकुलर तथा विषय को मिलाकर यदि कोई विद्यार्थी एक से अधिक प्रश्नपत्रों में अनुत्तीर्ण है, तो वह इस विशेष परीक्षा के लिए पात्र नहीं होगा। यदि ऐसा विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भर भी देता है, तो उसका आवेदन मान्य नहीं होगा तथा उसे विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसी स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र भरने की जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की स्वयं की होगी।

परीक्षा नियंत्रक ने पंचम सेमेस्टर में प्रवेश के संबंध में बताया कि परीक्षा समिति की इसी बैठक में विद्यार्थियों के छात्र हित एवं शैक्षणिक हित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय भी लिया गया है कि ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने सत्र 2025-26 में चतुर्थ सेमेस्टर उत्तीर्ण कर लिया है और जिन्हें पंचम सेमेस्टर में प्रवेश लेना है, किंतु प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर के किसी एक विषय/प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण होने के कारण पंचम सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें पंचम सेमेस्टर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। यह अनुमति इस शर्त के साथ होगी कि संबंधित विद्यार्थी पाठ्यक्रम पूर्ण करने की निर्धारित अवधि के भीतर प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर में जिस विषय/प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण है, उसे विश्वविद्यालय की निर्धारित सम एवं विषम सेमेस्टर की परीक्षा व्यवस्था के अनुसार बैक पेपर के माध्यम से उत्तीर्ण करेगा। सभी अनिवार्य विषयों में उत्तीर्ण होने के उपरांत ही विद्यार्थी का पाठ्यक्रम पूर्ण माना जाएगा तथा उसे अंतिम परीक्षा परिणाम एवं डिग्री प्रदान की जाएगी। यदि कोई विद्यार्थी प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर के उक्त विषय/प्रश्नपत्र को निर्धारित परीक्षा में भी उत्तीर्ण नहीं कर पाता है, तो उसके लिए अलग से कोई विशेष परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

### सही करियर चुनाव सफलता की पहली सीढ़ी : अनुपम सिंह



**उन्नाव।** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से बुधवार को विवेकानंद इंटर कॉलेज, मोती नगर में करियर काउंसिलिंग एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 165 छात्राओं ने प्रतिभाग कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर विकल्पों की जानकारी हासिल की। मोटिवेशनल स्पीकर अनुपम सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि करियर का चुनाव सही समय पर कर उसे उचित दिशा देना बेहद जरूरी है। सफलता के लिए केवल संसाधन नहीं, बल्कि योग्यता, मेहनत और सही मार्गदर्शन आवश्यक है। उन्होंने इंटरमीडिएट के बाद एनडीए, सीडीएस, पुलिस, रेलवे, बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तरीके और परीक्षा के अलग-अलग चरणों की जानकारी दी। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चंद्रा ने छात्राओं को सेवायोजन विभाग की योजनाओं और निशुल्क कोचिंग की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने के लिए पंजीयन कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिला स्तर पर निशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधक नवीन भारतीय, प्रधानाचार्य माणिक भारतीय, प्रधानाचार्य रुचि श्रीवास्तव सहित सेवायोजन कार्यालय से रमेश कुमार कुरील एवं श्रीकांत मौजूद रहे। अधिकारियों ने छात्राओं को सरकारी योजनाओं और करियर संबंधी अवसरों का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में श्री अन्न (मिलेट्स) के उपभोग के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल कैरीकुलम कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। 12 से 14 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को मिलेट्स फसलों, उनके उत्पादों तथा स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी लाभों की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों और क्षेत्र के किसानों को भी मिलेट्स के उपयोग के लिए प्रेरित कर सकें। इसी क्रम में बुधवार को विकासखंड सदर, शिवगढ़ एवं गौरा स्थित बीआरसी केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रत्येक विकासखंड से 50-50 शिक्षकों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे मिलेट्स से संबंधित जानकारी स्वयं अपनाने के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों तक पहुंचाये और श्री अन्न की खेती एवं इसके उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूक और प्रेरित करें।उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने विकासखंड शिवगढ़ एवं गौरा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं प्रतिभाग किया। उन्होंने शिक्षकों से छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को मिलेट्स अपनाने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

### सीएचसी मिठवल में दो कर्मचारी मिले गायब



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल, तिलौली का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। कुल 32 कर्मचारियों के सापेक्ष विक्रम सिंह एवं मनीष पाण्डेय अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने दोनों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आकस्मिक कक्ष, एक्स-रे कक्ष, महिला वार्ड, औषधि वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष तथा लैब का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को समय से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार, आवश्यक दवाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

# पड़ोसी ने घर बुलाकर युवक को बांधकर पीटा, हाथ-पैर रस्सी से जकड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** कप्तान साहब हाता में पड़ोसी पर एक युवक को घर बुलाकर बंधक बनाकर लाठी-डंडों से पीटने का आरोप लगा है। आरोपियों ने युवक के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए थे। घटना का 27 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पीड़ित के पिता की तहरीर पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**तलाशते-तलाशते पहुंचे तो बेटा बंधा मिला**

पीड़ित किशोर वर्मा निवासी कप्तान साहब हाता ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे उनके पड़ोसी आनंद तिवारी ने उनके बेटे सुमित सिंह को अपने घर बुलाया था। काफी देर तक सुमित घर नहीं लौटा तो पिता उसकी तलाश में निकले। किशोर वर्मा का आरोप है कि जब वह आनंद तिवारी के घर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। उनके बेटे सुमित के हाथ-पैर बंधे थे और आनंद तिवारी, उसकी पत्नी और मां मिलकर उसकी पिटाई कर रहे थे। पिता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने किसी तरह युवक को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया।

**'पुलिस आने के बाद भी हो रही थी मारपीट'**

किशोर वर्मा ने गंगाघाट कोतवाली में दी तहरीर में पुलिस से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस को सूचना देने के बाद भी टीम के मौके पर पहुंचने तक आरोपियों ने मारपीट बंद नहीं की थी। पुलिस बेटे को छुड़ाकर उसे लेकर कोतवाली पहुंची और तहरीर ली।

**वीडियो वायरल, पुलिस कर रही जांच**

घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक जमीन पर पड़ा दिख रहा है जिसके हाथ-पैर बंधे हुए हैं। आसपास कुछ लोग और एक पुलिसकर्मी भी दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वीडियो कब का है और उसमें दिख रहा युवक सुमित ही है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। गंगाघाट कोतवाली के एसएसआई दिलीप ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर मिल गई है।

**● पिता तलाशते पहुंचे तो बेटा बंधा मिला, पुलिस ने छुड़ाया**

**● VIDEO वायरल, गंगाघाट कोतवाली में तहरीर**

उसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो और घटनास्थल से जुड़े अन्य साक्ष्यों की भी जांच की जाएगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**मारपीट की वजह क्या?**

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक को घर क्यों बुलाया गया और उसके साथ मारपीट क्यों की गई। आरोपियों का कहना है कि उन्होंने युवक पर मानसिक रूप से विक्षिप्त होने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाकर उसे पीटा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है।

# उन्नाव में गंगा का कहर, चेतावनी बिंदु से 9 सेमी ऊपर पहुंचा जलस्तर, नए इलाकों में घुसा बाढ़ का पानी

**उन्नाव।** गंगा नदी ने एक बार फिर उन्नाव में तबाही मचानी शुरू कर दी है। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बुधवार सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 112.11 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु 112.02 मीटर से 9 सेंटीमीटर अधिक है। जलस्तर बढ़ने से गोताखोर, कर्बला, मनसुख खेड़ा और सैय्यद कंपाउंड जैसे टटवर्ती इलाकों के बाद अब रविदास नगर, मालवीय नगर और श्रीनगर में भी बाढ़ का पानी फैलने लगा है।

**एक हफ्ते में दूसरी बार खतरे के निशान के पार**

जिला प्रशासन के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले गंगा 112.07 मीटर तक पहुंची थी। इसके बाद जलस्तर में गिरावट आई थी, लेकिन सोमवार को यह फिर चेतावनी बिंदु पार कर गया। मंगलवार दोपहर तक 112.04 मीटर रहने के बाद शाम 6 बजे यह 112.08 मीटर और बुधवार सुबह 112.11 मीटर पहुंच गया। स्थानीय लोगों



का कहना है कि पिछले साल भी उन्हें भीषण बाढ़ झेलनी पड़ी थी। 'अगर पानी इसी रफ्तार से बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में हालात और खराब हो सकते हैं,' गोताखोर निवासी रामप्रकाश ने बताया।

**नाव बनीं सहारा, छत बनी घर**

जलस्तर बढ़ने से कई मोहल्लों में सड़कें पानी में डूब गई हैं। प्रशासन द्वारा लगाई गई नावों के सहारे ही लोग दैनिक जरूरतों के लिए आ-जा रहे हैं। गोताखोर और कर्बला में बाढ़ का पानी घरों में घुस जाने से दर्जनों परिवार गृहस्थी का सामान समेटकर घरों की छतों पर रहने को मजबूर हैं। 'रात किसी तरह कट जाती है, लेकिन दिन में तेज धूप और उमस के कारण छत पर रहना मुश्किल हो रहा है,' प्रभावित परिवारों ने दुख जताया। रविदास नगर में नाला पूरी तरह भर चुका है और पानी अब मालवीय नगर की ओर बढ़ रहा है, जिससे वहां के लोगों की चिंता बढ़ गई है।

**क्या है स्थिति** वर्तमान जलस्तरः 112.11 मीटर, बुधवार सुबह 8 बजे

चेतावनी बिंदुः 112.02 मीटर

**प्रभावित क्षेत्रः** गोताखोर, कर्बला, मनसुख खेड़ा, सैय्यद कंपाउंड, रविदास नगर, मालवीय नगर, श्रीनगर

**कारणः** पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश + बांधों से पानी की निकासी

प्रशासन ने तटवर्ती इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। राहत और बचाव दल नावों के साथ तैनात हैं, लेकिन बाढ़ पीड़ितों को सबसे ज्यादा दिक्कत खाने-पीने और रहने की हो रही है।

# औचक निरीक्षण में सरकारी स्कूल की शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल

## अंधेरे में पढ़ाई कर रहे थे बच्चे, मेन्यू के अनुरूप नही था खाना, 3 शिक्षिकाओं पर निलंबन की गाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुपौल-** सरकारी स्कूलों में शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं की बदहाली पर जिलाधिकारी सावन कुमार का चाबुक चला है। बुधवार को डीएम ने नगर परिषद क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय डपरखा और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय डपरखा में अव्यवस्था और लापरवाही का ऐसा आलम देखने को मिला कि डीएम सावन कुमार बिफर पड़े। वर्ग कक्षों में एक अदद बल्ब व पंखे तक नहीं लगे थे और बच्चे अंधेरे व भीषण गर्मी में बैठकर पढ़ने को मजबूर थे। डीएम ने इस मामले में प्रधानाध्यापक समेत तीन शिक्षिकाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**फर्जी आवेदन दे स्कूल से गायब थीं शिक्षिकाएं, होगा निलंबन**

निरीक्षण के दरम्यान विद्यालय में अनुशासन की स्थिति बेहद शर्मनाक पाई गई। निरीक्षण के दौरान शिक्षिका पायल कुमारी और इंदु कुमारी एसएल (विशेष अवकाश) का गलत आवेदन देकर विद्यालय से अनुपस्थित थी। जबकिएक अन्य शिक्षिका सरिता कुमारी काफी दिनों से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रही थीं। डीएम ने मामले को बेहद गंभीर मानते हुए तीनों शिक्षिकाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया है। वहीं, विकास मद की राशि के हिसाब-किताब में गड़बड़ी और संतोषजनक जवाब न देने पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

**एमडीएम में भीमिली भारी अनियमितता**

स्कूल परिसर से लेकर क्लासरूम तक भारी गंदगी पसरा देख डीएम ने कड़ी फटकार लगाते हुए इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिए । हद तो तब हो गई जब मध्याह्न भोजन की जांच की गई। उपस्थिति पंजी में दर्ज बच्चों की संख्या के मुकाबले काफी कम भोजन पकाया जा रहा था। इस फर्जीवाड़े पर डीएम ने सख्त नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। वही दूसरी ओर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का हाल जाना और वहां तत्काल कंप्यूटर क्लास शुरू कराने तथा बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

**खाद की कालाबाजारी और राशन कार्ड पर भी कसेगा शिकंजा**

निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने अनुमंडल प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर साफ कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

**बोले जिलाधिकारी**-फेक आवेदन देकर गायब रहने और अनाधिकृत रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाली तीनों शिक्षिकाओं के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। प्रधानाध्यापक पर भी सख्त विभागीय कार्यबाही का निर्देश डीईओ को दिया गया है।

साथ ही प्रखंड क्षेत्र में खाद की अधिक कीमत वसूलने की शिकायतों, राशन कार्ड निर्माण, सोलर लाइट की प्रगति और पंचायत सरकार भवनों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा दशभुजा संघ के दुर्गोत्सव की तैयारियां शुरू

## नवें वर्ष में 80 फीट ऊंचा भव्य पंडाल बनेगा, देवी दुर्गा के नौ रूपों होंगे विशेष आकर्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** शारदीय दुर्गोत्सव को लेकर दुल्लभछड़ा दशभुजा संघ की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस वर्ष संघ द्वारा आयोजित सार्वजनिक दुर्गापूजा अपने नवें वर्ष में प्रवेश कर रही है। पूजा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कई विशेष तैयारियां की जा रही हैं। आगामी दुर्गोत्सव के सफल आयोजन को लेकर गत 1 अगस्त 2026 को आनंदमयी ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर के स्वामी मिथुन शर्मा चौधरी के व्यावसायिक प्रतिष्ठान के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा संचालन के लिए 51 सदस्यीय नई आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक की शुरुआत संघ के वरिष्ठ एवं समर्पित सदस्य स्वर्गीय चंदन पाल की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर की गई। सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय मालाकार को पूजा समिति का संयोजक चुना गया। सलाहकार मंडल में दुल्लभछड़ा जिला परिषद सदस्य एवं दशभुजा संघ के शुभचिंतक प्रणव मुखर्जी, चेरागी जिला




परिषद सदस्य पंकज रायशर्मा, लालछड़ा जीपी अध्यक्ष संजय गोस्वामी तथा भेटारबंद जीपी की एपी सदस्य सुप्ता दे सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों को शामिल किया गया है। पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर दास, सचिव कार्तिक राय और कोषाध्यक्ष दीपन देव चुने गए हैं। दशभुजा संघ के अन्य सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। 80 फीट ऊंचा होगा पंडाल इस वर्ष पूजा का मुख्य आकर्षण करीब 80 फीट ऊंचा और 70 फीट लंबा भव्य पंडाल होगा। पंडाल के अग्रभाग में देवी दुर्गा के नौ रूपों का विशेष प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इसके अलावा श्रीश्री रामकृष्ण परमहंस और मां शारदा देवी की प्रतिमाएं भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साधक बामाखेपा और रामप्रसाद सेन की प्रतिमाओं को भी विशेष रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। पंडाल निर्माण एवं सजावटी रोशनी की जिम्मेदारी त्रिपुरा के धर्मनगर स्थित महादेव डेकोरेटर को दी गई है। प्रतिमा निर्माण का कार्य श्रीभूमि जिले के प्रसिद्ध प्रतिमा शिल्पालय द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा काटलीछड़ा के विक्रम लाइट द्वारा दुर्ल्लभछड़ा घोष मिष्ठान्न भंडार के सामने से लेकर दुर्ल्लभछड़ा हरे कृष्ण एमवी स्कूल के सामने तक विशेष विद्युत सज्जा की जाएगी। पूजा के दौरान अगरतला से आने वाले प्रसिद्ध ढाक वादकों का दल भी पारंपरिक ढाक की थाप से उत्सव का माहौल और जीवंत करेगा। 15 अगस्त को होगा खुटी पूजा दुल्लभछड़ा अस्पताल रोड स्थित हरे कृष्ण मध्यबंग विद्यालय के मैदान में इस वर्ष दुर्गापूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा का शुभ खुटी पूजन एवं शुभारंभ कार्यक्रम 15 अगस्त 2026 को आयोजित होगा। दशभुजा संघ की ओर से क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों, शुभचिंतकों, व्यवसायियों, समाजसेवियों और धर्मप्रेमी जनता से पूजा आयोजन में सहयोग की अपील की गई है। समिति के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि सभी के सहयोग, स्नेह और आशीर्वाद से इस वर्ष का दुर्गोत्सव शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और भव्य शारदीय उत्सव के रूप में संपन्न होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक विवाद दंपति ने थामा एक दूसरे के हाथ


**पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय में चल रहे मूल भरण पोषण वाद 140/2026 का प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक के प्रयास से दंपतियों के बीच दूरियों को समाप्त किया गया। दंपतियों के बीच चल रहे मतभेद को सुलह समझौते के आधार पर खत्म किया गया। दोनों पति पत्नी एक साथ रहने को राजी हुए। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक ने दोनों को मिलजुलकर एक दूसरे को समझते हुए खुशी खुशी रहने को कहा। हंसी खुशी न्यायालय से विदा की गई। मामला से संबंधित अधिवक्ता की सराहनीय भूमिका रही। मौके पर न्यायालय कर्मी, दोनों पक्षों के परिजन उपस्थित रहे।

### उपासना मरांडी के प्रयास से पत्थरघाटा गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने जताई



**महेशपुर, पाकुड़, झारखंडः-** महेशपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत पोखरिया के ग्राम पत्थरघाटा के रसीटोला में कुछ समय से विद्युत संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।झामुमो की केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी के प्रयास से गांव में 25 केवीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने उपासना मरांडी के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों के अनुसार, पुराना ट्रांसफार्मर जल जाने से रसी टोला के दर्जनों परिवार कई दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर थे। बिजली आपूर्ति बाधित होने से घरेलू कार्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई, पेयजल व्यवस्था तथा छोटे-छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे थे।

### परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय रामपुर में भवन निर्माण को लेकर मुखिया ने किया स्थल निरीक्षण



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारणः परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय, रामपुर में डीएमएफटी फंड से 6 से 8 कमरों का निर्माण प्रस्तावित है। भवन निर्माण को लेकर बोते बुधवार को रामपुर पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने विद्यालय परिसर में स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज यादव, शिक्षक दयानंद ठाकुर एवं राज किशोर प्रसाद के साथ जिला मुख्यालय से पहुंचे सहायक अभियंता वीरेंद्र कुमार और उनकी तीन सदस्यीय टीम ने भूमि की मापी की तथा प्रस्तावित कमरों के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का जायजा लिया। मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अतिरिक्त कमरों का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण कार्य में यथासंभव सहयोग करने की बात भी कही।

# नियम 55 को यथावत रखने का निर्णय लेगी सरकार, संवेदकों को मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रांची/महेशपुर, झारखंडः-** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री से लघु खनिजों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। विधायक ने पूछा कि क्या मिट्टी एवं मोरम से संबंधित लाइसेंस निर्गत नहीं होता है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथासंशोधित) के नियम 55 को विलोपित किए जाने के कारण मिट्टी, मोरम एवं बालू जैसे लघु खनिजों की रॉयल्टी चालान के माध्यम से जमा करना अनिवार्य हो गया है। विधायक ने सरकार से यह भी जानना चाहा कि नियम 55 के प्रभावी रहने के दौरान यदि कोई संवेदक अपने रनिंग अकाउंट बिल के साथ रॉयल्टी चालान प्रस्तुत नहीं कर पाता था, तो क्या वह रॉयल्टी राशि के समतुल्य दंड राशि जमा कर भुगतान प्राप्त कर सकता था। साथ ही उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या सरकारी योजनाओं में रॉयल्टी से संबंधित परेशानियों को देखते हुए नियम 55 को यथावत रखने का निर्णय लिया जाएगा। जवाब में खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री ने बताया कि नियम 55 से संबंधित निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया था। आगामी कैबिनेट बैठक में झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथासंशोधित) के नियम 55 को यथावत रखने के संबंध में विभाग द्वारा निर्णय लिया जाएगा। विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नियम 55 के यथावत रहने से संवेदकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में चल रहे विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

# पाकुड़ पॉलिटेक्निक में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश डालसा सचिव रूपा बंदना किरो के उपस्थिति में पाकुड़ के पाकुड़ पॉलिटेक्निक में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव रूपा बंदना किरो ने 12 अगस्त का मनाने जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा वर्गों को युवा सशक्तिकरण से न्याय पूर्ण समाज की ओर बढ़ाने को लेकर कानूनी रूप से जागरूक किया गया। इस दौरान सचिव ने निशुल्क कानूनी परामर्श,लोक अदालत के महत्व, डालसा द्वारा निशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराने, महिला और युवा सुरक्षा को लेकर कई बिंदु पर जागरूक किया गया। सचिव ने कहा कि युवा अपने मेहनत और प्रतिभा से समाज और देश में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।डीएसपी मुख्यालय उज्जवल कुमार साहा ने युवाओं अवस्थाओं के महत्व पर प्रकाश डाला युवा देश के भविष्य होते हैं उनमें नई ऊर्जा विचार ,उत्साह और रचनात्मकता होती है। इस दौरान युवाओं के भूमिका पर अपने विचारों को रखा। इस दौरान युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव पर जागरूक किया गया।लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के सहायक गंगाराम टुडू एवं अज़फर हुसैन विश्वास ने संयुक्त रूप से कई कानूनी एक्ट पर विस्तृत जानकारी दी साथ ही महिला सुरक्षा एवं बाल सुरक्षा पर जागरूक किया गया। पॉक्सो एक्ट से संबंधित कानूनी जानकारी साझा की।

साथ ही अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर अपने विचारों को रखा। ये दिन युवाओं के भूमिका, शिक्षा,स्वास्थ्य और बेहतर अवसर देने के महत्व पर याद दिलाने एवं युवा वर्गों को कानूनी तौर पर सशक्तिकरण करने के उद्देश्य पर जागरूक किया गया।मंच का संचालन इंडियन नेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष जेड एच विश्वास ने किया।पाकुड़ पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल डॉ सुषमा यादव ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए इस कार्यक्रम के महत्वों पर अपने विचारों को रखा। एवं युवा वर्गों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का पालन करने एवं कड़ी मेहनत ,नई ऊर्जा के साथ सशक्त समाज एवं सशक्त देश का निर्माण में छात्र छात्राओ के भूमिका पर अपने बातों को रखा।पीसीआई-यूनिसेफ के जिला कार्यक्रम समन्वयक मो. अनीश अंसारी ने दो गुब्बारों की सीखः पेरेंटिंग सेशन में सकारात्मक सोच का संदेश के तहत् कार्यक्रम के पेरेंटिंग सेशन के दौरान माता-पिता और बच्चों के बीच सकारात्मक समझ एवं संवाद को बढ़ावा देने के लिए दो गुब्बारों का उदाहरण दिया गया। समझाया गया कि एक बच्चे के मन और मस्तिष्क में यदि नकारात्मक बातें, गलत व्यवहार और बुरे अनुभव भरे जाएं, तो उसका प्रभाव उसके व्यक्तित्व और व्यवहार में दिखाई दे सकता है। वहीं, यदि बच्चे के भीतर प्यार, अच्छे संस्कार, सकारात्मक सोच, शिक्षा, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना भरी जाए, तो उसका प्रभाव भी सकारात्मक रूप में सामने आता है। इसी क्रम में बताया गया कि दो गुब्बारे अलग-अलग स्थानों पर फूटे। एक स्थान पर गंदगी और दुर्गंध के कारण लोग नाक बंद करके वहां से गुजरने लगे और बुरा-भला कहकर आगे बढ़ गए। वहीं दूसरे स्थान पर गुब्बारा फूटने पर खुशबू और अच्छी चीजें लोगों तक पहुंचीं, जिससे लोग वहां रुककर सकारात्मक बातें करने लगे। इस उदाहरण के माध्यम से माता-पिता और बच्चों के बीच सकारात्मक संवाद, विश्वास और बेहतर समझ पर विशेष जोर दिया गया। माता-पिता को प्रेरित किया गया कि वे बच्चों की बात ध्यान से सुनें, उन्हें डांटने के बजाय समझने का प्रयास करें और उनके भीतर अच्छे विचार एवं आत्मविश्वास विकसित करें। सत्र में संदेश दिया गया कि 'हम बच्चों के मन में जो भरेंगे, वही उनके व्यवहार और व्यक्तित्व के रूप में बाहर आएगा।' इसलिए परिवार में सकारात्मक माहौल और पीढ़ियों के बीच संवाद बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मौके पर पाकुड़ पॉलिटेक्निक के शिक्षक शिक्षिकाएं ,सोशल वर्कर नासीरूद्दीन शेख, फजर शेख आलियारा खातून, बीवीजान, हाजरा बीवी, विद्यार्थी नेहा कुमारी पायल कुमारी, आयेशा खातून रेशमा खातून ,नूरजहां खातून, पारा लीगल वॉलिंटियर्स नीरज कुमार राउत समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### सिसई में वर्दी मेरा जुनून डिफेंस एकेडमी की महादौड़ 16 अगस्त को

**गुमला, झारखंडः-** युवाओं में शारीरिक दक्षता, अनुशासन और रक्षा सेवाओं के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से वर्दी मेरा जुनून डिफेंस एकेडमी, मोरहाबादी, रांची के तत्वावधान में 16 अगस्त 2026 को सिसई प्रखंड स्थित ललित उरांव फुटबॉल स्टेडियम में भव्य महादौड़ का आयोजन किया जाएगा।एकेडमी के निदेशक वीरेंद्र साहू ने बताया कि महादौड़ का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक रूप से फिट बनाने के साथ-साथ उन्हें सेना एवं अन्य रक्षा सेवाओं में करियर के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। महादौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2,000 रुपये एवं मेडल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1,000 रुपये एवं मेडल तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 500 रुपये एवं मेडल प्रदान किया जाएगा। वहीं, 5 मिनट 30 सेकेंड के निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले सभी अभ्यर्थियों को भी मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि महादौड़ में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। डिफेंस की तैयारी कर रहे युवाओं एवं अन्य इच्छुक अभ्यर्थियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की गई है।

# न्यू क्राइस्ट मिशन स्कूल में ओलंपियाड सम्मान समारोह का जिला अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज-** कुचायकोट के भठवा में स्थित न्यू क्राइस्ट मिशन स्कूल में सोमवार को आयोजित हिंदुस्तान ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के बीच अंक पत्र व प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह का दीप-प्रज्वलित कर गोपालगंज जदयू जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने उद्घाटन किया ! ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी तेजी से बढ़ रही प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने की उत्सुकता ! जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने हिंदुस्तान ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को अंक पत्र व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित ! प्रारंभिक स्तर से ही बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलने से उनमें आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन की क्षमता विकसित होती है ! ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में हिंदुस्तान ओलंपियाड को लेकर बढ़ रही उत्सुकता इसका प्रमाण है, प्रमाण पत्र मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे ! मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि हिंदुस्तान अखबार की ओर से आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों एवं बच्चियों को शुरुआती दौर से ही प्रतियोगी माहौल मे खुद को परखने का अवसर देती हैं ! इससे भविष्य में बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने पर उनका आत्मविश्वास बढ़ता है ! उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत उन्हें उचित मंच और अवसर देने की है ! हिंदुस्तान ओलिंपियाड छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच उपलब्ध करा रहा है इससे पढ़ाई के प्रति रुचि के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है ! श्री पटेल ने विद्यार्थियों से प्रतियोगिता परीक्षाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपनी कमियों को पहचान कर दूर करने की अपील की ! जदयू प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद तौहीद ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना बच्चों के लिए सीखने का महत्वपूर्ण अवसर है सफलता या असफलता से अधिक जरूरी है कि छात्र उससे क्या सिखते हैं ! डॉ0 बालदेव कुमार ने कहा कि नियमित पढ़ाई, अभ्यास और आत्मविश्वास सफलता की मजबूत निव है ! कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निर्देशक मोली एम. एम. प्राचार्य मैथ्यू पी ग्रोमि और मैनेजिंग डायरेक्टर जीना मैथ्यू ने अंग वस्त्र व पुष्प माला पहनाकर किया ! कार्यक्रम समारोह में विद्यार्थियों के अभिभावक माता पिता के साथ साथ दिलीप कुमार, बबन कुमार, पप्पू कुमार राम, उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन कमल किशोर तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन स्थानीय हिंदुस्तान के पत्रकार रामानुज प्रसाद ने किया !

# राजपोखर ग्राम के हटिया टोला मे लगा 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** पाकुड़िया प्रखण्ड अन्तर्गत राजपोखर पंचायत के ग्राम राजपोखर के हटिया टोला के ग्रामीणों के लिए,पूरा सूकुन भरी सूचना है। बताया जाता है, विगत कई दिनों से बिजली संकट की समस्या से जूझ रहे इस इलाके में, अब नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई है। झामुमो की केंद्रीय समिति सदस्या उपासना मरांडी के सफल प्रयास से हटिया टोले में, 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर 11अगस्त को स्थापित किया गया है, जिससे ग्रामीणों के लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले का ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण कई दिनों तक, पूरे गाँव में अंधेरा छाया रहता था। इससे न केवल दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था बल्कि, बच्चों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था वहीं दुसरी ओर, लोगों के मोबाइल चार्जिंग, पानी की व्यवस्था और अन्य जरूरी कार्यों में भी, लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से उपासना मरांडी को, आवेदन देकर समाधान की मांग की थी मामले की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने,तत्क्षण पहल की और संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर, आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। उनके लगातार प्रयास और सक्रियता के कारण ही, कम समय में नया ट्रांसफार्मर स्थापित हो सका। ट्रांसफार्मर लगने के बाद अब गांव में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू हो गई है, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस की और उपासना मरांडी के प्रति, आभार प्रकट किया ।मौके पर रोशन अंसारी, जमील अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नेतृत्व की शपथ, सेवा का संकल्प'- डॉ. आशुतोष मिश्रा




**कानपुर, ग्रामीण।** विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय में छात्र परिषद् 2026-27 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ गृहण समारोह आयोजित किया गया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चयनित छात्र प्रतिनिधियों ने अपने पद एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। समारोह में हेड बॉय कोहिनूर एवं हेड गर्ल भूमि गुप्ता सहित डिप्टी हेड बॉय प्रतिनिधि,डिप्टी हेड गर्ल प्रतिनिधि, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल कप्तान, विपक्ष के नेता तथा सभाध्यक्ष ने भी शपथ ली। सभी ने विद्यालय की गरिमा एवं अनुशासन बनाए रखने तथा अपने कार्यों से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने छात्र परिषद् को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि 'नेतृत्व केवल एक पद नहीं, बल्कि विश्वास, सेवा और जिम्मेदारी का दायित्व है।' उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया एवं नेतृत्व का महत्व समझाया। समारोह ने यह संदेश दिया कि सच्चा नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि सेवा, जिम्मेदारी और सकारात्मक परिवर्तन लाने की भावना से परिभाषित होता है। यह नवनिर्वाचित छात्र नेताओं के लिए जिम्मेदार एवं दूरदर्शी नेतृत्व की नई यात्रा का शुभारंभ रहा।

### स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन की तैयारी को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में बैठक

**हिरणपुर, पाकुड़, झारखंडः-** हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत रानीपुर के समीप स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभाग के कर्मियों ने बैठक कर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया। कनीय अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं सजावट का कार्य समय पर पूरा किया जाएगा। निर्धारित समय पर विधिवत झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया जाएगा तथा भारत माता की जय के जयघोष के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जाएगी।

# स्थायी लोक अदालत की जनोपयोगी सेवाओं पर विधिक जागरूकता शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पाकुड़िया में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला सदस्य, मो अबरारुल हक़, राजीव कुमार झा, ब्रांच मैनेजर बिपीन गौरव मौजूद रहे। इस दौरान स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि ने कि निःशुल्क कानूनी सहायता जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान करना स्थाई लोक अदालत की प्रथमिकता है। लोक अदालत में पक्षकारों के बीच सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाता हैं जिसमें बिजली ,बीमा सेवा विवाद एवं अन्य जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विवाद का समाधान सौहार्दपूर्ण तरीका से कराया जाता है।इस दौरान स्थाई लोक अदालत के सदस्य मो अबरारुल हक़ द्वारा बताया गया कि गरीब, महिला, बच्चे, एससी, एसटी, दिव्यांग, समेत योग्य व्यक्ति सुलह योग्य मामलों का लाभ ले सकते है। स्थाई लोक अदालत के सदस्य राजीव कुमार झा ने मामलों का निपटारा से संबंधित प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि त्वरित न्याय, सरल प्रक्रिया,पक्षकारों के बीच समझौते को बढ़ावा,न्याय तक आसान पहुँच के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ में आवश्यक दस्तावेज जमाकर आवेदन के माध्यम लाभ ले सकते हैं । इस दौरान वक्ताओं ने बैंकिंग सुविधाओं एवं सेवाओं पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर बैंक कर्मी, बैंक ग्राहकों एवं आमजन के साथ पैरा लीगल वॉलिंटियर्स प्रियंका झा एवं सीमा साहा उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों पर उठे गंभीर सवाल, ग्रामीणों ने प्रधान-सचिव पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नायगांव-खीरी।** विकास खंड पसगवां की ग्राम पंचायत नयागांव में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव पर मिलीभगत कर सरकारी धन के बंदरबांट के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कई हिस्सों में पिछले करीब 15 वर्षों से न तो नाली का निर्माण कराया गया और न ही खड़ंजा बिछाया गया। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से अपने मोहल्ले में नाली और खड़ंजा निर्माण कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि हर बार उन्हें जल्द कार्य कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक उनके हिस्से में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि नाली और खड़ंजा न होने के कारण बरसात के समय जलभराव और कीचड़ की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। रास्ते पर पानी और कीचड़ भरा रहने से बुजुर्गों, बच्चों और आम ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। कई बार लोग फिसलकर गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक ओर ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए वर्षों से तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन खर्च किए जाने का दावा किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जनवरी, फरवरी, मार्च और अप्रैल माह में सरकारी वाउचरों के आधार पर करीब 14 लाख रुपये से अधिक की धनराशि का भुगतान किया गया, लेकिन इसके बावजूद उनके मोहल्ले में नाली और खड़ंजे का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं तो उनके मोहल्ले में वर्षों से चली आ रही जलभराव और कीचड़ की समस्या का समाधान क्यों नहीं हुआ? ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

**शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल**

बताया गया कि मामले को लेकर एक संवाददाता द्वारा ब्लॉक और जिले के संबंधित अधिकारियों को शिकायत एवं जानकारी दी गई, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार न तो अब तक गांव पहुंचकर कोई जांच की गई और न ही जिम्मेदारों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दी। ग्रामीणों का आरोप है कि एडीओ पंचायत, खंड विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर और जिला पंचायत राज अधिकारी जैसे जिम्मेदार अधिकारियों को मामले की जानकारी दिए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अधिकारियों से संपर्क करने पर कई बार फोन रिसीव नहीं किया जाता और संदेशों का भी जवाब नहीं मिलता। अब ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत नयागांव में पिछले वर्षों के दौरान कराए गए सभी विकास कार्यों, भुगतान, वाउचर, मस्टर रोल और कार्यस्थल का स्थलीय सत्यापन कराया जाए। यदि जांच में सरकारी धन के दुरुपयोग या अनियमितता की पुष्टि होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें आश्वासन नहीं, अब मौके पर विकास कार्य और निष्पक्ष जांच चाहिए। वहीं, लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र एवं आधिकारिक जांच के बाद ही उनकी वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

## सिंगाही के लाल काशी पांडे ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में बनाई जगह

**सिंगाही खीरी।** सिंगाही कस्बे के वार्ड नंबर 11, मोहल्ला कांजी हाउस निवासी काशी पांडे ने अपनी खेल प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। काशी पांडे का चयन लखनऊ स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में कक्षा छह में हुआ है। उनकी सफलता से परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। काशी पांडे ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश के लिए आयोजित मंडलीय परीक्षा में प्रतिभाग किया था। प्रदेश स्तर पर सीमित सीटों के लिए हुई चयन प्रक्रिया में काशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की और कॉलेज में अपना स्थान पक्का किया। काशी की प्रारंभिक शिक्षा सिंगाही के एक मॉन्टेसरी स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने कक्षा पांच तक की शिक्षा एमके मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सिंगाही में प्राप्त की। उनकी सफलता में विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ कोच पराक्रम शाह के मार्गदर्शन और मेहनत की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। काशी की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता तुषार पांडे और विद्यालय प्रबंधन सहित क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई। विद्यालय प्रबंधन ने काशी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने की कामना की।

## केवाईसी जमा कराने रामकृष्णनगर जाने से गैस उपभोक्ता परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि।** रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा इलाके के गाजी गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर संबंधी विवरण में संशोधन और केवाईसी (ग्राहक पहचान प्रक्रिया) जमा कराने के लिए रामकृष्णनगर जाना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने दुल्लभछड़ा में ही केवाईसी जमा कराने की व्यवस्था करने की मांग की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि दुल्लभछड़ा से रामकृष्णनगर जाने के रास्ते में आनुपुर का पुल लंबे समय से जर्जर है। वहीं, विद्यानगर होकर रामकृष्णनगर जाने वाली सड़क की स्थिति भी खराब है। ऐसे में केवल केवाईसी जमा कराने के लिए दूर जाना लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

**दिहाड़ी मजदूरों को हो रहा नुकसान**

स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार, केवाईसी जमा कराने के लिए दिहाड़ी मजदूरों को एक दिन का काम छोड़ना पड़ रहा है। इससे उनकी मजदूरी का नुकसान होने के साथ आने-जाने का खर्च भी बढ़ रहा है। बुजुर्गों और बीमार उपभोक्ताओं के लिए भी इस भीषण गर्मी में रामकृष्णनगर तक जाना कठिन हो रहा है।

**दुल्लभछड़ा में विशेष शिविर की मांग**


उपभोक्ताओं ने श्रीभूमि जिला प्रशासन और गाजी गैस एजेंसी प्रबंधन से दुल्लभछड़ा में ही केवाईसी जमा करने के लिए विशेष शिविर लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में गैस उपभोक्ता हैं, इसलिए स्थानीय स्तर पर व्यवस्था किए जाने से लोगों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सकती है।

**16 अगस्त की समयसीमा बढ़ाने की अपील**

उपभोक्ताओं ने केवाईसी जमा करने की 16 अगस्त की अंतिम तिथि बढ़ाने की भी मांग की है। उनका कहना है कि खराब सड़क संपर्क और कम समय के कारण कई उपभोक्ता निर्धारित तिथि तक प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाएंगे। ऐसे में अतिरिक्त समय दिया जाना जरूरी है, ताकि किसी भी उपभोक्ता को गैस सेवा से संबंधित परेशानी का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और गाजी गैस एजेंसी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर दुल्लभछड़ा में केवाईसी जमा कराने की व्यवस्था करने और समयसीमा बढ़ाने की मांग की है।

## इलेक्ट्रॉनिक रोटी मेकर में छिपाकर भेजी जा रही 1 किलो 138 ग्राम अफीम बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**साहनेवाल, लुधियाना।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से मिली सूचना के आधार पर साहनेवाल पुलिस ने डाकघर में पहुंचे एक पार्सल की जांच कर इलेक्ट्रॉनिक रोटी मेकर के अंदर छिपाकर रखी गई 1 किलो 138 ग्राम अफीम बरामद की। अफीम को दो काले मोमी लिफाफों में छिपाकर भेजा जा रहा था। नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो के सेक्टर-66, मोहाली से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम साहनेवाल के फर्नीचर मार्केट स्थित जीटी रोड डाकघर पहुंची। यहां दीपक भाटिया के नाम आए पार्सल की ई-स्कैनिंग और वीडियोग्राफी के बाद जांच की गई। पार्सल खोलने पर कपड़ों के नीचे इलेक्ट्रॉनिक रोटी मेकर रखा मिला। रोटी मेकर को खोलने पर उसके ऊपरी और निचले हिस्से में छिपाए गए दो काले मोमी लिफाफे बरामद हुए। दोनों लिफाफों की जांच करने पर कुल 1 किलो 138 ग्राम अफीम मिली। बरामदगी की पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। पार्सल में दो काले कुर्ते, दो काले-भूरे रंग की पगड़ियां, सफेद व काले रंग की टी-शर्ट, काले-भूरे रंग के छोटे दुपट्टे और अलग-अलग रंगों के छह जोड़ी मोजे भी मिले। मामले में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 18 के तहत कार्रवाई की गई है।

## सैनी जागृति मंच ने मेयर परवीन सैनी को सम्मानित किया

**होशियारपुर-** सैनी जागृति मंच पंजाब ने परवीन सैनी को नगर निगम होशियारपुर का मेयर बनने पर बैज ऑफ़ ऑनर देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंच के सदस्यों ने उन्हें नई ज़िम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वह शहर की बेहतरी के लिए हर पहलू पर नज़र रखकर होशियारपुर को और सुंदर बनाने का काम करेंगी। मंच के सदस्यों ने कहा कि शहर के विकास और बेहतरी के लिए जहां भी सैनी जागृति मंच पंजाब की ज़रूरत होगी, मंच हमेशा मेयर परवीन सैनी के साथ खड़ा रहेगा। इस मौके पर सैनी जागृति मंच पंजाब के अध्यक्ष कुलवंत सिंह, महासचिव हरिंदर सैनी बिट्टू, ज़िला अध्यक्ष प्रेम सैनी, ज़िला युवा अध्यक्ष किरपाल सिंह पाली, सूरत सिंह सैनी, अमोलक चंद सैनी, चमन लाल सैनी, सैनी समाज के अध्यक्ष कमलजीत सिंह भूपा, पार्षद दरिप्पन सैनी, रिचा सैनी, शिल्पा सैनी और दीक्षा सैनी के साथ-साथ अन्य सदस्य मौजूद थे।

## लमीणी स्टेडियम के 1 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन और रिमोट-संचालित विमान उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पठनकोट-** 15 अगस्त 2026 को मल्टीपर्पज खेल स्टेडियम, लमीणी, पठनकोट में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता कर दिया है। इसके चलते समारोह स्थल के आसपास ड्रोन और रिमोट से चलने वाले माइक्रो-लाइट एयरक्राफ्ट जैसे उपकरणों के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। आदेश और धाराएं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पठनकोट, अरशदीप सिंह (पी.सी.एस.) ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किए हैं। प्रतिबंध का दायराः मल्टीपर्पज खेल स्टेडियम, लमीणी के चारों ओर 1 किलोमीटर के दायरे में यह प्रतिबंध लागू रहेगा। समय सीमाः यह पाबंदी 14 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगी।

**मैरिज पैलेस के मालिकों के लिए निर्देश**

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने कार्यक्रम स्थल के आसपास स्थित मैरिज पैलेसों के मालिकों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि वे 14 और 15 अगस्त को अपने परिसरों में ड्रोन के इस्तेमाल की अनुमति न दें। यह कदम समारोह में शामिल होने वाले वीआईपी, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता की सुरक्षा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए उठाया गया है।

**समारोह की मुख्य बातें**

15 अगस्त को लमीणी स्टेडियम में होने वाले इस जिला स्तरीय स्वतंत्रता



दिवस समारोह में पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद्र कटारूचक्क मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। यह प्रतिबंध सुरक्षा में तैनात पैरा मिलिट्री फोर्स, मिलिट्री फोर्स और सरकारी ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

## डिलीवरी के बाद महिला की मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**लखीमपुर-खीरी।** श्याम नगर स्थित नाइस नर्सिंग होम (एलआरपी चौराहा, गोला रोड) में डिलीवरी के बाद एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर कामरान अहमद पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि डिलीवरी के बाद महिला की तबीयत लगातार बिगड़ती गई, लेकिन समय पर उचित उपचार नहीं मिला। उनका आरोप है कि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण महिला की जान चली गई। घटना के बाद अस्पताल में परिजनों का आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की अपील की है। फिलहाल इस मामले में डॉक्टर या अस्पताल प्रबंधन का पक्ष सामने नहीं आया है। वहीं, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारण और आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

# लुधियाना के प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में शामिल दो व्यक्ति ग्लॉक पिस्तौल सहित गिरफ्तार

### संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क के खात्मे के लिए प्रतिबद्धः डीजीपी गौरव यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़/लुधियाना-** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस के साथ एक संयुक्त ऑपरेशन में लुधियाना के प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में वांछित दो आरोपियों को एक 9 एम.एम. ग्लॉक पिस्तौल और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मनजीत सिंह उर्फ बॉबी और मोहित कुमार, दोनों निवासी चंद्रलोक कॉलोनी, लुधियाना के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 7 अगस्त, 2026 को रात लगभग 11:30 बजे लुधियाना के सुतंत्र नगर में पिस्तौलों और धारदार हथियारों से लैस कई व्यक्तियों ने हरजिंदर सिंह उर्फ हैरी झंडा पर हमला कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मौत हो गई थी।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी मनजीत सिंह उर्फ बॉबी का आपराधिक पृष्ठभूमि है और वह इरादा-ए-कत्ल और एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दर्ज मामलों सहित कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और लुधियाना शहर के क्षेत्र में एक स्थानीय गैंग चला रहा था। उन्होंने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है। डीजीपी ने पूरे राज्य में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क के खात्मे के प्रति पंजाब पुलिस की प्रतिबद्धता को दोहराया।ऑपरेशन के बारे में विवरण साझा करते हुए पुलिस अतिरिक्त महानिदेशक (ए.डी.जी.पी.) ए.जी.टी.एफ. प्रमोद बान ने बताया कि ए.जी.टी.एफ. की पुलिस टीमों को हरजिंदर सिंह हत्याकांड में वांछित दो आरोपियों के ठिकानों के बारे में पुख्ता गुप्त सूचना मिली थी, जिसे तुरंत तकनीकी सेल के साथ साझा किया गया और दोनों आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। उन्होंने बताया कि तकनीकी जानकारी पर कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर विक्रमजीत सिंह के नेतृत्व में ए.जी.टी.एफ. की टीमों ने कमिश्नरेट लुधियाना पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया और दोनों आरोपियों को टिब्बा इलाके से गिरफ्तार कर लिया। अधिक विवरण साझा करते हुए पुलिस आयुक्त (सी.पी.) लुधियाना स्वपन शर्मा ने बताया कि वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें काबू करने के लिए पुलिस टीमों द्वारा छापेमारी की जा रही है।इस संबंध में थाना टिब्बा, कमिश्नरेट लुधियाना में भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धाराओं 103, 324(4), 307, 191(3) और 190 तथा शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25 और 27 के तहत दिनांक 08.08.2026 को एफ.आई.आर. सं. 182 पहले ही दर्ज की जा चुकी है।

## MLA सिद्धू की अध्यक्षता में पंजाब स्कूटर बाज़ार एसोसिएशन के साथ ज़रूरी मीटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** आत्म नगर विधानसभा क्षेत्र से MLA कुलवंत सिंह सिद्धू की अध्यक्षता में स्थानीय बचत भवन में पंजाब स्कूटर बाज़ार एसोसिएशन के साथ एक ज़रूरी मीटिंग हुई, जिसमें Vahan 4.0 से जुड़ी गंभीर दिक्कतों पर चर्चा की गई। मीटिंग के दौरान स्कूटर व्यापारियों ने MLA सिद्धू के ध्यान में लाया कि ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट से जुड़े Vahan 4.0 में OTP और दूसरी टेक्निकल दिक्कतों की वजह से व्यापारियों को गाड़ियों की खरीद- बिक्री, ओनरशिप बदलने, हायर परचेज़ डिडक्शन/इनक्रीज़ से जुड़े कामों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर पंजाब स्कूटर बाज़ार एसोसिएशन पंजाब के प्रेसिडेंट दीपक अरोड़ा और चेयरमैन गुरतेज सिंह तेजा के साथ-साथ पंजाब के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में स्कूटर व्यापारी भी मौजूद थे। एसोसिएशन ने पंजाब सरकार और ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट से मांग की कि इन समस्याओं का तुरंत और हमेशा के लिए समाधान किया जाए, जिससे पंजाब राज्य के हजारों स्कूटर व्यापारियों को राहत मिलेगी और उनका व्यापार भी आसानी से चल सकेगा। MLA कुलवंत सिंह सिद्धू ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने साफ किया कि ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट से संपर्क करके Vahan 4.0 में ओनरशिप चेंज, हायर परचेज़ डिडक्शन/एडिशन, OTP और दूसरी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा।

## पालिवाल हॉल में 13 अगस्त को सायं 4 बजे होगा बी0 बी0 जी0 राम0 जी0 पंच सम्मेलन

**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के दिशा निर्देशों के अनुपालन में मनरेगा (बी0बी0जी0राम0जी0 योजना) की समीक्षा तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जनपद स्तर पर 'पंच सम्मेलन का आयोजन' पालीवाल हॉल में किया जाएगा। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों (प्रधानों व अन्य जन प्रतिनिधियों) तक योजनाओं की सटीक एवं पूरी जानकारी पहुँचाना है, ताकि किसी भी स्तर पर सूचना का अभाव न रहें और विकास कार्यों का लाभ पारदर्शी तरीके से हर ग्राम पंचायत तक पहुंच सके। जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में बी0बी0जी0राम0जी0 व सम्बन्धित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार पर व्यापक जोर दिया जाएगा। डीसी नरेगा तूलिका श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में त्रिस्तरीय व्यवस्था के प्रतिनिधियों को शामिल कर योजना की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी, जिससे वह यह जानकारी अपने क्षेत्र के नागरिकों को दे सके और तदोपरांत नागरिक इसका लाभ उठा सके। साथ ही साथ इस सम्मेलन के माध्यम से इस महत्वपूर्ण योजना को पारदर्शी तरीके से लोगों तक पहुंचाना है, जिससे इसमें निहित उद्देश्य सफल हो सके और जनता इसका लाभ उठा सके। यह समस्त कार्यक्रम पालिवाल हॉल में कल शाम 4 बजे होगा।

## चंदन ग्रेवाल ने सफाई कर्मचारियों को सैलरी बढ़ने पर दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटियाला-** पंजाब स्टेट सफाई कर्मचारी कमीशन के चेयरमैन चंदन ग्रेवाल ने सफाई कर्मचारियों की सैलरी 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये करने पर उन्हें बधाई दी और कहा कि पंजाब सरकार सफाई कर्मचारियों की भलाई के लिए जो कोशिशें कर रही है, वे तारीफ के काबिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और उनकी भलाई के लिए पूरी तरह से तैयार है। वह आज नगर निगम के अधिकारियों, अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारियों और नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ एक मीटिंग में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मीटिंग का मुख्य मकसद सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और सरकार की पॉलिसी पर चर्चा करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को पूरी लगन से सरकार के ध्यान में लाया जाएगा और उनकी भलाई के लिए सही फैसले लेने की लगातार कोशिश की जाएगी। ग्रेवाल ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। कमीशन का मुख्य मकसद राज्य के अलग-अलग डिपार्टमेंट में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों की भलाई पक्का करना है। मीटिंग के दौरान, सफाई कर्मचारियों ने पंजाब सरकार की कोशिशों की तारीफ़ की और चेयरमैन के सामने अपनी अलग-अलग मांगें रखीं। चेयरमैन चंदन ग्रेवाल ने कर्मचारियों की सभी मांगों को ध्यान से सुना और भरोसा दिलाया कि कमीशन इन मांगों को सरकार तक पहुंचाने और जल्द से जल्द हल करवाने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों और अधिकारियों से आपस में तालमेल बनाकर काम करने की अपील करते हुए कहा कि मिलकर कोशिश करने से शहर के सफाई सिस्टम को और बेहतर, ज़्यादा कुशल और असरदार बनाया जा सकता है। इससे शहर के लोगों को एक हेल्दी और साफ़ माहौल देने में भी मदद मिलेगी। इस मौके पर मेयर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन कुंदन गोगिया, कमिश्नर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन पूजा सियाल, जॉइंट कमिश्नर सिमरप्रीत कौर के अलावा म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अधिकारी और सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए चाय श्रमिकों ने बढ़ाया मदद का हाथ, अपनी साप्ताहिक मजदूरी से जुटाए 55 हजार रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमिः** असम के शिवसागर, गोलाघाट समेत कई जिलों में आई भीषण बाढ़ के बीच शिलकुड़ी चाय बागान के श्रमिकों ने मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की है। बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए बागान के चार डिवीजन के श्रमिकों ने अपनी साप्ताहिक मजदूरी से करीब 55 हजार रुपये जुटाए हैं। 12 अगस्त बुधवार को शिलचर स्थित बराक चाय श्रमिक यूनियन के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में श्रमिकों की ओर से यह सहायता राशि यूनियन के महासचिव एवं उधारबंद के विधायक राजदीप ग्वाला को सौंपी गई। यह राशि असम मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराई जाएगी।

**चार डिवीजन के श्रमिकों का योगदान**

शिलकुड़ी मेन डिवीजन, भोराखाई, दुर्गाकोना और धरमखाल डिवीजन के श्रमिकों ने सामूहिक रूप से इस राशि का योगदान किया। प्रत्येक श्रमिक ने अपनी साप्ताहिक मजदूरी में से 100 रुपये राहत कार्य के लिए दिए। सीमित आय के बावजूद श्रमिकों द्वारा किए गए इस योगदान की कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में चारों डिवीजन के श्रमिक पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इनमें बड़कू गौड़, मिनी दुसाध सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल थे।

**'संकट की घड़ी में सभी आगे आएं'**

इस अवसर पर राजदीप ग्वाला ने कहा कि शिवसागर, गोलाघाट और राज्य के अन्य हिस्सों में बाढ़ की स्थिति गंभीर है। बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं और उन्हें तत्काल सहायता की जरूरत है। ऐसे संकट के समय समाज के हर वर्ग को अपनी क्षमता के अनुसार बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाय श्रमिकों की आय सीमित है, इसके बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से प्रति व्यक्ति 100 रुपये का योगदान देकर करीब 55 हजार रुपये जुटाए हैं। उन्होंने इस पहल को मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण बताया। ग्वाला ने कहा कि आने वाले दिनों में यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराई जाएगी और मुख्यमंत्री को भी चाय श्रमिकों की इस पहल की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने चारों डिवीजन के श्रमिकों, श्रमिक पंचायत प्रतिनिधियों और बागान प्रबंधन का विशेष आभार जताया। प्रबंधन ने भी की पहल की सराहना शिलकुड़ी, भोराखाई, दुर्गाकोना और धरमखाल चाय बागान के महाप्रबंधक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए विभिन्न लोग और संगठन आगे आ रहे हैं। इसे देखते हुए बागान के श्रमिकों ने भी राहत कार्य में योगदान देने की इच्छा जताई। उन्होंने बताया कि श्रमिकों ने बैठक कर अपनी साप्ताहिक मजदूरी से प्रति व्यक्ति 100 रुपये देने का निर्णय लिया। चारों डिवीजन के श्रमिकों के सहयोग से लगभग 55 हजार रुपये एकत्र हुए, जिसे बुधवार को यूनियन के महासचिव को सौंप दिया गया। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि सीमित आय के बावजूद श्रमिकों का बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आना बेहद सराहनीय है।शिलकुड़ी चाय बागान के श्रमिकों की यह पहल आपदा की घड़ी में सामाजिक जिम्मेदारी, एकजुटता और मानवीय संवेदना की मिसाल बनकर सामने आई है। अपनी मेहनत की कमाई से जरूरतमंदों की मदद कर श्रमिकों ने समाज के सामने एक सकारात्मक और प्रेरणादायी संदेश पेश किया है।

# जुलाई माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टिकट चेकिंग स्टाफ को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मंडल के टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष जांच अभियानों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए ?8.90 करोड़ का राजस्व अर्जित किया ।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, हरिमोहन के निर्देशन में निरंतर टिकट चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है । आज दिनांक 12.07.2026 को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री हरि मोहन द्वारा जुलाई -2026 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले टिकट चेकिंग स्टाफ को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। मंडल के टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष जांच अभियानों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए ?8.90 करोड़ का राजस्व अर्जित किया । इस अवसर पर शशिरंजन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक/टिकट चेकिंग एवं अम्बरीश कुमार राय, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/टिकट चेकिंग भी उपस्थित रहे। जुलाई 2026 में ओपन स्क्वाड श्रेणी में कार्यरत कर्मचारियों ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस श्रेणी में कुणाल कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक/प्रयागराज ने 952 मामलों में कार्रवाई कर ?10.09 लाख का राजस्व अर्जित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। संतोष कुमार, वाणिज्यक सह टिकट लिपिक ने ?9.98 लाख तथा राजकुमार यादव, मुख्य टिकट निरीक्षक ने ?9.24 लाख का राजस्व अर्जित कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अविनाश कुमार सिंह ,उप मुख्य टिकट निरीक्षक एवं रविकान्त तिवारी, उप मुख्य टिकट निरीक्षक ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एमेनिटी स्टाफ श्रेणी में विजय पाल, मुख्य टिकट निरीक्षक/प्रयागराज ने सबसे अधिक आय अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पोपट लाल मीणा, लज्जा राम मीणा, बीकेश कुमार सिंह, तथा कृष्णा कुमार चौरसिया ने भी सराहनीय कार्य किया। श्वेताम सिंह , उप मुख्य टिकट निरीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य करते हुये 891 मामलों में कार्रवाई करते हुए ?8.48 लाख का राजस्व अर्जित कर महिला टिकट चेकिंग कर्मचारियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

# गोवध के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना पुलिस ने गोवध के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुसुफ उर्फ सफिक पुत्र स्व. अब्दुल रशीद, निवासी ग्राम जमीलाबाद, कस्बा फूलपुर, थाना फूलपुर, कमिश्नरेट प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 12 अगस्त 2026 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संयुक्त पुलिस टीम ने थाना फूलपुर क्षेत्र के मुबारकपुर मोड़ के पास घेराबंदी की। इस दौरान वांछित अभियुक्त मुसुफ उर्फ सफिक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कर दी।

# तूफान में पेड़ की डाल गिरी, बाल-बाल बचे लोग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** मंगलवार की रात लगभग 10:30 बजे आए भयंकर बारिश और तूफान के कारण नैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत महेवा स्थित शुआट्स एग्रीकल्चर कॉलेज के गेट के बाहर एक यूकेलिप्टस पेड़ की बड़ी डाल टूटकर सड़क पर गिर गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेड़ के बगल में एक नीम का पेड़ और कुछ गुमटियां बनी हुई हैं। तूफान और भारी बारिश से बचने के लिए कुछ लोग नीम के पेड़ के नीचे शरण लिए हुए थे।गनीमत रही कि डाल टूटने से पहले 'चर-चर' की तेज आवाज आई।

# पिकअप चोरी की एफआईआर के लिए मांगे पांच हजार रुपये, थाना प्रभारी और हेड कांस्टेबल निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** पिकअप वाहन चोरी होने के बाद मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काट रहे पीड़ित से कथित तौर पर पांच हजार रुपये लेने के मामले में प्रयागराज पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मांडा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा और हेड कांस्टेबल उज्जवल कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, मांडा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की पिकअप गाड़ी चोरी हो गई थी। पीड़ित चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लगातार थाने के चक्कर काट रहा था। आरोप है कि मुकदमा दर्ज करने के नाम पर उससे पांच हजार रुपये लिए गए। इसके बावजूद पीड़ित को कार्रवाई के लिए परेशान होना पड़ा। मामले से परेशान पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत करने का निर्णय लिया। उसने पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया से मुलाकात कर पूरे मामले की लिखित शिकायत की और आरोप लगाया कि पिकअप चोरी होने के बाद एफआईआर दर्ज कराने के लिए उससे रुपये लिए गए। पीड़ित की शिकायत को पुलिस आयुक्त ने गंभीरता से लिया। मामले की जांच कराई गई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर मांडा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा तथा हेड कांस्टेबल उज्जवल कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों को निलंबित कर दिया गया।

# शहीद झूरी सिंह स्मारक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** देश की आजादी की प्रथम क्रांति 1857 के महानायक एवं भदोही के लाल अमर शहीद झूरी सिंह की स्मृतियों को संजोए उनका स्मारक स्थल पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की अपार संभावनाएं रखता है। यदि इस ऐतिहासिक स्थल को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाए तो यह न केवल जिले का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और शहीदों के बलिदान से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनेगा। शहीद झूरी सिंह के प्रपौत्र डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि शहीद झूरी सिंह स्मारक का शिलान्यास वर्ष 1981 में तत्कालीन मुख्यमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा किया गया था। यह स्मारक स्थल जनपद मुख्यालय ज्ञानपुर से लगभग सात किलोमीटर दूर लखनऊ रोड पर स्थित है। स्थान की सुगम पहुंच और यहां पहले से मौजूद विभिन्न सुविधाओं के कारण इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** बुधवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती (राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस) अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. रंगनाथन के जीवन एवं उनके अभूतपूर्व योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि 'डॉ. रंगनाथन ने भारत में पुस्तकालय प्रणाली को एक नई दिशा और वैज्ञानिक आधार प्रदान किया। आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकालय ज्ञान के सबसे प्रामाणिक और समृद्ध केंद्र हैं। विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक विकास के लिए पुस्तकालयों का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने 'पुस्तकालय विज्ञान के पाँच नियमों' की महत्ता को रेखांकित किया। । इस अवसर पर प्रोफेसर भास्कर शुक्ल, डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ अवधेश आर्या,डॉ अमित कुमार मिश्र,डॉ ऋषि प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ दो को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार मोबाइल में तमंचे से फायरिंग के वीडियो भी मिले हैं।पुलिस के मुताबिक, 11 अगस्त की रात करीब 11:50 बजे उपनिरीक्षक रवि कुमार हमराह हेड कांस्टेबल अजय सिंह और कांस्टेबल प्रेमचन्द्र के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बीपीसीएल कंपनी के पीछे रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर अचानक वाहन मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया।पूछताछ में पकड़े गए युवकों की पहचान जितेन्द्र मिश्रा (19) पुत्र प्रभाकर मिश्रा, मूल निवासी राजापुर गुड़मंडी, थाना राजापुर, चित्रकूट, हाल पता गीता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, एडीए, थाना नैनी, प्रयागराज तथा शिवनन्दन पाल (18) पुत्र बाबाराम पाल, निवासी मवैया, थाना औद्योगिक क्षेत्र, प्रयागराज के रूप में हुई।तलाशी के दौरान पुलिस ने जितेन्द्र के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। साथ ही एक मोबाइल फोन और बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली गई

# भाजपा नैनी मंडल द्वारा निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी नैनी मंडल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों के साथ नगरवासियों में राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर अभिलाष गुप्ता नंदी एवं प्रदेश मंत्री सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।यात्रा के हनुमान नगर पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम जायसवाल,पार्षद अनूप पासी,पार्षद राकेश जायसवाल, नामित पार्षद दिलीप केसरवानी, मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, जय कृष्ण तिवारी एवं धर्मराज पटेल सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के तत्वावधान में धनाराघाट से एकोत्तरनाथ धाम तक निकली ऐतिहासिक यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी, पीलीभीत के तत्वावधान में मंगलवार को प्रथम विशाल डाक कांवड़ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ निकाली गई। धनाराघाट से पवित्र जल लेकर शिवभक्त एकोत्तरनाथ धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल रहे। 'हर-हर महादेव ', 'बोल बम' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भगवा ध्वजों के साथ निकली यात्रा ने क्षेत्र में सनातन संस्कृति, धार्मिक एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। यात्रा में प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण शर्मा, जिला अध्यक्ष पालेंद्र शर्मा, जिला संगठन मंत्री अजय कुशवाहा, नगर प्रमुख शिवम् सिंघल तथा शाहजहांपुर जिला अध्यक्ष ब्रज गोपाल सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा विशाल भारती, विशाल, गौरव, प्रतीक खंडेलवाल, हिमांशु प्रताप सिंह, सचिन द्विवेदी, मोनू शर्मा, संदीप शर्मा, आशीष मिश्रा, राजेश वर्मा, राजकिशोर, भारत, दीपक कुशवाहा, अभिषेक, अमित पाल, प्रदीप वर्मा, राजपाल सक्सेना, सुनील, अजयपाल, शिवम कुमार, संदीप कुमार वर्मा, सुशील, सूरज, सचिन सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने यात्रा में सहभागिता की। अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी ने यात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में सहयोग के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग मिला। प्रशासन और पुलिस के सहयोग से यह ऐतिहासिक यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। आयोजकों ने कहा कि प्रथम विशाल डाक कांवड़ यात्रा आस्था, अनुशासन, सेवा और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण की मिसाल बनी है। यह यात्रा आने वाले वर्षों में क्षेत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद की जाएगी।

# खेतों में जलभराव से फसल बर्बाद होने का खतरा

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** खेतों में जल भराव से फसल बर्बाद होने का खतरा बना हुआ है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन भेजा है। तहसील क्षेत्र के ग्राम बालावनी में बरसात के पानी से करीब 20 एकड़ कृषि भूमि जलमग्न होने का मामला सामने आया है। खेतों में पानी भरा रहने से किसानों को फसल बर्बाद होने की चिंता सताने लगी है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वुधवार दोपहर डेढ़ बजे अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को तहसीलदार पूरनपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि गुरजन्ट सिंह पुत्र हरभजन सिंह और जितेन्द्र सिंह पुत्र गुरवचन सिंह सहित अन्य किसानों के खेतों में करीब दो फुट तक बरसात का पानी भरा हुआ है। पानी की निकासी न होने के कारण खेतों में ही जलभराव बना हुआ है। किसानों के अनुसार, पानी निकासी के लिए पहले सरकारी पाइप पड़ा था, लेकिन आरोप है कि पड़ोसी काश्तकार ने उसे हटवाकर वहां खड़ंजा लगवा दिया, जिससे पानी की निकासी बंद हो गई। भाकियू के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए 6 अगस्त को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मांग की कि तत्काल जल निकासी कराकर किसानों की फसलों को बचाया जाए और स्थायी समाधान के लिए पक्की पुलिया का निर्माण कराया जाए। कार्रवाई न होने पर किसानों ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह की मौजूदगी में सौंपा गया।

# शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर सपाईयों ने की बैठक

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव की रणनीति पर विचार करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच जाकर प्राप्त हुए अनुभवों को साझा किया।

नगर के एक बैंक्वेट हॉल में बुधवार दोपहर एक बजे समाजवादी पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीसलपुर के पूर्व विधायक अनीस अहमद उर्फ फूलबाबू शामिल हुए। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में आगामी बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर भी रणनीति पर मंथन किया गया। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं। सपा पदाधिकारियों ने भी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गयी।

बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करने की अपील की। बैठक को आगामी चुनावी तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में राजकुमार राजू, अशोक राजा, हाजी रियाजत नूर खान पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव, अजय भारती, राजकुमार पासवान, रमेश राजा, अशोक सिंह, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष फरहत खान, इमरान बली खान, शोएब खान उर्फ फूल बाबू, जैगम रजा खान, नजमुल हसन खान, नावेद अली मंसूरी, अहीद खान, मुजाहिद इस्लाम सहित सैकड़ो की संख्या में सपाकार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# प्रतिबंध के बावजूद नहर की झालों पर हो रहा अवैध मछली शिकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** प्रत्येक वर्ष 15 जून से 15 नवंबर तक प्रजनन काल के दौरान नहरों, नदियों, तालाबों आदि स्थानों से मछली का शिकार पूर्णतया प्रतिबंधित हो जाता है । इसके बावजूद भी नहर की झालों पर सिंचाई विभाग और पुलिस के मूक दर्शक बने रहने के चलते पट्टा लगाकर लगातार अवैध मछली का शिकार किया जा रहा है। इस मामले में स्थानीय लोग जिम्मेदारों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का इंतजार कर रहा है। प्रजनन काल व सावन माह में मांस-मछली की बिक्री पर प्रशासन की सख्ती के दावों के बीच हरदोई ब्रांच नहर की झालों पर रात के समय मछली के अवैध शिकार का मामला सामने आया है। आरोप है कि मछली प्रजनन काल में शिकारी नहर की झालों पर पट्टा लगाकर बड़े पैमाने पर मछलियों का शिकार कर रहे हैं। इसके बाद पकड़ी गई मछलियों की बिक्री और तस्करी किए जाने की बात कही जा रही है। मामले में घुंघचाई पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि हरदोई ब्रांच नहर घुंघचाई थाना क्षेत्र से होकर गुजरती है। डूंडा पुल से करीब 500 मीटर उत्तर दिशा में जमुनिया झाल सहित दियूरिया रेंज के टूटे पुल तक कुछ-कुछ दूरी पर पक्की झालें बनी हैं। ग्रामीणों के मुताबिक शाम ढलते ही इन स्थानों पर शिकारी सक्रिय हो जाते हैं। नहर की दोनों पट्टियों पर जाल व अन्य साधनों से मछली पकड़ने का काम शुरू कर देते हैं। दिन में कार्रवाई से बचने के लिए रात में शिकार किए जाने का आरोप है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि झालों के आस-पास शाम होते ही शराब पीने वालों की भी भीड़ जुटने लगती है। इससे यहां का माहौल भी खराब हो रहा है। ब्रिटिश काल में निर्मित ये झालें कभी आकर्षण का केंद्र हुआ करती थीं, लेकिन अब कथित अवैध शिकार के चलते इनके अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। आरोप है कि शिकारी झालों में पट्टे लगाने के साथ-साथ उनके हिस्सों को क्षतिग्रस्त भी कर रहे हैं। बताते चलें कि नहर और झालों की देखरेख की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है। इसके बावजूद झालों पर कथित रूप से लगातार अवैध गतिविधियां संचालित होने से विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि रात में नियमित निगरानी की जाए तो अवैध मछली शिकार पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जा सकती है।सावन माह में मछली बिक्री को लेकर प्रशासन की सख्ती के बीच नहर में हो रहे कथित अवैध शिकार को लेकर बजरंग दल सहित स्थानीय लोगों की भी नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है। लोगों का सवाल है कि रात में सक्रिय इन शिकारियों पर पुलिस और संबंधित विभाग कब कार्रवाई करेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने नहर की झालों पर रात में संयुक्त गश्त और अवैध शिकार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# भाकपा माले ने बदहाल सड़क, सफाई और आवास सहित सात मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन


**पूरनपुर (पीलीभीत)।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार दोपहर ब्लॉक परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न स्थानीय समस्याओं और मजदूरों से जुड़ी मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर पालिका चौराहे से राजीव नगर तक जर्जर हो चुकी सड़क का निर्माण कराने और दोनों ओर नाला बनवाने की मांग की गई। साथ ही पूरनपुर देहात को नगर पालिका में शामिल करने तथा शेरपुर कलां को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग उठाई गई। पूरनपुर देहात और शेरपुर कलां में बदहाल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर नालियों व नालों की सफाई कराने पर भी जोर दिया गया। संगठन ने आवास सूची से वंचित गरीबों को सूची में शामिल कर आवास देने तथा नए कानून के तहत जॉब कार्ड के लिए दिए गए आवेदनों पर तत्काल जॉब कार्ड जारी करने की मांग की।

# समेसी उपकेंद्र की अघोषित कटौती से 200 गांवों की ढाई लाख आबादी बेहाल

## ......रोस्टर से हटकर बिजली कटौती और बार-बार ब्रेकडाउन से बढ़ी परेशानी, रात शिट के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नगराम।** समेसी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े करीब 200 गांवों की ढाई लाख आबादी इन दिनों अघोषित बिजली कटौती से परेशान है। भीषण गर्मी में निर्धारित रोस्टर के विपरीत बिजली कटौती और बार-बार आपूर्ति बाधित होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उपकेंद्र के कुछ कर्मचारी मनमाने तरीके से बिजली आपूर्ति बाधित कर रहे हैं। शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक दिन और रात में कई बार बिजली गुल होने से घरों में पंखे, कूलर, समर्सिबल और वाटर पंप बंद हो जाते हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली आने के बाद भी वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की समस्या बनी रहती है। मंगलवार रात करीब 12 बजे हुसैनाबाद के पास हाईटेंशन लाइन का जंफर जल गया। आरोप है कि रात की शिफ्ट में तैनात कर्मचारियों ने समय रहते फाल्ट दूर नहीं किया, जिससे करीब 50 गांवों की बिजली रातभर बाधित रही। अवर अभियंता की फटकार के बाद सुबह जंफर बांधकर आपूर्ति बहाल की गई। इसके बाद बुधवार सुबह 7:48 बजे बहरौली फीडर की लाइन में सीपीएल कॉलेज के पास कौआ चिपकने से ब्रेकडाउन हो गया। करीब एक घंटे बाद कौआ हटाने के बावजूद फाल्ट बना रहा। कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग शुरू की और सुबह करीब 10:30 बजे बड़ेहा को छोड़कर अन्य गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि बड़ेहा में पेड़ की डाल गिरने के कारण लाइन होल्ड नहीं कर पा रही थी। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने और बार-बार होने वाले फाल्ट का स्थायी




**शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक दिन और रात में कई बार बिजली गुल होने से घरों में पंखे, कूलर, समर्सिबल और वाटर पंप बंद हो जाते हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली आने के बाद भी वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की समस्या बनी रहती है। मंगलवार रात करीब 12 बजे हुसैनाबाद के पास हाईटेंशन लाइन का जंफर जल गया।**

# सोशल मीडिया पर खबर वायरल होते ही पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मुकदमा

## ........दुकान का शटर तोड़कर तीन लाख रुपये और पान मसाला चोरी करने का आरोप, पीड़ित कई दिनों से लगा रहा था कार्रवाई की गुहार ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के फत्तेखेड़ा गांव में दुकान का शटर तोड़कर करीब तीन लाख रुपये और पान मसाला चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित दुकानदार का आरोप है कि वह घटना के बाद से कनकहा चौकी के चक्कर लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहा था, लेकिन उसे लगातार टरकाया जाता रहा। चोरी की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। फत्तेखेड़ा निवासी राम प्रताप पुत्र राम किशुन के मुताबिक बीती शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान के शटर का ताला तोड़ दिया। चोर दुकान के अंदर रखी पान मसाले की बोरी, गल्ले में रखे एक हजार रुपये और मिट्टी की गुल्लक में रखे करीब तीन लाख रुपये चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी और कनकहा चौकी पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस की ओर से तत्काल कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उसने अधिकारियों से शिकायत की। इसी बीच चोरी की घटना से जुड़ी खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। खबर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा और आनन-फानन में मोहनलालगंज पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### इलेक्ट्रॉनिक सर्विस की दुकान भी बनी निशाना

बताया जा रहा है कि इसी रात मोहनलालगंज के गौरा तिराहे पर स्थित मो. दानिश की इलेक्ट्रॉनिक सर्विस की दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। यहां से टूल किट बैग और कॉपर पाइप चोरी किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस दोनों घटनाओं को लेकर जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राहुल जायसवाल

**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार सोमेश्वर मंडल के संयोजक प्रदीप महरा शास्त्री के नेतृत्व में बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बाइक पर सवार होकर हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। तिरंगा यात्रा पार्षद अरैल के आवास से प्रारंभ होकर कुशवाहा नगर, मुरादपुर, करबला, लोकपुर, अरैल मोड़, काटन मिल तिराहा, शंकर ढाल और मेवालाल की बगिया होते हुए हाईटेक सिटी के समीप जायसवाल नगर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। रास्ते में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और पूरे मार्ग पर लहराते तिरंगों की छटा देखते ही बन रही थी यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवशंकर दीक्षित पूर्व प्रधान चक इमाम अली, मुरलीधर निषाद प्रधान मवैया, प्रमोद निषाद उपाध्यक्ष सोमेश्वर मंडल, आशीष पाण्डेय, अखिलेश तिवारी, लल्लू कुशवाहा,, आलोक शर्मा, बब्लू शर्मा, अनिल मिश्रा, आशीष मिश्रा, बृजेश जोशी, शिव तिवारी, मुकेश तिवारी, सुरेश कुशवाहा, अश्वनी कुशवाहा, रामानंद यादव, कुलदीप तिवारी, गया प्रसाद बिंद, , जीत कैथवास, वीरेंद्र भारतीय, अनिल निषाद, मोहित निषाद, शुभम मझवार चाड़ी सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जागृत गृहणी तिनिश के तत्वावधान में तीज, स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी का हुआ भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** जागृत गृहणी तिनिश के तत्वावधान में संस्था की अध्यक्ष संगीता सिंघल के आवास पर तीज, स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का संयुक्त कार्यक्रम हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े विभिन्न रंग देखने को मिले। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं भगवान श्रीकृष्ण के स्मरण के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने तीज के पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए तथा आपस में शुभकामनाएं देकर पर्व की खुशियां साझा कीं। महिलाओं ने श्रृंगार, पारंपरिक परिधान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से तीज की परंपरा को जीवंत किया। आगामी स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति की भावना भी देखने को मिली। महिलाओं ने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर चर्चा की। इस दौरान सभी ने राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प भी लिया। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, उनके जीवन संदेश और धर्म की स्थापना के लिए दिए गए उपदेशों को याद किया गया। महिलाओं ने श्रीकृष्ण के भजनों एवं गीतों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर रेनू खुराना, उमा शर्मा, प्रवेश महाजन, कांति खंडेलवाल, मीरा गुप्ता, संध्या गुप्ता, किरण गुप्ता, अनुसूईया सिंह, मधु खंडेलवाल एवं मंजू सहित संस्था से जुड़ी अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए इसे यादगार बनाया। संस्था अध्यक्ष संगीता सिंघल ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पहचान हमारे पर्व और त्योहार हैं। तीज महिलाओं के प्रेम, सौहार्द और पारिवारिक सुख-समृद्धि का पर्व है, वहीं स्वतंत्रता दिवस हमें देश के लिए किए गए बलिदानों की याद दिलाता है और जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों एवं उनके संदेश को जीवन में उतारने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि जागृत गृहणी तिनिश का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना तथा समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से ही ऐसे कार्यक्रम सफल होते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज, स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे की भावना के साथ हुआ। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा तथा सभी महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन करते रहने की बात कही।



# ग्राम पंचायत शिवनगर में निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील के साथ ग्राम प्रधान (प्रशासक) प्रतिनिधि के नेतृत्व में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार को ग्राम पंचायत शिवनगर प्रधान (प्रशासक) प्रतिनिधि संजय शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम पंचायत शिवनगर में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी रामकिशोर ने लोगों को अपनी दुकानों और मकान पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम प्रधान व सचिव ने गांव के घर-घर जाकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया। दोनों लोगों ने संयुक्त रूप से ग्रामीणों से अपील की कि 17 अगस्त तक अपने-अपने प्रतिष्ठानों और घरों पर तिरंगा लगाकर हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता करें। इस मौके पर ग्राम पंचायत शिवनगर के सचिव रामकिशोर ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा लगाते समय उसकी गरिमा और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए। ग्राम प्रधान (प्रशासक) प्रतिनिधि संजय शुक्ला ने ग्रामवासियों से कहा कि 17 अगस्त के बाद तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना बताया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत सहायक आदि भी मौजूद रहे।



# डीएम के निर्देश पर जहानाबाद में अभियान चलाकर 04 बालकों को बालश्रम से कराया गया मुक्त


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के सहयोग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला के निर्देशन में जहानाबाद में बालश्रम उन्मूलन हेतु संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 04 बालकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान मेडिकल, किराना स्टोर, कपड़ों की दुकानों, स्टील वर्क्स आदि पर कार्यवाही करते हुए 04 प्रतिष्ठानों के सेवायोजनो के विरुद्ध श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा विभागीय कार्यवाही करते हुए निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई। बालश्रम से मुक्त कराए गए एक बालक को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु चिन्हित किया गया। संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम से मुक्त कराए गए सभी बालकों को बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा सभी बच्चों के परिजनों को भविष्य में बाल श्रम ने कराने की हिदायत देते हुए सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला ने बताया कि बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 अंतर्गत खतरनाक प्रक्रिया में दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध एक वर्ष तक की सजा या 50000 रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। साथ ही उक्त बच्चों के परिजनों को पात्रता को स्थिति होने पर लेबरकार्ड भी बनवाकर विभागीय योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। संयुक्त अभियान में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, थाना एचटी प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह, अमित, मा0 संध्या संयुक्त रूप से की गई कार्यवाही में मौजूद रहे।



# वन विभाग की टीम ने कजरी निरंजनपुर गौशाला से रेस्क्यू किया तेंदुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** कजरी निरंजनपुर स्थित गौशाला में बुधवार को तेंदुआ दिखाई देने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की खुटार रेंज की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को सुरक्षित पकड़ लिया। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों और गौशाला कर्मियों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू अभियान खुटार रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी आरएफओ दिनेश बडोला के नेतृत्व में चलाया गया। टीम में बीट प्रभारी दीपक कुमार, वन रक्षक प्रियंका, अमनदीप, योगिंदर और आशीष शुक्ला शामिल रहे। इसके अलावा सेक्शन प्रभारी अनिल कुमार वर्मा तथा न्यूनतम वेतन कर्मचारी सुभाष, गोविंद, बाहोरन, आलोक और रामपाल समेत अन्य कर्मचारियों ने अभियान में सहयोग किया। वन विभाग की टीम ने सावधानीपूर्वक रणनीति बनाकर तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू किया। अभियान के दौरान आसपास मौजूद लोगों को मौके से दूर रखा गया, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। सफल रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम तेंदुए को अपने साथ ले गई। तेंदुआ पकड़े जाने से क्षेत्र में बनी दहशत भी कम हुई है।

# धारा 80 के नोटिस से राजस्व आदेश पर उठे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** वाद संख्या 7992/2024 एवं कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202412560307992 में दिनांक 19 मई 2026 को पारित आदेश को लेकर अब मामला कानूनी मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। थाना सेहरामऊ उत्तरी अंतर्गत आने वाले ग्राम जगतपुर निवासी पंकज कुमार सिंह ने जिलाधिकारी पीलीभीत के माध्यम से नायब तहसीलदार (उत्तरी) पूरनपुर को धारा 80, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत वैधानिक नोटिस डाक के माध्यम से भेजा है। नोटिस में 19 मई 2026 के आदेश पर अधिकार क्षेत्र, प्राकृतिक न्याय, आवश्यक पक्षकारों को अवसर, कारणयुक्त आदेश तथा स्वामित्व संबंधी निष्कर्ष को लेकर गंभीर कानूनी आपत्तियां उठाई गई हैं। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि संबंधित कार्यवाही उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 34 के अंतर्गत नामांतरण से संबंधित थी, लेकिन आदेश में विवादित भूमि के स्वामित्व को लेकर ऐसा निष्कर्ष दिया गया, जिसे नोटिसकर्ता ने राजस्व न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से परे बताया है। पंकज कुमार सिंह का कहना है कि नामांतरण कार्यवाही में स्वत्व/टाइटल का अंतिम निर्धारण सक्षम सिविल न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का विषय है। इसी आधार पर उन्होंने आदेश में अधिकार क्षेत्र के कथित अतिक्रमण पर सवाल उठाया है। नोटिस में एक महत्वपूर्ण आपत्ति यह भी उठाई गई है कि आदेश में एक ओर यह माना गया कि नामांतरण कार्यवाही में स्वत्व का निर्धारण नहीं होता, जबकि दूसरी ओर विवादित भूमि के स्वामित्व एवं संस्था के अधिकार को लेकर निष्कर्ष दिया गया। नोटिसकर्ता ने इसे आदेश का 'सेल्फ- कांट्रडिक्ट्री' अर्थात स्वविरोधी स्वरूप बताते हुए पुनर्विचार की मांग की है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि वाद पत्रावली को एक न्यायालय से दूसरे न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने के बावजूद स्थानांतरण का कारण, विधिक आधार और संबंधित आदेश स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया। इसके साथ ही आवश्यक पक्षकारों को न्यायालय परिवर्तन की जानकारी तथा विधिसम्मत समन/नोटिस दिए जाने को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। नोटिस में कहा गया है कि मूल खातेदार अर्जुन सिंह की मृत्यु के बाद उनके विधिक उत्तराधिकारियों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज थे। ऐसे में उनके अधिकार प्रभावित करने वाला कोई आदेश पारित करने से पहले उन्हें आवश्यक पक्षकार बनाकर पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए था। पंकज कुमार सिंह ने नोटिस में इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत–ऑडी अल्टेरम परटेम के संदर्भ में महत्वपूर्ण आपत्ति बताया है। विवादित भूमि के बैंक में बंधक होने के तथ्य का उल्लेख करते हुए नोटिस में कहा गया है कि यह तथ्य राजस्व अभिलेखों में दर्ज था और इसी कारण संस्था के नाम पूर्व में नामांतरण नहीं हो सका था। नोटिसकर्ता का आरोप है कि आदेश में बंधक संबंधी आपत्ति का उल्लेख तो किया गया, लेकिन उसके विधिक प्रभाव का पर्याप्त एवं कारणयुक्त परीक्षण नहीं किया गया। नोटिस में पंकज कुमार सिंह ने दावा किया है कि उनके द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों में संस्था के अधिकार, बंधक, कब्जा, भुगतान, विक्रय विलेख तथा कथित छल एवं विश्वासघात सहित कई महत्वपूर्ण तथ्य और कानूनी प्रश्न उठाए गए थे। उनका आरोप है कि अंतिम आदेश में इन सभी आपत्तियों का पृथक-पृथक और कारणयुक्त परीक्षण नहीं किया गया। नोटिस में यह भी तर्क दिया गया है कि यदि किसी तिथि पर वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं थे और अवसर समाप्त कर दिया गया था, तब भी न्यायालय के समक्ष उपलब्ध दस्तावेजों, आपत्तियों और साक्ष्यों का निष्पक्ष परीक्षण किया जाना आवश्यक था। नोटिसकर्ता ने कहा है कि किसी पक्ष की अनुपस्थिति मात्र से रिकॉर्ड पर उपलब्ध दस्तावेजों एवं साक्ष्यों का महत्व समाप्त नहीं हो जाता। धारा 80 सीपीसी के तहत भेजे गए नोटिस में संबंधित अधिकारियों से 19 मई 2026 के आदेश की विधिसम्मत समीक्षा, कथित अधिकार क्षेत्र से बाहर दिए गए निष्कर्षों की जवाबदेही निर्धारित करने तथा वैधानिक अधिकारों को हुई क्षति के प्रतिकार की मांग की गई है।

नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि नोटिस प्राप्त होने के बाद निर्धारित अवधि में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर पंकज कुमार सिंह सक्षम सिविल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय अथवा अन्य सक्षम न्यायिक मंच के समक्ष घोषणा, क्षतिपूर्ति एवं अन्य उपयुक्त विधिक राहतों के लिए कार्यवाही शुरू करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिलाधिकारी के माध्यम से नायब तहसीलदार (उत्तरी), पूरनपुर तक पहुंचने वाले इस वैधानिक नोटिस पर राजस्व प्रशासन की ओर से क्या कार्रवाई या जवाब दिया जाता है।